श्रीः ।

श्रीमद्वराहमिहिराचार्यप्रणीता

वाराही (बृहत्) संहिता

पंडितसुखानन्दमिश्रात्मज, मुरादाबाद-निवासी
पंडितवर बलदेवप्रसादजी मिश्रकृत-
भाषानुवादसहित ।

खेमराज श्रीकृष्णदास,
अध्यक्ष-"श्रीवेंकटेश्वर" स्टीम्-प्रेस,
बम्बई.

मुद्रक और प्रकाशक-

खेमराज श्रीकृष्णदास,

अध्यक्ष-"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-प्रेस, बम्बई.

समर्पण.

सर्वगुणागार, विद्याभाण्डार, वैद्यकशास्त्रेषु कृतभूरिपारिश्रम, विविधग्रंथोद्धारक, देशोपकारक, परममाननीय वैद्यवर श्रीमान्

लालाशालिग्रामजी समीपेषु.

महोदय !

आप सदाही मेरे ऊपर कृपादृष्टिकी वृष्टि किया करते हैं। आपका प्रेम सर्वदाही हम तीनों भ्राताओंको आनंद किया करता है। जब कभी संसारी झगडोंसे घबडाकर व्याकुल हुआ करता हूँ, जब कभी सांघातिक रोगोंसे शरीर अवसन्न होता है, जब कभी मर्म वेदनासे हृदयपिंड उत्पाटित होना चाहता है, तब २ आपही समझा बुझाकर, गोदीमें बिठलाकर प्यारसे पुचकारकर व सर्व प्रकारसे चिकित्सा करके मुझको आरोग्य किया करते हैं। गतवर्ष आपहीके अनुग्रहसे प्राणदान पाया, आप मुझपर पुत्रसे भी अधिक स्नेह करते हैं, सहस्रों रोगियोंको विना मूल्यके औषधि वितरित करके व आरोग्यकरके वास्तवमें आप संसारका महोपकार साधन कर रहे हैं। अतएव उपरोक्त कृतज्ञताके वशीभूत हो यह "वाराहीसंहिता" नामक बृहद्ग्रंथ भाषानुवादसमेत आपके करकमलमें समर्पित है। कृपापूर्वक अंगीकार करके मेरा परिश्रम सफल कीजिये।

अकिञ्चन,

भाद्रपद शुक्ल १० संवत् १९४९ — बलदेवप्रसाद मिश्र. मुरादाबाद.

भूमिका ।

[व]राहीसंहिता ज्योतिषका प्रधान ग्रंथ है। इसके रचयिता वराहमिहिराचार्य [आदि]त्यदासके पुत्र थे जो कि अवन्तीनिवासी थे। वराहमिहिराचार्यने अपने [पिता]से समस्त शास्त्रको पढकर कपित्थनगरमें जाकर सूर्यभगवान्‌की तपस्या की [और] वर पाया। जो कुछ भी हो हमको इस ग्रन्थकी भूमिकामें वराहमिहिर और [सि]द्धान्तके बनानेवाले समयका निर्णय करना है। क्योंकि इन लोगोंके समयका [निरूप]ण हो जानेसे और भी अनेक ज्योतिर्विद्गणोंके समयका निरूपण हो जायगा। [वराह]मिहिराचार्यने अपने पंचसिद्धान्तिका नामक ग्रन्थमें लिखा है:-

आश्लेषार्द्धाद्दक्षिणमुत्तरायणं रवेर्धनिष्ठाद्यात् ।
नूनं कदाचिदासीद्येनोक्तं पूर्वशास्त्रेषु ॥ १ ॥
साम्प्रतमयनं सवितुः कर्कटाद्यान्मृगादितश्चान्यत् ।
उक्ताभावे विकृतिः प्रत्यक्षपरीक्षणैर्व्यक्तिः ॥ २ ॥
दूरस्थचिह्नवेधादुदयेऽस्तमयेऽपि वा सहस्रांशोः ।
छायाप्रवेशनिर्गमचिह्नैर्वा मण्डले महति ॥ ३ ॥
अप्राप्य मकरमर्को विनिवृत्तो हन्ति सापरान् याम्यान् ।
कर्कटकमसम्प्राप्तो विनिवृत्तश्चोत्तरान् सैन्द्रीम् ॥ ४ ॥
उत्तरमयनमतीत्य व्यावृत्तः क्षेमस्य वृद्धिकरः ।
प्रकृतिस्थश्चाप्येवं विकृतिगतिर्भयकृदुष्णांशुः ॥ ५ ॥

[आ]श्लेषाके शेषार्द्धमें दक्षिणायन और धनिष्ठाकी आदिमें रविका उत्तरायण [निश्चय] किसी कालमें आरम्भ होता था क्योंकि पूर्व शास्त्रमें इसी प्रकारका लेख है ॥ [१] ॥ सम्प्रति रविका दक्षिणायन कर्कटकी आदिमें और उत्तरायण मकरकी [आदि]में आरम्भ होता है, अतएव प्राचीन अयनके अभावमें उसका परिवर्तन [इस] भांति मालूम होता है ॥ २ ॥ (अयनके बदलको जाननेकी विधि) सूर्यके [उदय] व अस्तके समय दूरके चिह्न (नक्षत्रादि) से यह जाने, अथवा बृहन्मंडलकी [मध्य]स्थ कीलककी) छायाके नियत चिह्नोंसे प्रवेश और निर्गम करके जाने ॥३॥ [उत्तराय]णमें मकरतक न जाकरके लौट आनेपर दक्षिण पश्चिमदिशा और दक्षिणाय[नमें] कर्कटतक न जाकर लौटनेसे उत्तर पूर्व दिशा नष्ट होती है ॥ ४ ॥ मकरकी [आदि]में गमन करके लौट आनेसे सूर्य मंगलदायक होता है और यही उसकी [प्रकृति] गति है, इससे विकृति गति हो तो सूर्य अमंगलदायक होता है ॥ ५ ॥

वराहमिहिराचार्यके पहले दो श्लोकोंसे हमको दो ज्योतिषियोंके समय सहायता मिलती है। प्रथम पूर्वशास्त्रकारि और दूसरे स्वयं वराहमिहिराचा टीकाकार भट्टोत्पलने पूर्वशास्त्रके अर्थमें पराशरसंहिताको लिखा है। इ शास्त्रसे ऋतुके अवस्थाविषयक वचनोंकोभी टीकामें उद्धृत किया है।

यथा,-"धनिष्ठाद्यात् पौष्णार्द्धान्तं चरः शिशिरः । वसन्तः पौष्णार्द्धा न्तम्। सौम्याद्याश्लेषार्द्धान्तं ग्रीष्मः। प्रावृडाश्लेषार्द्धात् हस्तान्तम्। चित्राद्य र्द्धान्त शरत्। हेमन्तो ज्येष्ठार्द्धात् श्रवणान्तम्।

धनिष्ठाकी आदिसे रेवतीके पूर्वार्द्धतक शिशिर काल है। रेवतीके शेष णीके शेषतक वसन्तकाल है। मृगशिराकी आदिसे आश्लेषाके पूर्वार्द्धतक है। आश्लेषाके शेषार्द्धसे हस्तके शेषतक वर्षाकाल है। चित्राकी आदि पूर्वार्द्धतक शरत्काल है। ज्येष्ठाके शेषार्द्धसे श्रवणके शेषपर्यन्त होता है।

राशिचक्रके सत्ताईस भाग हैं। प्रत्येक भागमें एक एक नक्षत्र Const रहता है, अतएव प्रत्येक नक्षत्रका व्याप्तिस्थान राशिचक्रके १३ अंश कलाको आधे कम कर रहा है। वसन्तकालमें राशिचक्रके जिस स्थान हैं तब दिनरात समान होता है। उसहीको मेषराशिकी आदि मानो स्थानमें हमारे ज्योतिषका योगतारा रेवती और पश्चिमी ज्योतिषका स्थित है. सूर्यसिद्धान्तके मतसे योगतारा रेवती राशिचक्रकी ३५९०- रहता है। परन्तु ब्रह्मगुप्तादिक मतसे रेवती ३६० अंशमें अर्थात् आदिमें रहता है। ज्योतिषियोंके निरूपित किये नक्षत्रोंके ध्रुवक अक्षांश स्थानमें प्रकाशित किये जायँगे।

नीचे लिखी हुई सूचीके देखनेसे प्रकाशित हो जायगा कि पराशरव की हुई समस्त ऋतुएँ राशिचक्रके किस २ स्थानको अधिकार किये हु

आरंभ				शेष			ऋतु.
२८३.	अंश	२०'	कलासे	३५३.	२०'	तक	शिशिर
३५३.	,,	२०'	,,	५३.	२०'	,,	वसन्त
५३.	,,	२०'	,,	११३.	२०'	,,	ग्रीष्म
११३.	,,	२०,	,,	१७३.	२०'	,,	वर्षा
१७३.	,,	२०'	,,	२३३.	२०'	,,	शरत्
२३३.	,,	२०'	,,	२९३.	२०'	,,	हेमन्त

वराहमिहिरके समयमें सब ऋतु राशिकी आदिमें आरम्भ होती थ राशिचक्रके २७० अंशतक होनेपर उनके समयमें शिशिरऋतुका हुआ था। अर्थात् पराशरसंहिताके लिखनेवालेके समयसे वराह

क अयन (२९३. २०–२७०) =२३ अंश २० कला पहले अग्रसर हुआ है। सका अर्थ यह है कि संहिताकारके समय ऋतुका जो बदल होता था, वराहका मय उसकी अपेक्षा ऋतुके २३–२० पहले बदल रहा है। इस गतिको अंग्रेजीमें मरात्रिदिवाबिन्दु या क्रान्तिपातके पूर्वमें अग्रसरण कहते हैं। अंग्रेजी गणितके तसे क्रान्तिपातकी वात्सरिकगति ५०१ विकला है, अतएव २३–२० विकला गिसे १६७६ वर्ष बीतते हैं इस कारण अंग्रेजी गणितके मतसे दोनों ज्योति षियोंके बीचमें इतने वर्षकी संख्याका अन्तर दिखाई देता है। वराहमिहिराचार्यका मय भलीभांतिसे निश्चय होनेपर जाना जायगा कि पराशर किस समय हुए थे।

अब यह देखना चाहिये कि वराहमिहिराचार्यके समयसे वर्त्तमानकालतक अयन कतने अंश पूर्वमें आगे बढा है। वंगदेशकी पंजिकाओंके देखनेसे ज्ञात होता है कि शकशब्द १८१९ के प्रारंभमें अयन–२०–५४–३६ विकला पूर्वमें आगे बढा है अर्थात् वर्त्तमानसमयमें समस्त ऋतु वराहके समयमें उक्त अंशपूर्वमें आरम्भ होती हैं। वर्त्तमान राशियोंके निर्णीत हो जानेसे राशि और मासका परस्परमें सम्बन्ध हो गया है। अतएव अयनांशको राशियोंमें योग करनेसे वर्त्तमान समयका सूर्य स्पष्ट सिद्ध होता है।

वंगदेशकी पंजिका–साधित ऋतु इस प्रकारसे प्रकाश की जा सकती हैं।

मास.	आरम्भ.	ऋतु	मन्तव्य
१० पौष	मकर	शिशिर	Winter Solstice.
१० माघ	कुम्भ		
१० फाल्गुन	मीन	वसंत	उत्तरायण.
१० चैत्र	मेष		क्रान्तिपात Vernal Equinor
१० वैशाख	वृष	ग्रीष्म	Summe Solstice.
१० ज्येष्ठ	मिथुन		
१० आषाढ	कर्क	वर्षा	
१० श्रावण	सिंह		दक्षिणायन.
१० भाद्रपद	कन्या	शरत्	क्रान्तिपात Autumnal
१० आश्विन	तुला		
१० कार्तिक	वृश्चिक	हेमंत	Equinox.
१० मार्गशिर	धन		

अतएव वात्सरिकगति ५४ विकला रखनेसे बंगाली पत्रोंमें लिखे हुए अंश अग्रसरसे अयनके १३९४ वर्ष बीतते हैं, अतएव उपरोक्त पत्रोंके मतसे वराह और सूर्यसिद्धांतलेखकका समय ४२१ शकाब्द ज्ञात होता है। हमारे देशके पत्रा।

भिन्न २ अयनांश दिये हैं। उनमेंसे किसीके मतसे वर्त्तमान वत्सरके अ
२२-५३ हैं। किसीके मतसे २२-३९ हैं। किसीका मत बंगाली पत्रोंसे
है। बापूदेवशास्त्रीका पत्रा सब पत्रोंकी अपेक्षा शुद्ध है। इसके देखनेसे जान
है कि वर्त्तमान वत्सरमें अयनांश २२-९-२४ विकला प्रवहमान हैं। अब
पातकी वात्सरिकगति ५०।१ विकला स्थिर करके गणित करनेसे ज्ञात हुआ
है कि वर्त्तमान समयसे प्रायः १५९२ वर्ष पहले वराहमिहिराचार्य हुए. उप
समर्थन करनेके लिये मैं विलायतके और मिसरदेशके विख्यात ज्योतिषी
र्कसका गगनदर्शन फल प्रकाशित करता हूँ।

हिपार्कसने लिखा है कि मेरे समयमें चित्रानक्षत्र क्रान्तिपातबिन्दुके ६
पश्चिममें था और हार्सेल साहबने लिखा है कि १७५० ई. के आरंभमें उक्त
क्रान्तिपातके २० अंश २४ कला पूर्वमें अग्रसर हुआ है। अतएव हिप
समयसे हार्सेलके समयतक क्रान्तिपातबिन्दु २६ अंश २४ कला पूर्वमें अग्रसर
है। अतएव सूक्ष्म गणितके मतसे जाना जाता है कि हिपार्कसने हार्सेलसे
वर्ष पहले अर्थात् १४७ ई० सनसे पहिले आकाशका दर्शन किया था। हिप
समयमें चित्रानक्षत्र राशिचक्रके १७४ अंशमें स्थित था। परन्तु सूर्यसिद्धांतके
और वराहके समयमें वह ६ अंश पूर्वमें अग्रसर हुआ है अर्थात् क्रान्तिपात
चित्रानक्षत्र राशिचक्रके एकस्थानमें अथवा १८० अंशमें स्थित था।
अयनकी वात्सरिकगति ५०.१ विकला स्थिर करके गणित करनेसे जाना
है कि, सूर्यसिद्धान्तलेखक और वराह हिपार्कसके ४३१ वर्ष पीछे अर्था
२८४ ई० में उत्पन्न हुए। पहलेही कहा जा चुका है कि पराशरीलेखकने
१६७६ वर्ष पहलेही ऋतुके अवस्थानको प्रकाशित किया अतएव वह सन
१३९२ वर्ष पहले हुआ है।

अब यह प्रकाश किया जाता है कि सूर्यसिद्धान्तको आदित्यदासने लि
नहीं। वराहमिहिराचार्यने वाराहीसंहिता और बृहज्जातकमें अपने पिताका
आदित्यदास लिखा है। बृहज्जातकके अंतमें यह श्लोक हैः-

आदित्यदासतनयस्तदवाप्तबोधः
कापित्थके सवितृलब्धवरप्रसादः।
आवन्तिको मुनिमतान्यवलोक्य सम्यग्
होरां वराहमिहिरो रुचिरं चकार ॥ ९ ॥
दिनकरमुनिगुरुचरणप्रणिपातकृतप्रसादमतिनेद
शास्त्रमुपसंगृहीतं नमोऽस्तु पूर्वप्रणेतृभ्यः ॥

अवन्तीनिवासी वेदमें लब्धज्ञान आदित्यदासके पुत्र वाराहमिहिरने कापित्थ में सूर्यभगवान्‌के अनुग्रहको प्राप्त होकर ज्ञानियोंके मतको भली भांतिसे विचार र होराशास्त्रको बनाया। सूर्य मुनि और गुरुचरणमें प्रणाम करनेसे जो ग्रह उत्पन्न हुआ है, वही शास्त्रके संग्रहमें मुख्य कारण है, अतएव उनको शार नमस्कार है।

सूर्यसिद्धान्तमें जो उस कालका नक्षत्रावस्थान दिया गया है उसके देखनेसे ा जाता है कि वह वराहके समकालमें बनाया गया। अब हम इन सिद्धान्तों· उपस्थित होते हैं-१ कदाचित् वराहजी स्वयंसिद्धान्तको बनाकर अपने पिताके सूर्यके नामसे स्वयं उसका नामकरण करते हैं, अथवा २ उनके पितानेही को बनाया उसका नामभी अपने आपही सूर्यसिद्धान्त रक्खा। वराहजीने ने पंचसिद्धान्तिका ग्रन्थमें पंचसिद्धान्तके अन्तर्गत सौरसिद्धान्तका नाम लिखा इस कारण भलीभांतिसे प्रकाशित होता है कि सूर्यसिद्धान्त उनका बनाया ा नहीं है, अतएव यह जान पडता है कि उक्त ग्रंथ उनके पिता आदित्यदास· का बनाया हुआ है। पाठकगणोंके अवलोकनार्थ सूर्यसिद्धान्तका और ब्रह्मगुप्तका लिखा हुआ नक्षत्रावस्थान प्रकाशित किया जाता है।

नक्षत्र×	कल्पित आकार	सूर्यसिद्धान्तलिखित ध्रुवक पूर्वपश्चिम	ब्रह्मगुप्तलिखित ध्रुवक.	क्रान्त्यंश उत्तर वा दक्षिण	प्रत्येक नक्षत्रके आरंभसे योगतारेकी दूरता [1]	प्रत्येक नक्षत्रमें नक्षत्रसंख्या	संख्या प्रथमादि क्रमसे.
श्वनी	तुरंगमुख	८०	८	१० उ.	४८ उ.	३	१
णी	योनि	२०	२०	१२ उ.	४० द.	३	२
त्तका	क्षुर	३७-३०	३७.२८.	४०-३० उ.	६५ द.	६	३
हिणी	शकट	४९-३०	४९.२८.	४०-३० द.	५७ पू.	५	४
शिर	हरिणमुख	६३	६३	१० द.	५८ उ.	३	५
र्द्रा	रत्न	६७-२०	६७	११ द.	मध्य ४	१	६
र्वसु	गृह	९३.	९३	६ उ.	७८ द.	४	७

×नक्षत्रोंके अंगरेजी नाम क्रमानुसार,-आल्फा, बैटा, ओनामा, आरिएदाआइ, मुस्काएपसाइलनटराई पीयेतिस, आलफाटराई वा आलडेबोरन, लामडा, ओराइनिस, आल, फाओराइओनिस, बेटाजोमिनोरम, डाकोनसेराई, आल्फालेयोनिस वा रेगुलेस; डेल्टा लेयोनिस, बेटालेयोनिस, गामाबानूसेराइ, आल्फामार्जि- ग वा स्पाइका, आल्फाबुटिस वा आर्कुटरेस, आल्फासिरियाइ, डेल्टास्कर्पिओनिस, आल्फास्कर्पिओनिस, स्कर्पिओनि, सडेल्टासाजिटेरियाइ, आल्फालाइरी, आल्फाआकुइली, आल्फाडेल्फिनि, लामडाआकोयारि, ल्फापेगेसाइ, आल्फाएन्ड्रोमेडी, जिटापाइसिकम् ॥

१ अंशके छः भागमें लिखा है।

पुष्य	बाण	१०६	१०६	उत्तर	७६ मध्य	७
आश्लेषा	चक्र	१०९	१०८	७. द.	१४ पू.	५
मघा	गृह	१२९	१२९	०. द.	५४ द.	४
पूर्वाफाल्गुनी	शय्या	१४४	१४७	१२. उ.	४६ उ.	२
उत्तराफाल्गुनी	शय्या	१५५	१५५	१३. उ.	५० उ.	२
हस्त	हस्त	१७०	१७०	११. द.	६०	५
चित्रा	मुक्ता व प्रदीप	१८०	१०३	२०. द.	४०	१
स्वाती	प्रवाल	१९९	१९९	३७. उ.	७४	१
विशाखा	तोरण	२१३	२१२.५	१३०. उ.	७८ उ.	४
अनुराधा	बलि	२२४	२२४.५	१-४४.द.	६४ मध्य	४
ज्येष्ठा	कुन्तल	२२९.	२२९.५	४'–द. ३-३०द.	१४ मध्य	३
मूल	क्रोधित केशरी	२४१	२४१	८'–३०'द.	६ पु.	११
पूर्वाषाढा	शय्या	२५४	३५४	५०–३० द.	४३	४
उत्तराषाढा	हस्तविलास	२६०	२६०'	५ द.	पूर्वाषाढका मध्यनक्षत्र उ.	२
अभिजित	त्रिकोण	२६६.४०–	२६५	६०'उ. ६२'उ.	पूर्वाषाढा शेषउज्ज्वल	३
श्रवण	त्रिविक्रम	२८०	२७८	३० उ.	उत्तराषाढके शेषमध्यमें	३
धनिष्ठा	मृदंग	२९०	२९०	३६ उ.	श्रवणका शेषपाद पश्चिम	४
शतभिषा	वृत्त	३२०	३२०	० ०–३०'द. ० ०–१८.द. ० ०–२०'द.	८० उज्ज्वल	१०० १००
पूर्वभाद्रपदा	यमल	३२६°	३२६	२४० उ.	३६ उत्तर	२
उत्तरभाद्रपद	शय्या	३३७	३३७	२६° उ.	२२ उत्तर	२
रेवती	मुरज	८५९. ५०	३६०	३०	७९ द.	३२

और २ प्रधान नक्षत्रोंके ध्रुवक व अक्षांश.

नक्षत्र	अंग्रेजी नाम.	सूर्यसिद्धान्तके मतसे ध्रुवक ब्रह्मगुप्तके मतसे	सिद्धान्तसार्वभौमके मतसे ध्रुवक.	ग्रहलाघवके मतसे ध्रुवक.	अक्षांश १ मतसे दक्षिण उत्तर.	अक्षांश २ मतसे द. वा उ.
अगस्त	Conopus	९० ८७	८५–५	८०	८० द. ८७	७७०–६ द.
लुब्धक	Sirius	८०	८४'७६	८०	४० द.	४०'०'५द.
अग्नि	बेटा Tauri	५२	५७–४	४३	८ उ.	८–१४
ब्रह्महृदय	Capella	५२	५८'३६	५६	३० उ.	३०,४९.
प्रजापति	डेल्टा Aurigi	५७	५६–५३	६१	३७ उ.	३८,३०
आपस्वसे आपः	डेल्टा Virginis	१८०	१८०	१८३	३ ९	३

क्रतु	५५ उ.
पुलह	५० उ.
अत्रि	५६ उ.
अंगिरस	५७ उ.
वशिष्ठ	६० उ.
मरीचि	६० उ.
पुलस्त्य	५० उ.

शाकल्यसंहिताके मत

ब्रह्मगुप्तके समयमें चित्रानक्षत्र १८३ अंशमें स्थित था अर्थात् सूर्यसिद्धान्त-
खक और वराहके समयसे चित्रानक्षत्र तीन अंश पूर्वम अग्रसर हुआ है।
ातएव ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिराचार्यसे २१९ वर्ष पीछे अर्थात् शके ४२१ में
त्पन्न हुआ ।

ऐसा कहते हैं कि पारसके शाह नौशेरवांके यहां "बुजुर्गुचेमेहर" नामक
ःक वजीर था। इस शाहने सन ५३४ ई० से लेकर सन ५९० ई० तक राज्य
केया। इस नामके साथ वराहमिहिरके नामका कुछ २ मिलान होनेसे कोई २
नुमान कर सकते हैं कि यह इस शाह नौशेरवांके सभासद थे। यदि ऐसे आदमी
स बातको जान जायं तो उनकी यह धारणा दूर हो जायगी कि इसही मंत्रीकी
ाज्ञासे विष्णुशर्मांके पंचतंत्रका फारसी भाषामें अनुवाद किया गया। इसके
तिरिक्त एक कारण यह भी है कि विष्णुशर्माजीने पंचतंत्रमें वराहमिहिराचा-
ंका नाम लिखा है फिर भला वराहमिहिराचार्य किस प्रकार नौशेरवांके समयके
ो सकते हैं।

वराहमिहिराचार्यने बृहज्जातकमें ऐसे बहुतसे ज्योतिर्विदोंका नाम लिखा है
ना कि उनसे पहले हो गये थे। जैसे,- मय, यवन, माणित्थ, शक्ति, सत्य, बली,
वेष्णुगुप्त, देवस्वामी, सिद्धसेन, जीवशर्म्मा, पृथुयशा इत्यादि। वराहजीने भी मान
लिया है कि ज्योतिषशास्त्रमें यवनोंको Ionians, Greeks विशेष दक्षता थी वह
कहते हैं:—

"म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदंस्थितम्।
ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्दैवविद्द्विजः॥"

म्लेच्छ (कदाचारी) यवनोंके मध्यमें इस शास्त्र (फलितज्योतिष) की
विशेष आलोचना है. इस कारण वे भी ऋषितुल्य पूजनीय हैं, शास्त्रका जानने
वाला ब्राह्मण हो तब तो बातही क्या है? इस वचनको देखकर अनुमान किया
जाता है कि वराहजीसे मिसरनिवासी ज्योतिषियोंका भी मेल था।

आर्यभट्टका समय निश्चय करनेसे पहले अयनांशके विषयमें कुछ लिखना
आवश्यक है। जिस प्रकार वर्षके परिमाण विषयम हमारे ज्योतिषिगण एकमत

नहीं हैं, वैसेही अयनांशके विषयमें उनका विचार एकसा नहीं है । पराशरीले आदि मुख्य २ प्राचीन ज्योतिषिगणोंने भी अयनांशकी अवस्थाको दोदुल्य माना है । परंतु वाशिष्ठसिद्धान्तके लेखक विष्णुचन्द्रनेही सबसे पहले क्रांति पा परिधिवत् परिभ्रमण प्रकाश किया ।

आर्यभट्टके मतसे एक कल्पमें अर्थात् ४३२०००००० वर्षमें १५८२२ ५०००० नक्षत्रोंका उदय होता है अतएव इतने वर्षोंमें १५७७९१७५००० दिन होते हैं । आर्यभट्टोंके निरूपण किये हुए वर्षोंके परिमाणको बहुतसे ज्योतिषियोंने जो पीछे हुए हैं, अपनी २ पुस्तकोंमें व्यवहार किया है ब्रह्म द्धान्तके लेखकने एक कल्पमें " प्रविवर्ताखचतुष्टयशराब्धिरसगुणयमद्विवसुतिथयः अर्थात् १५८२२३६४५०००० नक्षत्रोंका उदय लिखा है । ब्रह्मस्फुटसिद्धान्तलेर ब्रह्मगुप्तनेभी यही लिखा है । यथाः-

ब्रह्मोक्तं ग्रहगणितं महता कालेन यत्खिलीभूतम् ।
अभिधीयते स्फुटं तत् जिष्णुसुतब्रह्मगुप्तेन ॥
येऽज्ञानपटलारुद्धदृशोऽन्यद्ब्राह्माद्वदन्ति सिद्धान्तात् ।
तेषां युगादिभेदाद्ये दोषास्तान् प्रवक्ष्यामि ॥
चत्वारि शून्यानि पञ्चवेद रसाग्नि यमपक्षाष्ट-
शरेन्दवः कल्पेन प्रति नक्षत्रोदयात् ॥

ब्रह्मकी बनाई हुई उक्त ग्रहगणना, प्राचीन होनेसे निकम्मी हो गई, इस का जिष्णुपुत्र ब्रह्मगुप्त उसका स्फुट लिखते हैं जो अज्ञानीलोग ब्रह्मसिद्धान्तसे अ होकर बात कहते हैं उनके युगादिभेदमें जो दोष है सो कहते हैं । एक कल १५८२२३६४५०००० नक्षत्रोंका उदय होता है ।

ब्रह्मगुप्तका अत्यन्त मान करनेवाले भास्कराचार्यनेभी ब्रह्मगुप्तके निरूपण वि हुए वर्ष परिमाण और नक्षत्रावस्थानको अपनी शिरोमणिमें प्रकाश किया है ।

सूर्यसिद्धान्तके लेखक व और मुख्य २ ज्योतिषियोंने अयनकी चपल अ स्थाको कल्पना की है । परन्तु भास्करने इस मतको खंडन करनेके इस लिये नाभाष्यमें लिखा है,—" यद्येवमनुपलब्धोऽपि सौरसिद्धान्तैः स्वागमप्रामाण्येन भ परिधिवत् कथं तैर्नोक्तः । " अर्थात् यदि सूर्यसिद्धान्तादिका समय अयनां समस्तही था तो आगममें नर (वासिष्ठसिद्धान्त) के मतानुसार नक्षत्रचक्रके प धिवत् भ्रमण करनेके मतको क्यों उन्होंने प्रकाश नहीं किया । परन्तु इस कारण यथार्थरूपसे विना जानेही भास्कराचार्यने इस प्रकारके मतको प्रकाश वि है सो पीछे लिखा जायगा सूर्यसिद्धान्तमें लिखा है ।

त्रिंशत्कृत्वो युगे भानां चक्रं प्राक् परिलम्बते।
तद्गुणाद्भूदिनैर्भक्ताद् द्युगणाद्यदवाप्यते॥
तद्दोस्त्रिघ्ना दशाप्तांशा विज्ञेया अयनाभिधा।

एक महायुगमें नक्षत्रचक्र ६०० (३०×२०) वार पूर्वमें अग्रसर होता है। ाभिलषित दिन (अहर्गण) या वर्षोंको ६०० से गुणित करके युगके भूदिन या ःसरसे हरण करके जो प्राप्त हो उसका भुज करके तीनसे गुणित करके दशसे ाण करनेपर अयनांश प्राप्त होंगे। इस श्लोकका लेख और अर्थ दोनों अत्यन्त टिल हैं। मूल बात यह है कि, सुगम वस्तुके प्रकाश करनेमें इतना प्रयास क्यों ेया जाय। अंकशास्त्रमें यह रीति प्रार्थनीय नहीं है, भास्कराचार्यने जो इसका ार अर्थ समझा है सो पीछे लिखेंगे।

ज्योतिषके एक और ग्रथम भी अयनांशनिरूपक श्लोकके शेष चरणका अर्थ टिल हुआ है। यथाः-

युगे षट्शतकृत्वो हि भचक्रं प्राक् विलम्बते।
तद्गुणो भूदिनैर्भक्तो द्युगणोऽयनखेचरः॥

यहांपर "द्युगुण" शब्दका अर्थ अर्हगण न किया जाय तो किसी प्रकारसे र्व श्लोकके साथ सामंजस्य नहीं होता। डेमिस साहबने भी इस श्लोकका अर्थ ीक नहीं किया। उन्होंने लिखा है,–Multiply Ahargan (Number Of mean ɔlar qays for which calculation in made)by 600 and divide the prodnct y saven days in a yug, of quotient take sine and multipfy 3 and ivide by 10 to get ayanansha.

जो कुछभी हो, पहले श्लोकसे अवगत हुआ जाता है कि सूर्यसिद्धान्तके मतसे ायनका वात्सरिक गति ५४ विकला है।

पराशरका मत है कि; एक कल्पमें नक्षत्रचक्र ५८१७०९ वार चलायमान होता , आर्यभट्टके मतसे ५७८१५९ वार चलता है अतएव इन दोनोंके मतसे क्रमानु- ार प्रतिवत्सर अयन ५२–३ और ५२–१ विकला पूर्वमें अग्रसर होता है। ाराशरीसंहिताही आर्यभट्टके सिद्धान्तकी मूलभीत है, उनकी पुस्तकके उद्धृतांशसे साही अनुमान होता है। अयनकी चलायमान अवस्थाका प्रथम प्रवर्त्तक पराश- ीका लिखनेवाला है। उसके मतसे अयनचक्र मेषराशिके २७ अंश पूर्वमें और ाश्चिममें इन दोनों विन्दुओंके मध्यमें डोलता है। पराशरीमें लिखे हुए गगनदर्श- ाके साथ आर्यभट्टने अपने बनाये हुए गगनदर्शनको मिलाया था व और २ ातोंमें भी अपनी बुद्धिको चलाया था। आर्याष्टशतिका ग्रंथमें उन्होंने अयनके

विषयमें एक भिन्न मत लिखा है—उनके मतसे " चतुर्विंशत्यंशैश्चक्रमुभयतो गच्
अर्थात् अयनचक्र दोनों ओर २४ अंश करके गमन करता है। उसनें
परवर्ती ग्रन्थ दशगीतिकामें उक्त मतका निराकरण करके प्राचीन मतको ही
वान् रक्खा है। इसने जो दो मत प्रकाशित किये इससे अनुमान किया जा
कि उसने २४ अंश लिखकर अपने समयमें अनुमानसे अयनकी सीमाका
किया है। अतएव जाना जाता है कि जब अयनचक्र पश्चिमबिन्दुसे २४
अग्रसर हुआ है तब वह उत्पन्न हुए। वराह और सूर्यसिद्धान्तके लेखकके स
अयनचक्र पश्चिमबिन्दुसे २७ अंश अग्रसर हुआ था अतएव आर्यभट्टके स
अयनचक्र मेषके ३ अंश पश्चिममें था इस कारण वह वराहजीसे २१९ वर्ष
अर्थात् शकाब्दसे ९ वर्ष पहिले उत्पन्न हुए। बाबू अपूर्वचन्द्र कहते हैं कि
भट्ट युधिष्ठिरसे १६ शताब्दी पीछे हुए. कोलब्रुकसाहिबका मत है कि, ग्र
बीजगणितके आविष्कारक डिओफानटुसके समयमें आर्यभट्ट वर्त्तमान थे।
फानटुस सन् ३१९ ई० के आगे पीछे किसी समयमें उत्पन्न हुआ था।
निवासी श्रीमान् बाल गंगाधर तिलक महोदयने 'orion' (मृगशिरा, आर्द्रा)
ग्रन्थ प्रकाश करके वेदके प्रमाण देकर दिखाया है कि अयनकी चला
अवस्था गणितके मतसे अशुद्ध है।

गर्गसंहिताभी ज्योतिषका एक प्राचीन ग्रन्थ है। वराहजीने वारंवार बृहत्सं
इस ग्रन्थका नाम लिखा है। बृहत्संहिताका अंगरेजी अनुवाद करनेवाले अध
कार्णने गर्गसंहितासे वचन उद्धृत करके लिखा है कि सन् ईसवीसे ५४ वर्ष
गर्गसंहिता बना है। वह वचन यह है:—

ततः साकेतमाक्रम्य पंचालान् मथुरांस्तथा ।
यवना दुष्टविक्रान्ता प्राप्स्यन्ति कुसुमध्वजम् ॥
ततः पुष्पपुरे प्राप्ते कर्दमे प्रथिते हिते ।
अकुला विषयाः सर्वे भविष्यन्ति न संशयः ॥

दुष्टयवनगण साकेत, पंचाल और मथुराको आक्रमण करके पाटलिपुत्र (
में जायँगे। कुसुमपुरमें जाकर उसको लूटेंगे और तहस नहस कर डालेंगे।
साहब कहते हैं कि व्याक्ट्रीयरराजा मिनाण्डरके समयमें इसवी सनसे १४
पहिले साकेतपर चढाई हुई थी। अतएव इस चढाईसे पीछेही गर्गसंहिताका
वाला हुआ। गर्गजीने अयनके विषयमें जो कुछ लिखा है उससे जाना जा
कि उन्होंने यह विषय पराशरीसे लिया। क्योंकि अयनका शुभाशुभ फल
करनेमें दोनोंने एक ही मत प्रकाशित किया है!

यथा, पराशरः—

यदा प्राप्तो वैष्णवान्तमुदङ्मार्गे प्रपद्यते।
दक्षिणेऽश्लेषां वा महाभयाय॥

गर्गजी लिखते हैं—

यदा निवर्त्तते प्राप्तः श्रविष्ठामुत्तरायणे।
आश्लेषां दक्षिणोऽप्राप्तस्तावद्विद्यान्महद्भयम्॥

दोनों श्लोकका एकही अर्थ है, धनिष्ठाके शेषतक गमन करनेसे सूर्यका उत्तरायण होता है और अश्लेषातक गमन करके दाक्षिणायन आरम्भ होनेपर महाभयकी शंका करनी चाहिये। पराशरजीके लेखकी प्राचीनता उनके छंदसे ही प्रगट हो रही है।

क्रांतिपातका परिधिवत् परिभ्रमण हिन्दुज्योतिषियोंके मध्यमें सबसे पहले वासिष्ठसिद्धान्तके लेखक विष्णुचन्द्रने प्रकट किया, उनका मत है कि क्रांतिपात एक कल्पमें १८९४११ वार परिभ्रमण करता है, अतएव जाना जाता है यह उनके मतसे अयन प्रतिवर्ष ६०.०६ विकला करके पूर्वमें अग्रसर होता है कि यह मत ग्रीसवाले हिपार्कस और टेलिमी इन दो ज्योतिषियोंकी पुस्तकसे लिया गया है, अथवा स्वयम् आर्यज्योतिषियोंका प्रकाश किया हुआ है, इस बातको हम भली भांति निर्णय नहीं कर सकते हैं। परन्तु दोनों ज्योतिषियोंकी निरूपण की हुई अयनकी वात्सरिक गतिको निहारकर जाना जाता है कि इसका विष्णुचन्द्रने निरपेक्षभावसे प्रगट किया। हिपार्कसके मतसे क्रान्तिपात प्रायः ८९ वर्षमें एक अंश और टेलिमीके मतसे १०० वर्षमें एक अंश आगे बढता है।

भास्करने लिखा है,–शिरोमणिका ६ अध्याय।

विषुवत्क्रान्तिवलययोः सम्पातः क्रान्तिपातः स्यात्।
तद्भगणाः सौरोक्ता व्यस्ता अयुतत्रयं कल्पे॥ १७॥
अयनचलनं तदुक्तं मुञ्जलाद्यैः स एवायम्।
तत्पक्षे तद्भगणः कल्पे गोङ्गर्तुनन्दगोचन्द्राः॥ १८॥

विषुव और क्रांतिमंडलके मिलनेको क्रान्तिपात कहते हैं। सूर्यसिद्धान्तके मतसे एक कल्पमें उसका भगण तीस हजार होता है। अयनचलन और क्रान्तिपात एकही बात है। मुंजलादिके मतसे एक कल्पमें अयनके १९९६६९ भगण होते हैं। शिरोमणिकी व्याख्या करनेवाले मुनीश्वरने सूर्यसिद्धान्तके साथ मेल करनेके लिये "व्यस्ता" का अर्थ–वि=विंशति+अस्ता गुणिता अर्थात् (२०×३००००) ६००००० छः लाख किया है, मुंजलादिके मतसे अयनकी वात्सरिकगति ५९.०९ विकला है।

किसी २ ज्योतिषीके मतसे ४४४ शकाब्दमें अयनांशका आरम्भ ज्योतिषियोंका मत है कि अयन ६० वर्षमें एक अंश आगे बढ़ संकेत यह है:—

शको वेदाब्धिवेदोनः षष्टिभक्तोऽयनांशकः ।
देयास्ते तु रवौ स्पष्टे चरलग्नादिसिद्धये ॥

शकाब्दसे ४४४ घटाकर ६० से भाग करो तो अयनांश प्राप्त हो रविमें उसको मिलानेसे सायन रविका चर और लग्नभी पाई जायग किया जाता है कि भास्कराचार्यके करणकुतूहलसे पिछले ज्योतिषि भ्रान्त मतको पाया है। करणकुतूहल ११०५ शाकमें लिखा गया है (११) अयनांश लिखे हैं। अतएव ६० वर्षमें एक अंश हुआ इ मतसे ११ अंशके ६६० वर्ष होते हैं। परवर्ती ज्योतिषी लोगोंने १ ६६० घटाकर अयनके आरम्भको पाया है। परन्तु भास्कराचार्य समीचीन नहीं समझते। भास्करने लिखा है:—

ब्रह्मगुप्तादिभिः स्वल्पान्तरत्वान्नः कृतः स्फुटः ।
स्थित्यर्द्धपरिलेखादौ गणितागत एव हि ॥
नक्षत्राणां स्फुटा एव स्थिरत्वात् पठिताः शराः
दृक्कर्मणायनेनैषां संस्कृताश्च तथा ध्रुवाः ।

अयनांशके बहुत थोडा होनेसे ब्रह्मगुप्तादि ज्योतिषियोंने स्फुटशर ग्रहणके स्थित्यर्द्ध और परिलेख आदिमें गणित करके स्फुट पाया ज स्थिर रहता है (चलता नहीं) इसलिये नक्षत्रोंके स्पष्ट शरही पठित है दृक्कर्म और अयन (Declination) संस्कृत नक्षत्रोंके स्फुट ध्रुवक अतएव जान पडता है कि भास्करके दृक्कर्मकी (Odservation) ल २।१ अंशका भ्रम हुआ होगा। भास्करसे पहले बहुतसे ज्योतिषी इंटरसाहबको उज्जयिनीके पंडितोंने जो कई एक ज्योतिषियोंका सम वह नीचे लिखा जाता है।

वराहमिहिराचार्य	१२२
* दूसरा	४२१
ब्रह्मगुप्त	५५०

* यह इस शकाब्दमें उत्पन्न हुआ। उसका प्रमाण बृहत्संहिताकी व्याख्या देखनेसे है। व्याख्या पुस्तकके शेषमें देखिये। यथा—"फाल्गुनस्य द्वितीयायामसितायां गुरो दि शाके कृतेयं विवृतिर्मया" ॥

भट्टोत्पल	८९०	शकाब्द.
श्वेतोत्पल	९३९	„
वरुणभट्ट	९६२	„
भोजराज	९६४	„
भास्कर	१०७२	„
कल्याणचन्द्र	११०१	„

भोजराजकी एक शिलालिपिमें ९१९ संवत् और ७८४ शकाब्द लिखा हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि भारतवर्षमें कई एक भोजराज हुए हैं। इस कारण स्थिर दृष्टि रखकर प्रत्येक कार्यको करना चाहिये

शतानंदने १०२१ शकाब्दमें भास्वतीनामक पुस्तकको बनाया। यह एक क्षुद्र करण ग्रंथ है इसमें सूर्यसिद्धान्त और वराहजीका निरूपण किया हुआ गणित चुम्बकभावसे लिखा हुआ है।

यथाः—"नत्वा मुरारेश्चरणारविन्दं श्रीमान् शतानन्द इति प्रसिद्धः।
तां भास्वतीं शिष्यहितार्थमाह शाके विहीने शशिपक्षखैके॥
शाको नवाद्रीन्दुकृशानुयुक्तः कलेर्भवत्यब्दगणो व्यतीतः।
वियन्नभोलोचनवेदहीनः शास्त्राब्दपिण्डः कथितः स एव॥
कृतयुगाम्बरवह्निभिरुज्झितो गतकलिःकिलविक्रमवत्सराः।
शरहुताशनचंद्रवियोजिता भवति शाक इह क्षितिमण्डले॥
अथ प्रवक्ष्ये मिहिरोपदेशात् तत्सूर्यसिद्धान्तसमं समासात्।
शास्त्राब्दपिण्डस्वरशून्यदिग्घ्नस्तानाग्नियुक्तोऽष्टशतैर्विभक्तः॥

पुस्तकके शेषमें लिखा है—

ये खाशिववेदाब्दगते युगाब्दे दिव्योक्तितः श्रीपुरुषोत्तमस्य।
श्रीमान् शतानन्द इमां चकार सरस्वतीशंकरयोस्तनूजः॥

शतानंदके लिखे हुए "मिहिरोपदेशात्" वाक्यको देखकर श्रीयुक्त वेंटलि साहबने सिद्धान्त किया है कि वराहमिहिरजो शतानन्दके गुरु थे इस कारण वह १०६० सन इसवीमें हुए, परंतु पाठकगण! आप भलीभांतिसे याद रक्खें कि बेन्टलिने इसका अर्थ नहीं समझा।

केशव सांवत्सरके पुत्र गणेश दैवज्ञने शकाब्द १४४२ में ग्रहलाघव वा सिद्धान्तरहस्यको बनाया। इन महाशयका लेख अत्यन्त जटिल है।

यहांतक ज्योतिषियोंका समय निरूपण किया गया । यद्यपि हमको वर
राचार्यजीकाही समय निरूपण करता था, परंतु प्रसंग आपडनेसे कई
समालोचना हो गई । बृहत्संहिता नामक ग्रंथ ऐसा है कि जिसके
मनुष्य सब कार्योंमें कुशल हो जाता है, ऐसे उत्तमोत्तम ग्रंथकी भाषाटी
होना और बंबईमें न छपना एक आश्चर्यकी बात थी, परंतु अब देश
विचार करके इस ग्रंथका सरल भाषाटीका अत्यन्त परिश्रमके साथ कि
जिसको तत्काल हमारे परम हितकारी विष्णुभक्त सेठ गंगाविष्णु श्रीकृष्णद
अपने लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर यंत्रालयमें मुद्रित कर प्रकाशित किया । उक्त सेठजी
भाषानुवादका संपूर्ण स्वत्व समर्पण किया गया है इस कारण कोई सज्जन
अनुवादमेंसे काटने छाटनेका प्रयत्न न करें । हमारे पूजनीय अग्रज
विद्वद्वर विद्यावारिधि पं० ज्वालाप्रसादजी मिश्रने इस ग्रंथको आदिसे अंत
किया है इस कारण वारंवार उनको हार्दिक धन्यवाद दिया जाता है ।

इसके अनुवादकार्यमें कई पुस्तकोंसे सहायता मिली है जिनका उल्ले
किया जाता है यथाः—भट्टोत्पलकी संस्कृतटीका, वंगवासीकार्यालयसे प्र
पंचाननतर्करत्नकी टीका, तथा, -द्रविडदेशसे प्रकाशित अरुणोदय टीका
प्रकाशक और अनुवादकोंकोभी वारंवार धन्यवाद हुआ है । इस टीकाको
यदि एक भी व्यक्तिके हृदयमें ज्ञानका संचार हुआ तो मैं अपने परिश्रमक
समझूंगा । मैं सहृदय पाठकगणोंसे निवेदन करता हूँ कि इस ग्रन्थके अ
कृपादृष्टिसे निहार जाइये । इसके अतिरिक्त छिद्रान्वेषी गण तो सब अंग
देखेंगे ही । गोसाईं तुलसीदासजीने सत्यही लिखा है,-

जे परदोष लखहिं सहसाखी । परहित घृत उनके मन मा
पर अकाज लगि तनु परिहरहीं । जिमि हिमउपल कृषी द
हरिहरयश राकेश राहुसे । पर अकाज लगि सहसबा

जहां कहीं कुछ अशुद्धि रह गई हो वहां पाठकगणोंको शुद्ध कर
चाहिये ।

विनीत निवेदन—

बलदेवप्रसादमिश्र

मुहल्ला दीनदार

मुरादाबाद.

श्रीः ।

वाराहीसंहिताकी विषयानुक्रमणिका ।

विषयानुक्रमणिका।

इति विषयानुक्रमणिका समाप्ता।

श्रीः ।

अथ विद्वद्वरवराहमिहिराचार्यविरचिता

वाराहीसंहिता

भाषाटीकासहिता ।

प्रथमोऽध्यायः ।

जयति जगतः प्रसूतिर्विश्वात्मा सहजभूषणं नभसः । द्रुतकन-
कसदृशदशशतमयूखमालार्चितः सविता ॥ १ ॥ प्रथममुनिकथि-
तमवितथमवलोक्य ग्रन्थविस्तरस्यार्थम् । नातिलघुविपुलरचनाभि-
रुद्यतः स्पष्टमभिधातुम् ॥ २ ॥ मुनिविरचितमिदमिति यच्चिरन्तनं
साधु न मनुजग्रथितम् । तुल्येऽर्थेऽक्षरभेदादमन्त्रके का विशेषोक्तिः
॥ ३ ॥ क्षितितनयदिवसवारो न शुभकृदिति यदि पितामहप्रोक्ते ।
कुजदिनमनिष्टमिति वा कोऽत्र विशेषो नृदिव्यकृते ॥ ४ ॥ आब्र-
ह्मादि विनिःसृतमालोक्य ग्रन्थविस्तरं क्रमशः । क्रियमाणकमेवै-

जो सम्पूर्ण जगत्के उत्पत्तिस्थान हैं, जो सम्पूर्ण जगत्के आत्मारूप हैं, जो
आकाशके स्वाभाविक आभूषणस्वरूप हैं, उन गलाये हुए सुवर्णके समान किर-
णोंकी माला करके शोभायमान श्रीसूर्यनारायण सर्वोत्कर्ष करके वर्त्तमान हों ॥१॥
प्रथम मुनि (ब्रह्माजी) करके विस्तारपूर्वक वर्णन किये हुए सत्यरूप शास्त्रको अव-
लोकन करके उसको ही अतिसंक्षेप और अतिविस्ताररहित रचनाके द्वारा स्पष्ट रीतिसे
वर्णन करनेके निमित्त मैं वराहमिहिराचार्य उद्यत हुआ हूँ ॥ २ ॥ यदि कहो कि
जो मुनि (ब्रह्मादि) विरचित और प्राचीन हैं वे ही शास्त्र उत्तम हैं, और जो
मनुष्यविरचित है वह शास्त्र उत्तम नहीं हो सकता,-तहां कहते हैं कि मंत्रसे भिन्न
मुनि (ब्रह्मादि) के वाक्यसे मनुष्यरचित शास्त्रके अर्थकी तुल्यता होय और
अक्षरमात्रका भेद होय तो मनुष्यरचित वाक्यसे प्राचीन मुनि (ब्रह्मादि) रचित
वाक्यमें क्या विशेषता हो सकती है ? जिस प्रकार ब्रह्माजीके रचना किये हुए
ग्रन्थमें यह लिखा है, कि-"क्षितितनयवासरो न शुभकृत्-मंगलवार शुभकारक
नहीं है" और मनुष्यकृत ग्रन्थमें यह लिखा है, कि-"कुजदिनमनिष्टम्-मंगलवार
अनिष्टकारक है" यहां पाठभेदके सिवाय मुनिकृतमें मनुष्यकृतसे क्या विशेषता

तत् समासतोऽतो ममोत्साहः ॥ ५ ॥ आसीत्तमः किलेदं तत्रा
तैजसेऽभवद्धैमे । स्वर्भूशकले ब्रह्मा विश्वकृदण्डेऽर्कशशिनयनः॥
कपिलः प्रधानमाह द्रव्यादीन् कणभुगस्य विश्वस्य । कालं क
णमेके स्वभावमपरे जगुः कर्म ॥ ७ ॥ तदलमतिविस्तरेण प्रस
वादार्थनिर्णयोऽतिमहान् । ज्योतिःशास्त्राङ्गानां वक्तव्यो निर्णयो
मया ॥ ८ ॥ ज्योतिःशास्त्रमनेकभेदविषयं स्कन्धत्रयाधि
तत्कात्स्न्योपनयस्य नाम मुनिभिः संकीर्त्यते संहिता । स्क
ऽस्मिन् गणितेन या ग्रहगतिस्तन्त्राभिधानस्त्वसौ होरान्योऽङ्ग
निश्चयश्च कथितःस्कन्धस्तृतीयोऽपरः ॥ ९ ॥ वक्रानुवक्रास्तम
दयाद्यास्ताराग्रहाणां करणे मयोक्ताः । होरागतं विस्तरतश्च ज

है ! अर्थात् कुछ नहीं. ब्रह्मा आदिके रचना किये हुए सम्पूर्ण शास्त्रोंमें अतिवि
देखकर क्रमसे और संक्षेपरूपसे इस शास्त्रको प्रकाश करनेके निमित्त मेरा उ
है ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ ॥ जिस समय कुछ सृष्टि नहीं थी उस समय यह सम्पूर्ण
अन्धकारमय था उस अन्धकारके विषे ही जलमें एक तेजयुक्त सुवर्णका अंडा उ
हुआ उसके स्वर्ग और पृथिवीरूप दो टुकडे हुए । उन टुकडोंमेंसे ही सूर्य और च
हैं नेत्र जिनके ऐसे ब्रह्माजी उत्पन्न हुए ॥ ६ ॥ जगत्की उत्पत्ति होनेके विषयमें
योंके अनेक प्रकारके मतभेद देखनेमें आते हैं, कपिल कहते हैं, कि प्रधान अ
मूलप्रकृतिही विश्वका कारण है, कणाद मुनि कहते हैं कि द्रव्य आदि पदा
जगत्की उत्पत्तिका कारण है, कोई कालको कारण कहते हैं, और अपर (
स्वभावको कारण कहते हैं और मीमांसक कहते हैं कि कर्मही जगत्का का
॥ ७ ॥ जगत्की उत्पत्तिका वर्णन करनेके विषयमें अधिक विस्तार करनेकी
श्यकता नहीं है. इस प्रसंगका निर्णय करनेमें अनेक पदार्थोंका वर्णन करना
और वह विषय भी थोडा नहीं इस कारण इसका विचार छोडकर हमको यहाँ
ज्योतिषशास्त्रोंके अंगोंका निर्णय करना है ॥ ८ ॥ अनेक प्रकारके भे
ज्योतिषशास्त्र तीन भागोंमें बँटा हुआ है, संहिता, तंत्र और होरा । जिसमें
ज्योतिषशास्त्रके विषयोंका वर्णन होय उसको संहितास्कन्ध कहते हैं
जिसमें गणितसे ग्रहोंकी गति वर्णन की जाती हो उसको तंत्रस्कन्ध क
और जिसमें अंगोंका निर्णय अर्थात् यात्रा विवाह आदिका वर्णन है उस
स्कन्ध कहते हैं ॥ ९ ॥ मैंने अपने रचे हुए पञ्चसिद्धान्तिकानाम करण
तारा (भौमादि पञ्च) ग्रहोंके वक्र, मार्ग, अस्त और उदय आदि वर्णन वि
और बृहज्जातक तथा बृहद्विवाहपटल आदि ग्रन्थोंके विषे जन्म, यात्रा,

…निबद्धैः सह पूर्वमुक्तम् ॥ १० ॥ प्रश्नप्रतिप्रश्नकथाप्रसङ्गान्
…ोपयोगान् ग्रहसम्भवांश्च । संत्यज्य फल्गूनि च सारभूतं
…र्थमर्थैः सकलैः प्रवक्ष्ये ॥ ११ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायामुपनयनाध्यायः प्रथमः ॥ १ ॥

द्वितीयोऽध्यायः ।

अथातः सांवत्सरसूत्रं व्याख्यास्यामः ।

…त्र सांवत्सरोऽभिजातः प्रियदर्शनो विनीतवेषः सत्यवागनसू-
… समः सुसंहतोपचितगात्रसन्धिरविकलश्चारुकरचरणनखन-
…चिबुकदशनश्रवणललाटभ्रूत्तमाङ्गो वपुष्मान् गम्भीरोदात्त-
… । प्रायः शरीराकारानुवर्त्तिनो हि गुणाश्च दोषाश्च भवन्ति
… ॥ तत्र गुणाः—शुचिर्दक्षः प्रगल्भो वाग्मी प्रतिभानवान् देश-

…विस्तारापूर्वक प्रथम ही वर्णन कर दिये हैं ॥१०॥ अब गर्ग आदि मुनियोंके
…ए प्रतिशास्त्रोंके आरम्भमें शिष्योंके किये हुए प्रश्न और गर्ग आदि मुनियोंके
…ए उत्तर और अनेक प्रकारके कथा प्रसङ्ग तथा सूर्यादि ग्रहोंकी उत्पत्ति आदि
… वार्त्ताओंको और गोलविरुद्ध जो प्राचीन वार्त्ता प्राचीन संहिताग्रन्थोंमें वर्णन
… उनका भी कार्य बहुत कम पडता है,इस कारण उन सब निःसार वार्त्ताओंको
…कर साररूप और भूतार्थ पदार्थोंको इस ग्रन्थमें वर्णन करता हूँ ॥ ११ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीय-
मुरादाबादवास्तव्य-पण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां
भाषाटीकायां शास्त्रोपनयनाध्यायः प्रथमः ॥ १॥

…हां प्रथम सांवत्सर अर्थात् ज्योतिषीका यह लक्षण कहा है—कि सुन्दर कुलमें
… हो, देखनेमें प्रिय हो, विनीतवेष हो, सत्यवादी हो, औरोंके गुणोंमें दोष
…कालता हो, और सर्वाङ्गसुन्दर हो, अङ्गहीन न हो और उसके हाथ, पैर,
…नेत्र, ठोडी, दन्त, कान, मस्तक, भौं और शिर यह सब अंग श्रेष्ठ लक्षणों-
… युक्त हों, शरीर स्थूल और रमणीय हो, गम्भीर शब्द बोलनेवाला हो वह
…षी नामका पूरा अधिकारी होता है, क्योंकि प्रायः गुण और दोष सब शरीर
… आकारके अनुसार होते हैं ॥ १ ॥ पवित्र, चतुर, प्रगल्भ अर्थात् सभामें
…बोलनेवाला, वार्त्ता करनेमें चतुर, तुरतबुद्धि, देशकालका जाननेवाला, चित्त

कालवित्सात्त्विको न पर्षद्भीरुः सहाध्यायिभिरनभिभवनी
लोऽव्यसनीशान्तिकपौष्टिकाभिचारस्नानविद्याभिज्ञो विबु
तोपवासनिरतःस्वतन्त्राश्चर्योत्पादितज्ञानप्रभावः पृष्टाभि
त्रदैवात्ययाद्ग्रहगणितसंहिताहोराग्रन्थार्थवेत्ता ॥ २ ॥ तः
णिते पौलिशरोमकवासिष्ठसौरपैतामहेषु पञ्चस्वेतेषु ि
युगवर्षायनर्तुमासपक्षाहोरात्रयाममुहुर्त्तनाडीविनाडीप्राणत्रु
वयवाद्यस्य कालस्य क्षेत्रस्य च वेत्ता ॥ ३ ॥ चतुर्णां च
सौरसावननाक्षत्रचान्द्राणामधिमासकावमसम्भवस्य च
भिज्ञः ॥ ४ ॥ षष्ट्यब्दयुगवर्षमासदिनहोराधिपतीनां प्र
च्छेदवित् । सौरादीनाञ्च मानानां सदृशासदृशयोग्यायोग
पादनपटुः । सिद्धान्तभेदेऽप्ययननिवृत्तौ प्रत्यक्षं सम
खासम्प्रयोगाभ्युदितांशकानाञ्च छायाजलयन्त्रदृग्गणि

कपट न रखनेवाला, सभामें भयभीत न होनेवाला, सहाध्यायियोंसे ति
न होनेवाला, चतुर और सब प्रकारके व्यसनोंसे रहित, शान्ति
अभिचार और स्नान (आदि) विद्याके विषयोंको जाननेवाला,
और उपवास करनेमें तत्पर, अपने किये हुए ग्रहगणिसे आश्चर्य उ
प्रतापको फैलानेवाला, प्रश्न करनेपर फल कहनेवाला, अनेक प्रकार
उत्पन्न होनेवाले अशुभरूप दैवात्ययको निवारण करनेके लिये विना पूछे
आदिका बतलानेवाला,ग्रहगणित, संहिता और होरा आदि सम्पूर्ण ग्रन
जाननेवाला ज्योतिषी होना चाहिये ॥२॥ ग्रहगणित अर्थात् पौलिश, रो
सौर और पैतामह इन पांचों सिद्धान्त शास्त्रोंके विषे जो युग, वर्ष,
मास, पक्ष, अहोरात्र, प्रहर, मुहूर्त्त, घडी, पल, प्राण, त्रुटि और त्रु
आदि कालको जाननेवाला, तथा कला, विकला, अंश और राशि क्षे
वाला ज्योतिषी होना चाहिये ॥ ३ ॥ सौर, सावन, नक्षत्र और चा
प्रकारके मास, अधिमास और क्षयमास आदिके कारणोंको जाननेवा
होना चाहिये ॥ ४ ॥ साठ जो प्रभव, विभवादिक संवत्सर हैं, उ
युग 'युगं भवेद्वत्सरपञ्चकेन' होते हैं मास, दिन, होरा इन्होंके स
पत्ति विच्छेद (होने न होने) को जो जानता हो। सौर, चान्द्रा
प्रमाण जो शास्त्रमें भिन्न भिन्न लिखे हैं उनमें कौन ठीक है और क
इसके विचारमें पटु हो। यदि सिद्धान्तग्रन्थोंमें सौरादि मानमें भेद द
(याम्यायन, सौम्यायन) बदलते समय प्रत्यक्ष सममण्डल (पूर्वा

ेपादनकुशलः । सूर्यादीनाञ्च ग्रहाणां ...
नीचोच्चगतिकारणाभिज्ञः । सूर्यचंद्रमसोश्च ग्रहणे ग्रहणादिमो-
कालदिक्प्रमाणस्थितिविमर्दवर्ण देशानामनागतग्रहसमागमयुद्धा-
मादेष्टा । प्रत्येकग्रहभ्रमणयोजनकक्षाप्रमाणप्रतिविषययोजनपरि
छेदकुशलो भूभगणभ्रमणसंस्थानाद्यक्षावलम्बकाहर्ज्यासचरदल-
लराश्युदयच्छायानाडीकरणप्रभृतिषु क्षेत्रकालकरणेष्वभिज्ञो
नाचोद्यप्रश्नभेदोपलब्धिजनितवाक्सारो निकषसंतापाभिनिवेशै
शुद्धस्य कनकस्येवाधिकतरममलीकृतस्य शास्त्रस्य वक्ता तन्त्रज्ञो
गति । उक्तञ्च । न प्रतिबद्धं गमयति वक्ति न च प्रश्नमेकमपि
ः । निगदति न च शिष्येभ्यः स कथं शास्त्रार्थविज्ज्ञेयः ॥ ❀ ॥
ोऽन्यथान्यथार्यः करणं यच्चान्यथा करोत्यबुधः । स पितामह-
गम्य स्तौति नरो वैशिकोऽनार्याम् ॥ ❀ ॥ तन्त्रे सुपरिज्ञाते लग्ने
याम्बुयन्त्रसंविदिते । होरार्थे च सुरूढे नादेष्टुर्भारती वन्ध्या
❀ ॥ उक्तञ्चार्यविष्णुगुप्तेन । अप्यर्णवस्य पुरुषः प्रतरन् कदाचि-
सादयेदनिलवेगवशेन पारम् । न त्वस्य कालपुरुषाख्यमहार्णवस्य

धासे जितने अंशपर उपलब्ध हो उसको छाया, जलयंत्रसे दृग्गणित (गणित
ा प्रत्यक्ष) करनमें कुशल हो । तथा सूर्यादि ग्रहोंके शीघ्रगति, मन्दगति,
ेणगति, उत्तरगति नीच और उच्च गतिके कारणको जानता हो । सूर्य और
द्रमाके ग्रहणमें स्पर्श, मोक्षकाल और स्पर्श, मोक्षकी दिशा, ग्रहणकी स्थिति
र्द (स्पार्शिक विमर्द और मौक्षिक विमर्द) वर्ण, देश और आगामी ग्रह
ागम तथा ग्रहयुद्धको बतानेवाला हो । प्रत्येक ग्रहोंके भ्रमण करनेकी योजना
रत्वादी, अक्षांश, लम्बांश द्युज्या, चरखण्डकाल, राशियोंके उदय मान,
या, नाडी, करण आदिमें क्षेत्र, काल, कारणको जानता हो । नाना प्रकारके
ोत्तर कहनेमें सत्यवाक् हो । कसौटीसे घिसे, अग्निसे तपाये और शाणद्वारा
ः सुवर्ण सदृश स्वच्छ शास्त्रका वक्ता तन्त्रज्ञ हो सकता है । कहा भी है कि जो
श्चित अर्थ नहीं कह सके, प्रश्न पूछनेपर उत्तर न देसके, और विद्यार्थीको भी
ा न सके वह शास्त्र जानता है यह कैसा समझा जाय । जो अज्ञ पुरुष ग्रंथ
कुछ है और अर्थ कुछ करता है, और करण ग्रंथको उलट पलट करता है
लम्पट मनुष्य मानो ब्रह्माजीके समीप जाकर वेश्याकी स्तुति करता है । जो

गच्छेत् कदाचिदनृषिर्मनसापि पारम् ॥ ❀ ॥ होराशास्त्रेऽपि
होराद्रेक्काणनवांशकद्वादशभागत्रिंशद्भागबलाबलपरिग्रहो
दिक्स्थानकालचेष्टाभिरनेकप्रकारबलनिर्धारणंप्रकृतिधातुद्र
तिचेष्टादिपरिग्रहोनिषेकजन्मकालविस्मापनप्रत्यादेशसद्योमर
[illegible] चन्द्रयोगद्वि ग्रहादियोगानां
सादीनाञ्च योगानां फलान्याश्रयभावावलोकननिर्याणगत्य
तात्कालिकप्रश्नशुभाशुभनिमित्तानि विवाहादीनाञ्च
करणम् । यात्रायां च तिथिदिवसकरणनक्षत्रमुहूर्तविलग्नयं
स्पन्दनस्वप्नविजयस्नानग्रहयज्ञगणयागाग्निलिङ्गहस्त्यश्वेङ्गि
प्रवादचेष्टादिग्रहषाड्गुण्यापायमंगलामंगलशकुनसैन्यनिवेश
ग्निवर्णामन्त्रिचरदूताटविकानां यथाकालं प्रयोगाः
लम्भोपायाश्चेत्युक्तं चाचार्यैः। जगति प्रसारितमिवालिखितमि

तन्त्रको जानता हो, छाया, जल, यन्त्र आदि द्वारा लग्नको जान सकता
होराशास्त्रमें निपुण हो ऐसे पुरुषकी वाणी कदाचित् भी मिथ्या नहीं हो
आर्य विष्णुगुप्तने कहाभी है कि कदाचित् कोई पुरुष समुद्रको तैरकर पार ह
तो वायुके वेगसे तैरकर पार हो सकता है परन्तु यह कालपुरुषका रूप जो
शास्त्र समुद्र है उसको ऋषिभिन्न मनुष्य मनसेभी पार नहीं हो सकता
शास्त्रमें भी राशि, होरा, द्रेक्काण, नवांश, द्वादशांश, त्रिंशांश और बलाबल
स्थान, काल और चेष्टा आदि अनेक प्रकारसे ग्रहबलका निर्द्धारण है
धातु, द्रव्य, जाति और चेष्टा आदिका परिग्रह, निषेक, जन्मकाल,
प्रत्यय (विश्वास), आदेश, शीघ्रमरण, आयुर्दाय, दशा, अन्तर्दशा
राजयोग, चन्द्रयोग, द्विग्रहादियोग और नाभसादि सब योगोंका फल
भाव, दृष्टि, निर्याण, गति और अनूकादि व तिस कालके सब प्रश्नोंक
कारण, सबही विवाहादि कर्म समूहोंका हेतु यात्राका वर्णन तिथि, दिव
नक्षत्र मुहूर्त, लग्न, योग, शरीरके अंगोंका फडकना, स्वप्न, विजय, स्नान
गणयात्रा, अग्निलिंग, हाथी घोडेके संकेत, सेना प्रवादकी चेष्टा इत्यादि
उपाय, मंगल अमंगलके शकुन, सेनाके वास करनेकी भूमियें, अग्नि
मंत्री, चर, दूत और वनचारियोंका कालानुसार प्रयोग, परदुर्गोपालम्भ
सब यात्राओंका हेतु स्वरूप, यह सब बातें होराशास्त्रोंमें कही हैं । आच
है, जगत्में प्रचार हुएके समान, बुद्धिमें लिखे हुएके समान, हृदयमें
समान भगणसहित शास्त्र अर्थात् इस ज्योतिषशास्त्रको जो

त्कमिव हृदये । शास्त्रं यस्य समग्रगणं नादेशा निष्फलास्त-
॥ ९ ॥ संहितापारगश्च दैवचिन्तको भवति । यत्रैते संहिता-
र्थाः । दिनकरादीनांग्रहाणां चारास्तेषु च [illegible]
वर्णकिरणद्युतिसंस्थानास्तमनोदयमार्गमार्गांतर वक्रानुवक्रर्क्ष-
मागमचारादिभिः फलानिनक्षत्रकूर्मविभागेनदेशेष्वगस्ति-
सप्तर्षिचारो ग्रहभक्तयो नक्षत्रव्यूहग्रहशृङ्गाटकग्रहयुद्धग्रहसमा-
ग्रहवर्षफलगर्भलक्षणरोहिणीस्वात्याषाढीयोगाः सद्योवर्षकुसुम-
परिधिपरिवेषपरिघपवनोल्कादिग्दाहक्षितिचलनसंध्यारागगं-
धर्वनगररजोनिर्घातार्घकांडसस्य [illegible]
घवायसविद्यान्तरचक्रमृगचक्राश्वचक्र [illegible]
लक्षणप्रतिष्ठापनवृक्षायुर्वेददोदगार्गलनीराजनखञ्जनोत्पातशां-
मयूरचित्रकघृतकम्बलखड्गपट्टकृकवाकुकूर्मगोऽजाश्वेभपुरुषस्त्रील-
न्यंतःपुरचिन्तापिटकलक्षणोपानच्छेदवस्त्रच्छेदचामरदण्डश-
सनलक्षणरत्नपरीक्षा दीपलक्षणं दन्तकाष्ठाद्याश्रितानिशुभाशु-

ा है, उसका आदेश कभी निष्फल नहीं होता है ॥ ९ ॥ ज्योतिषशास्त्रकी
ाओंमें चतुर पुरुषही दैवज्ञ हो सकते हैं । क्योंकि संहिताओंमें इन सब
का निरूपण होता है, यथा,—सूर्यादिग्रहकी चाल, तिनमें सूर्यादि सब ग्रहोंका
र, विकार, प्रमाण, वर्ण, किरण, ज्योति, संस्थान, उदय, अस्त, मार्ग, पृथक्
वक्र, अनुवक्र और नक्षत्र, ग्रह, व समागमादिसे कालका निरूपण करना,
विभाग और कूर्मविभागसे सब देशोंमें उसका फल, अगस्त्यकी चाल, सप्त-
की चाल, ग्रहभक्ति, नक्षत्रव्यूह, ग्रहशृंगाटक, ग्रहयुद्ध, ग्रहसमागम, ग्रहण,
ा फल, गर्भलक्षण, रोहिणीयोग, स्वातीयोग, आषाढीयोग, शीघ्र वर्षाका
कुसुम, लता, परिधि (घेरा), परिवेष, परिघ, वायु, उल्का, दिग्दाह,
ल, संध्याका फूलना, गन्धर्वनगर, धूरि, निर्घात, वस्तुओंका महँगा हो जाना,
का उत्पन्न होना, इन्द्रध्वज, इन्द्रधनुष, वास्तुविद्या (राजगीरी थवई आदि)
विद्या, वायसविद्या, अन्तरचक्र, मृगचक्र, अश्वचक्र, वातचक्र, प्रासादलक्षण,
ालक्षण, प्रतिमाप्रतिष्ठा, वृक्षआयुर्वेद, वृक्षदोहद, उदगार्गल, नीरांजन (विस-
), खंजन, उत्पात शान्ति, मयूरचित्रक, घृतलक्षण, कम्बललक्षण, खड्गलक्षण,
क्षण, कृकवाकु (कुक्कुट) लक्षण, कूर्मलक्षण, गोलक्षण, अजालक्षण, कुर
ता) लक्षण, अश्वलक्षण, हस्तिलक्षण, पुरुषलक्षण, स्त्रीलक्षण, अन्तःपुर-
ा, पिटक (वेदादिसे बना हुआ पिटारा) लक्षण, मोतीके लक्षण, वस्त्रच्छेद-
ा, चामरलक्षण, दण्डलक्षण, शय्यालक्षण, आसनलक्षण, रत्नपरीक्षा, दीप-

भानि निमित्तानिसामान्यानिच्च जगतः प्रतिपुरुषं पार्थिवे
क्षणमनन्यकर्माभियुक्तेन दैवज्ञेन चिन्तयितव्यानि । न च
शक्यन्तेऽहर्निशमवधारयितुं निमित्तानि । तस्मात् सुभृते
नान्ये तद्विदश्चत्वारो भर्तव्याः । तत्रैकेनैन्द्री चाग्नेयी च
कयितव्या । याम्या नैर्ऋती चान्येनैवं वारुणी वायव्या
चेति । यस्मादुल्कापातादीनि निमित्तानि शीघ्रमुपगच्छ
तेषां चाकारवर्णस्नेहप्रमाणादिग्रहर्क्षाभिघातादिभिः फल
न्ति ॥ ६ ॥ उक्तञ्च गर्गेण महर्षिणा । कृत्स्नाङ्गोपाङ्गकुश
गणितनैष्ठिकम् । यो न पूजयते राजा स नाशमुपगच्छति
वनं समाश्रिता येऽपि निर्ममा निष्परिग्रहाः । अपि ते
न्ति ज्योतिषां गतिकोविदम् ॥ ८ ॥ अप्रदीपा यथा रा
र्यं यथा नभः । तथाऽसांवत्सरो राजा भ्रमत्यन्ध इवाध्व
मुहूर्त्तं तिथिनक्षत्रमृतवश्चायने तथा । सर्वाण्येवाकुला
स्यात् सांवत्सरो यदि ॥ १० ॥

लक्षण और दन्तकाष्ठादि आश्रित समस्त शुभाशुभनिमित्त इस संहिता
जाते हैं । दैवज्ञलोगोंको उचित है कि दूसरे कार्योंमें मन न लगाकर सं
प्रत्येक पुरुषके लिये समस्त पार्थिव बातोंमें साधारण, असाधारण,
शुभको सर्वदा विचारें । परन्तु दिनरात इन बातोंका शुभाशुभ निर्णय क
आदमीका काम नहीं है, अत एव सुभृत दैवज्ञके साथ इस प्रकारके श
वाले और भी चार आदमियोंको राजा नियत करे । तिनमेंसे एक अ
और अग्निकोणकी बातें देखनी चाहिये । दूसरेको दक्षिण और नैर्ऋत
पश्चिम और वायुकोणकी, चौथेको उत्तर और ईशाणकोणकी बातें दे
कि जिससे उलकापातादि निमित्त शीघ्र मालूम हो जाय । क्योंकि इ
तादिका फल आकार, वर्ण, स्नेहप्रमाणादि और ग्रह नक्षत्र व अभिघा
तही होता है । गर्गाचार्यने कहा है-साङ्गोपांग कुशल, होरा और
चतुर दैवज्ञको जो राजा नहीं पूजता है वह शीघ्रही नाशको प्राप्त
॥ ६ ॥ ७ ॥ वनवासी, ममताहीन और कुछ न ग्रहण करनेवाले पुरु
क्षत्रादिकी गति जाननेवाले पंडितोंसे सब बातें पूछा करते हैं ॥ ८ ।
रात्रि और सूर्यहीन आकाशके समान दैवज्ञहीन राजा भी शोभायमान
वरन् वह अन्धेके समान कुपंथमें घूमा करता है ॥ ९ ॥ विना दैवज्ञके

ज्ञाभिगन्तव्यो विद्वान् सांवत्सरोऽग्रणीः । जयं यशः श्रियं
श्रेयश्च समभीप्सता ॥ ११ ॥ नासांवत्सरिके देशे वस्तव्यं
च्छता । चक्षुर्भूतो हि यत्रैष पापं तत्र न विद्यते ॥ १२ ॥
त्सरपाठी च नरकेषूपपद्यते । ब्रह्मलोकप्रतिष्ठाञ्च लभते
तकः ॥ १३ ॥ ग्रन्थतश्चार्थतश्चैतत् कृत्स्नं जानाति यो
अग्रभुक् स भवेच्छ्राद्धे पूजितः पंक्तिपावनः ॥ १४ ॥
हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदं स्थितम् । ऋषिवत्तेऽपि
किं पुनर्दैवविद्द्विजः ॥ १५ ॥ कुहकावेशपिहितैः कर्णोपश्रु-
भः । कृतादेशो न सर्वत्र प्रष्टव्यो न स दैववित् ॥ १६ ॥
त्वैव यः शास्त्रं दैवज्ञत्वं प्रपद्यते । स पंक्तिदूषकः पापो
क्षत्रसूचकः ॥ १७ ॥ नक्षत्रसूचकोद्दिष्टमुपवासं करोति यः
त्यन्धतामिस्रं साधंमृक्षविडंबिना ॥ १८ ॥ नगरद्वारलोष्टस्य

ऋतु और अयनादि सब उलट पलट हो जायँ ॥ १० ॥ इस कारण
ा, श्री, भोग और मंगलार्थी राजाको विद्वान् और अग्रणी दैवज्ञके निकट
र्थात् सब कुछ जान लेना उचित है ॥ ११ ॥ जिस देशमें दैवज्ञ न रहता
देशमें वास करना उचित नहीं है, क्योंकि सब बातोंका नेत्ररूप दैवज्ञ
ा करता है वहां पर कोई भी पाप नहीं रहता है ॥ १२ ॥ दैवज्ञके
नेसे या दैवज्ञको पढानेसे नरकमें नहीं जाना पडता, वरन् दैवचिन्तक
ह्मलोकमें प्रतिष्ठा मिलती है ॥ १३ ॥ जो ब्राह्मण इस विषयको ग्रंथके
वा अर्थ के अनुसार भलीभांति जान लेते हैं, वह श्राद्धमें प्रथम
करनेवाले और पंक्तिपावन होकर सब जगह पूजे जाते हैं ॥ १४ ॥
ा यवनके पासभी जो यह शास्त्र हो तो ऋषिलोगोंके समान उनकी
ा करना चाहिये, फिर दैवचिन्तक ब्राह्मणके लिये इससे अधिक
क्या कहा जाय ॥ १५ ॥ किसी प्रकारसे कुहक (माया धोखा,
ी) गर्वसे ढका हुआ अथवा कानोंसे श्रवण करनेके हेतु विशिष्ट अर्थात्
जन होनेपर दैवज्ञसे कोई बात न पूछे और दैवज्ञ भी न कहे ॥ १६ ॥ जो
ना शास्त्रके जाने हुए दैवज्ञ हो जाय, उस पंक्तिदूषक पापात्माको "नक्षत्र
(पाडिया) जाने ॥ १७ ॥ नक्षत्रसूचकके उपदेश किये हुए उपवासा-
ि पुरुष करता है, वह आदमी उस नक्षत्रसूचकके साथ अंधतामिस्र नामक
ड़ता है ॥ १८ ॥ नगरद्वारलोष्टकी प्रार्थनाके (षष्ठिशालग्रामादि होनेके

यद्वत् स्यादुपयाचितम् । आदेशस्तद्वदज्ञानां यः सत्यः स वि
च्यते ॥ १९ ॥ सम्पत्त्या योजितादेशस्तद्विच्छिन्नकथाप्रिय
मत्तः शास्त्रैकदेशेन त्याज्यस्ताहङ्‌ महीक्षिता ॥ २० ॥
सम्यग्विजानाति होरागणितसंहिताः । अभ्यर्च्यः स नरेन्द्रेण
कर्तव्यो जयैषिणा ॥ २१ ॥ न तत्सहस्रं करिणां वाजिनां वा
र्गुणम् । करोति देशकालज्ञो यदेको दैवचिन्तकः ॥ २२ ॥ दु
प्नदुर्विचिन्तितदुष्प्रेक्षितदुष्कृतानि कर्माणि । क्षिप्रं प्रयान्ति
शशिनः श्रुत्वा भसंवादम् ॥ २३ ॥ न तथेच्छति भूपतेः
जननी वा स्वजनोऽथवा सुहृत् । स्वयशोऽभिविवृद्धये यथा
मासः सबलस्य दैववित् ॥ २४ ॥

इतिश्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां सांवत्सरसूत्रं नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २

तृतीयोऽध्यायः ।

आश्लेषार्धाद्दक्षिणमुत्तरमयनं धनिष्ठाद्यम् । नूनं कदा
सीद् येनोक्तं पूर्वशास्त्रेषु ॥ १ ॥ साम्प्रतमयनं सवितुः कर्कट

अभिलाषके) समान, अज्ञानी पुरुषका आदेश कभी सत्य भी हो जाता है ॥
सम्पत्तियुक्त अर्थात् अनेक प्रकारके अर्थको बतानेवाले, अथवा सम्पत्तिहीन
जिसको अत्यन्त प्यारी हो और थोड़ेसेही ज्ञानसे मतवाले होनेवाले है
राजा त्याग देवे ॥ २० ॥ होरा, गणित और संहितामें उत्तम ज्ञान रखनेवाले
ज्ञको जीतकी इच्छा करनेवाला राजा लोग पूजें और उसको अंगीकार करें
एक देशकालका जाननेवाला दैवचिंतक जो काम करनेका सामर्थ्य रखता है
कार्यको हजार हाथी या चार हजार घोड़े नहीं कर सकते ॥ २२ ॥ दैवज्ञके
चन्द्रका नक्षत्रसंवाद श्रवण करनेसे बुरे स्वप्न, बुरे देखे हुए और बुरे कर्म
शीघ्रही नाश हो जाता है ॥ २३ ॥ दैवज्ञलोग अपना यश बढानेके अर्थ
राजाका इस प्रकार हित करते हैं कि जिस प्रकार उस राजाके पिता, माता,
और भाई बन्धुभी नहीं कर सकते ॥ २४ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाब
स्तव्यपण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां द्वितीयोऽध्यायः ॥

निश्चयही किसी समयमें आश्लेषा नक्षत्रके अर्द्धभागसे दक्षिणायन औ
ष्ठाके प्रथमसे उत्तरायण प्रचलित था, नहीं तो पहिले शास्त्रोंमें इसका वर्ण

गादित्यश्चान्यत् । उक्तो भावो विकृतिः प्रत्यक्षपरीक्षणैर्व्यक्तिः २ ॥ ... वा सहस्रांशोः । छाया-प्रवेशनिर्गमचिह्नैर्वा मण्डले महति ॥ ३ ॥ अप्राप्य मकरमर्को निवृत्तो हन्ति सापरां याम्याम् । कर्कटकमसम्प्राप्तो विनिवृत्त-श्चोत्तरां सैन्द्रीम् ॥४॥ उत्तरमयनमतीत्य व्यावृत्तः क्षेमसस्यवृद्धि-करः । प्रकृतिस्थश्चाप्येवं विकृतगतिर्भयकृदुष्णांशुः ॥ ५ ॥ सत-र्कं पर्व विना त्वष्टा नामार्कमण्डलं कुरुते । स निहन्ति सप्त भूपान् जनांश्च शस्त्राग्निदुर्भिक्षैः ॥ ६ ॥ तामसकीलकसंज्ञा राहुसुताः केतवस्त्रयस्त्रिंशत् । वर्णस्थानाकारैस्तान् दृष्ट्वार्के फलं ब्रूयात् ॥७॥ चार्कमण्डलगताः पापफलाश्चन्द्रमण्डले सौम्याः । ध्वाङ्क्षक-बन्धप्रहरणरूपाः पापाः शशाङ्केऽपि ॥ ८ ॥ तेषामुदये रूपाण्य-म्भः कलुषं रजोवृतं व्योम । नगतरुशिखरविमर्दी सशर्करो मारु-तश्चण्डः ॥ ९ ॥ ऋतुविपरीतास्तरवो दीप्ता मृगपक्षिणो दिशां दाहः । निर्घातमहीकम्पादयो भवन्त्यत्र चोत्पाताः ॥ १० ॥ न

है ? परन्तु सूर्यका जो अयन इस समयमें प्रचलित है वह कर्कटकी आदि और मकरके प्रथमसे ही आरम्भ होता है इस विषयके अभावकोही विकृति कहते हैं प्रत्यक्ष परीक्षा करनेसे जो ठीक होगा उसकोही प्रकाशित किया जायगा ॥ १ ॥ २ ॥ सूर्यके उदय वा अस्तकालमें महामंडलकी दूरीके चिह्नोंके वेधसे अथवा महामण्डलमें छायाके प्रवेश और छायाके निकलनेके चिह्नोंसे अयनकी परीक्षा होती है । ३ ॥ सूर्य विना मकरराशिमें गये यदि लौट आवें तो दक्षिण-पश्चिम दिशाका नाश करते हैं, और जो विना कर्कराशितक गये लौट आवें तो पूर्व-उत्तर दिशाको नष्ट करते हैं, यदि उत्तरायणको लांघकर लौट आवें तो मंगल होता है, धान्यकी वृद्धि होती है, इसको ही प्रकृतिस्थ सूर्य कहते हैं, सूर्यकी गति विकृत होनेसे भय होता है ॥ ४ ॥ ५ ॥ यदि विना पर्वकालके सूर्य अपने मंडलको राहुयुक्त करे तब सात राजाओंकी मृत्यु होगी और शस्त्र अग्नि वा दुर्भिक्ष आदिसे मनुष्योंका नाश होगा ॥ ६ ॥ तामस और कीलकादि नामवाले राहुके पुत्र केतु तेतीस प्रकारके हैं, वर्ण स्थान और आकारादिसे सूर्यमंडलमें उनको देखकर फल निर्णय करना चाहिये ॥ ७ ॥ वह यदि सूर्यमंडलमें जाय तो अमंगलकारक हैं, परन्तु चन्द्रमंडलमें जाय तो शुभफलको देते हैं, जो यह चन्द्रमंडलमें काक, कबन्ध या शस्त्रके रूपसे प्रकाशित होवें तो अमंगलदायक हैं ॥ ८ ॥ इन केतुओंका उदय होनेसे सबहीमें उथल पुथल हो जाती हैं, जल मलीन हो जाता है, आकाशमें धूलि छा जाती है, पर्वत और वृक्षोंके शिखरको मर्दन करनेवाला प्रचण्ड पवन चलता

पृथक् फलानि तेषां शिखिकीलकराहुदर्शनानि यदि । तदुद
रणमेषां केत्वादीनां फलं ब्रूयात् ॥ ११ ॥ यस्मिन् यस्मिन्
दर्शनमायान्ति सूर्यबिम्बसंस्थाः । तस्मिंस्तस्मिन् व्यसनं म
तीनां परिज्ञेयम् ॥ १२ ॥ क्षुत्प्रम्लानशरीरा मुनयोऽप्युत्सृष्ट
चरिताः । निर्मांसबालहस्ताः कृच्छ्रेणायान्ति परदेशान् ॥ १
तस्करविलुप्तवित्ताः प्रदीर्घनिःश्वासमुकुलिताक्षिपुटाः । सन्तः
शरीराः शोकोद्भवबाष्परुद्धदृशः ॥ १४ ॥ क्षामा जुगुप्स
स्वनृपतिपरचक्रपीडिता मनुजाः । स्वनृपतिचरितं कर्म च प
प्रब्रुवन्त्यन्ये ॥ १५ ॥ गर्भेष्वपि निष्पन्ना वारिमुचो न
वारिमुचः।सरितो यान्ति तनुत्वं क्वचित् क्वचिज्जायते सस्यम् ॥
दण्डे नरेन्द्रमृत्युर्व्याधिभयं स्यात् कबन्धसंस्थाने।ध्वाङ्क्षे च
रभयं दुर्भिक्षं कीलकेऽर्कस्थे ॥१७॥ राजोपकरणरूपैश्छत्रध्व

करती है, वृक्ष ऋतुसे विपरीत हो जाते हैं, मृग और पक्षी इत्यादि प्रदीप्त
ओंकी ओर दौडते या शब्द करते हैं, दिग्दाह, निर्घात और भौंचाल आदि
उत्पात होते हैं ॥ ९ ॥ १० ॥ इन राहुके पुत्रोंमें यदि बाण या साम्भादि
राहुको दर्शन होय तो पहिलेके समान फल कहना चाहिये, इस प्रकार
उदयका कारण और केतु आदिका फलाफल निर्णय करे ॥ ११ ॥ सूर्यबि
केतु जिन जिन देशोंमें दिखाई दे, उन्हीं २ देशोंके राजाका अमंगल होगा
इनके उदय होनेसे मुनिलोगभी भूंखसे थकित देहवाले और स्वधर्म व श्रेष्ठ
हीन होकर मांसहीन बालकोंको हाथमें लेकर अतिकष्टसे दूसरे देशोंमें जायँगे
साधुओंके वित्तको तस्कर चुरा लेंगे, इस कारण वह लम्बे लम्बे सांस छो
नेत्रोंसे आंसू बहाते व्याकुल देहसे शोकके मारे गद्गद कंठ होकर रहेंगे ।
तिस कालमें मनुष्य अपने राजा या दूसरे राजचक्रसे अत्यन्त दुबले होकर
कारी हो जायँगे, कोई स्वदेशीय राजाके चरित्र या पराकृत कर्म भी निन्द
॥ १५ ॥ मेघ गर्भयुक्त होकरही रहेंगे, बहुतसा जल नहीं देंगे, नदियें कम ज
हो जायँगी, धान कहीं कहीं उत्पन्न होगा ॥ १६ ॥ सूर्यमण्डलमें द
केतु दिखाई देनेसे राजाका मरण होता है, कबन्ध दिखलाई देनेसे व
भय उत्पन्न होता है, ध्वांक्षाकार दिखलाई देनेसे चोरभय और
आकार दीखनेसे अकाल होता है ॥ १७ ॥ राजाके उपकरणरू

१ दीप्ता इत्यादि दिशाओंका वर्णन शकुनाध्यायमें करेंगे ।

मरादिभिर्विद्धः । [illegible] ॥ १८ ॥
एकोदुर्भिक्षकरो द्व्याद्याः स्युर्नरपतेर्विनाशाय । सितरक्तपीतकृष्णै
स्तैर्विद्धोऽर्कोऽनुवर्णघ्नः ॥ १९ ॥ दृश्यन्ते च यतस्ते रविबिम्बस्यो
त्थिता महोत्पाताः । आगच्छति लोकानां तेनैव भयं प्रदेशेन ॥ २० ॥
ऊर्ध्वकरो दिवसकरस्ताम्रः सेनापतिं विनाशयति । पीतो नरेन्द्रपुः
श्वेतस्तु पुरोहितं हन्ति ॥ २१ ॥ चित्रोऽथवापि धूम्रो रविरश्मि
र्व्याकुलां करोति महीम् । तस्करशस्त्रनिपातैर्यदि सलिलं नाशु
पातयति ॥ २२ ॥ ताम्रः कपिलो वार्कः शिशिरे हरिकुंकुमच्छ
विश्च मधौ । आपाण्डुकनकवर्णो ग्रीष्मे वर्षासु शुक्लश्च ॥ २३ ॥
शरदि कमलोदराभो हेमन्ते रुधिरसन्निभः शस्तः । प्रावृट्काले
स्निग्धः सर्वर्तुनिभोऽपि शुभदायी ॥ २४ ॥ रूक्षः श्वेतो विप्रान्
रक्ताभः क्षत्रियान्विनाशयति । पीतो वैश्यान् कृष्णस्ततोऽपरान्
शुभकरः स्निग्धः ॥ २५ ॥ ग्रीष्मे रक्तोभयकृद्वर्षास्वसितःकरोत्य

ध्वज. चामरादि चिह्न यदि सूर्यमण्डलमें विधे हुए हों तो राज्यकी बदली होती है और चिनगारी या धूमादिसे ढक जानेपर सब मनुष्योंकी मृत्यु होती है ॥ १८ ॥ पूर्वश्लोकोक्त छत्रादि एक चिह्नके सूर्य विद्ध होवे तो दुर्भिक्ष होता है, दो आदि विद्ध होवे तो राजाका नाश होता है, सपेद, लाल, पीला और काला इन वर्णवाले पूर्वोक्त चिह्नसे विद्ध होनेपर क्रमसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रका नाश होता है ॥ १९ ॥ उत्पन्न हुए यह महाउत्पात रविबिम्बमें जहां कहीं दिखाई देंगे, उस देशके रहनेवाले सब लोगोंको भय होगा ॥ २० ॥ सूर्यके ऊपर भागकी किरण जो ताम्ररंगकी हो तो सेनापतिका नाश होता है, पीतरंगकी हो तो राजपुत्रका और श्वेतवर्णकी हो तो राजपुरोहितका नाश होता है ॥ २१ ॥ सूर्यका किरणमण्डल यदि अनेक रंगोंसे रंगा हुआ होय अथवा धूम्रवर्ण होय, यदि शीघ्र वर्षा न हो तो चोरोंसे या शस्त्रनिपातादिसे समस्त पृथिवी व्याकुल होगी ॥ २२ ॥ सूर्यमण्डल शिशिरकालमें ताम्रवर्ण या कपिलवर्ण, वसन्तकालमें हरित कुमकुमके समान ग्रीष्मकालमें कुछ एक पाण्डुवर्ण (श्वेत और पीत मिला हुआ) और स्वर्णके समान, वर्षाकालमें शुक्लवर्ण, शरदकालमें कमलके गर्भकी छविके समान और हेमन्तकालमें रक्तवर्ण होनेपर शुभकारक है, परन्तु वर्षाकालमें स्निग्ध होनेपर अशुभ होता है ॥ २३ ॥ २४ ॥ रूखा या श्वेतवर्ण होनेसे ब्राह्मणोंका नाश होता है रक्तकी आभायुक्त होनेपर क्षत्रीका नाश, पीतवर्णसे वैश्यका और काला वर्ण होनेसे शूद्रका नाश होता है, सूर्यके इन सब रंगोंमें चमक हो तो शुभ होता है ॥ २५

नावृष्टिम् । हेमन्ते पीतोऽर्कः करोत्यचिरेण रोगभयम् ॥ २
सुरचापपाटिततनुर्नृपतिविरोधप्रदः सहस्रांशुः । प्रावृट्काले
करोति विमलद्युतिर्वृष्टिम् ॥ २७ ॥ वर्षाकाले वृष्टिं करोति
शिरीषपुष्पाभः । शिखिपत्रनिभः सलिलं न करोति द्वादश
॥ २८ ॥ श्यामेऽर्के कीटभयं भस्मनिभे भयमुशन्ति परच
यस्यर्क्षे सच्छिद्रस्तस्य विनाशः क्षितीशस्य ॥ २९ ॥ शश
निभे भानौ नभस्तलस्थे भवन्ति संग्रामाः । शशिसदृशे नृप
क्षिप्रं चान्यो नृपो भवति ॥ ३० ॥ क्षुन्मारकृद्घटनिभः
नृपहा विदीधितिर्भयदः । तोरणरूपः पुरहा छत्रनिभो देशन
॥ ३१ ॥ ध्वजचापनिभे युद्धानि भास्करे वेपने च रूक्षे
कृष्णा रेखा सवितरि यदि हन्ति नृपं ततः सचिवः ॥

कुटजेन ॥ १२ ॥ दूर्वाकुशकुसुमाभ्यामिक्षुर्वह्निश्च कोविदारेण।
श्यामालताभिवृद्ध्या बन्धक्यो वृद्धिमायान्ति ॥ १३ ॥ यस्मि-

महुएसे गेहूं और सप्तपर्णसे जौकी वृद्धि जानना चाहिये ॥ ४ ॥ अतिमुक्तक और कुन्द इन दोनों पुष्पवृक्षकी वृद्धिसे कपास, असनासे सरसों, बेरसे कुलथी और चिरादावेलसे मूंगको जानना चाहिये ॥ ५ ॥ वेतससे अलसी, पलाशसे कोदोंकी वृद्धि, तिलकसे शंख, मोती और चांदीकी वृद्धि और इंगुदीकी वृद्धिसे शनकी उत्पत्ति होती है ॥ ६ ॥ हस्तिकर्णसे हाथियोंकी, अश्वकर्णसे घोडोंकी, पाटलाकी वृद्धिसे गायोंकी और कदलीसे बकरी और भेडोंकी वृद्धि होती है ॥ ७ ॥ चम्पाके फूलसे सुवर्ण, दुपहरियाके फूलसे मूंगा, कुरबककी वृद्धिसे वज्र, नन्दिकावर्तसे वैदूर्य, सिन्धुवारकी वृद्धिसे रत्नोंकी वृद्धि, कुसुम्भसे केशर, लालकमलसे राजा और नील कमलसे मंत्री कहा जाता है ॥ ८ ॥ ९ ॥ सुवर्णपुष्पसे वणिक, पद्मसे विप्र, कुमुदसे पुरोहित, सुगन्धद्रव्यसे सेनापति, आकके वृक्षसे सुवर्ण, आमसे कल्याण, भिलावेसे भय, पीलुसे आरोग्य, खैर और शमीसे दुर्भिक्ष, अर्जुनसे शुभकरी वृष्टि, नीम और नागकुसुमसे सुभिक्ष, कैथसे पवन, निचुलसे अवृष्टिका भय और कुटजसे व्याधिभयका ज्ञान होता है ॥ १० ॥ ११ ॥ १२ ॥ दूब और कुशके बढनेसे ईख, कचनारसे आग और श्यामालताकी वृद्धिसे व्यभिचारिणी स्त्रियें बढती हैं ॥ १३ ॥ जिस देशमें वृक्ष और गुल्म और लताओंके पत्ते चिकने और छेदसे रहित

न्देशे स्निग्धनिश्छिद्रपत्राः संदृश्यन्ते वृक्षगुल्मा लताश्च । त
वृष्टिः शोभना सम्प्रदिष्टा रूक्षैश्छिद्रैरल्पमम्भः प्रदिष्टम् ॥
इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृह०कुसुमलताध्याय एकोनत्रिंशोऽध्यायः

अथ त्रिंशोऽध्यायः ।

संध्यालक्षणम् ।

अर्द्धास्तमितानुदितात् सूर्यादस्पष्टभं नभो यावत् । तावत् स
कालश्चिह्नैरेतैः फलं चास्मिन् ॥ १ ॥ मृगशकुनपवनपरिवे
धिपरिघाभ्रवृक्षसुरचापैः । गन्धर्वनगररविकरदण्डरजः स्नेह
॥ २ ॥ भैरवमुच्चैर्विरुवन् मृगोऽसकृद् ग्रामघातमाचष्टे । रां
दक्षिणतो महास्वनः सैन्यघातकरः ॥ ३ ॥ अपसव्ये संग्राम
सेनासमागमः शान्ते । मृगचक्रे पवने वा सन्ध्यायां मिश्र
॥ ४ ॥ दीप्तमृगाण्डजविरुता प्राक् सन्ध्या देशनाशमाख्या
दक्षिणदिक्स्थैर्विरुता ग्रहणाय पुरस्य दीप्तास्यैः ॥ ५ ॥

दिखाई दें उस देशमें शुभ वर्षा होगी और जिसमें वृक्षोंके पत्ते रूखे औ
दार हों वहां थोडा २ जल वर्षता है ॥ १४ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुर
वादबास्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां—
मेकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥ २९ ॥

. प्रतिदिन सूर्यके अर्द्धास्त हो जानेके समयसे जबतक आकाशमें नक्ष
भांति दिखाई न दें तबतक संध्याकाल रहता है ऐसाही अर्द्धोदित सूर्य
तारादर्शनतक सन्ध्याकाल है ॥ १ ॥ मृग, शकुन, पवन परिवेष, परिघ
मेघ, वृक्ष, इन्द्रधनुष, गंधर्वनगर, सूर्यकिरण, दण्ड, धूरि, स्नेह और वर्ण (
लक्षणोंसे संध्याका फल कहा जाता है ॥ २ ॥ बारंबार ऊँचा भयंकर शब्द
हुआ मृग ग्रामके नष्ट होनेकी सूचना करता है । सेनाके दक्षिणभागमें f
सूर्यके सोहीं मुख कर महान् शब्द करे तो सेनाका नाश होता है ॥ ३
दक्षि में शान्त होनेसे संग्राम और वाममें होनेसे सेनाका समागम होता है
कालमें मृग चक्र वा पवनके मिश्र या मिली हुई दिशाओंमें चलनेसे वर्षा ह
पूर्वमें प्रातःसन्ध्याके समय सूर्यकी ओरको मुख करके मृग और पक्षिये
युक्त संध्या देशके नाशकी सूचना प्रकाश करती है. दक्षिण दिश
सूर्यकी ओर मुख किये मृग पक्षियों करके शब्दायमान नगर शत्रुओं व

रुतोरणमथने सपांसुलोष्टोत्करेऽनिले प्रबले । भैरवरावे रूक्षे
पातिनि चाशुभा सन्ध्या ॥ ६ ॥ मन्दपवनावघट्टित-
ऽतपलाशद्रुमा विपवना वा । मधुरस्वरशान्तविहङ्गमृगरुता
ता सन्ध्या ॥ ७ ॥ सन्ध्याकाले स्निग्धा दण्डतडिन्मत्स्य-
धिपरिवेषाः । सुरपतिचापैरावतरविकिरणाश्चाशु वृष्टिकराः
: ॥ विच्छिन्नविषमविध्वस्तविकृतकुटिलापसव्यपरिवृत्ताः ।
ह्रस्वविकलकलुषाश्च विग्रहावृष्टिदाः किरणाः ॥ ९ ॥ उद्द्यो-
: प्रसन्ना ऋजवो दीर्घाः प्रदक्षिणावर्ताः । किरणाः शिवाय
तो वितमस्के नभसि भानुमतः ॥ १० ॥ शुक्लाः करा दिन-
दिवादिमध्यान्तगामिनः स्निग्धाः । अव्युच्छिन्ना ऋजवो
करास्ते ह्यमोघाख्याः ॥ ११ ॥ कल्माषबभ्रुपिला विचित्र-
ऽष्ठहरितशबलाभाः । त्रिदिवानुबन्धिनो वृष्टयेऽल्पभयदास्तु
हात् ॥ १२ ॥ ताम्रा बलपतिमृत्युं पीतारुणसन्निभाश्चतद्-

लिया जाता है ॥ ५ ॥ गृह, वृक्ष, तोरणमथन और धूरिके साथ मट्टीके
को उडानेवाला पवन, प्रबल वेग और भयङ्कर रूखे शब्दसे पक्षियोंको गिरावें
अशुभकारी सन्ध्या होती है ॥ ६ ॥ सन्ध्याकालमें मन्द पवनके प्रवाहसे हिलते
पलाश अथवा वायुरहित हो और मधुर स्वरसे शान्त दिशामें विहङ्ग और
के नाद करनेसे सन्ध्या पूजित होती है ॥ ७ ॥ संध्याकालमें दण्ड, तडित,
, मंडल, परिवेष, इन्द्रधनु, ऐरावत और सूर्यकी किरण इन सबका स्निग्ध
शीघ्र वर्षाको लाता है ॥ ८ ॥ टूटी फूटी, टेढी वेडी, विध्वस्त, विकराल,
, बांई ओरको झुकी हुई, छोटी २ विकल और मलीन सुर्यकी किरणें संध्या
में हों तो युद्ध हो, वर्षा नहीं हो ॥ ९ ॥ अन्धकारहीन आकाशमें सूर्यकी
णोंका निर्मल, प्रसन्न, सीधा, दीर्घताका प्राप्त होना और प्रदक्षिणाके आकारमें
। संसारके मंगलका कारण होता है ॥ १ ॥ सूर्यके किरण दिनके आदि मध्य
अन्तगामी होकर, चिकने, अखंडित, सीधे और श्वेत हों तो वर्षा होती है
इनका नाम अमोघ है ॥ ११ ॥ वही काले, पीले, कपिल, लाल, हरे अनेक
रके होकर आकाशमें फैल जायँ तो वर्षाके कारणरूप हैं, परन्तु एक सप्ताहतक
एक भयदायी हैं ॥ १२ ॥ इनके ताम्ररंग होनेमें सेनापतिकी मृत्यु होती है,
और लालरंगके समान हों तो सेनापतिको दुःख होता है, हरे रंगके होनसे
और धान्यका नाश होता है, धूम्रवर्णसे गोनाश, मंजीठकी आभाके समान
र होनेसे शस्त्र व अग्निका भय होता है, पीछे हों तो पवनके साथ वर्षा होती

व्यसनम् । हरिताः पशुसस्यवधं धूमसवर्णा गवां नाशम् ॥१
माञ्जिष्ठाभाः शस्त्राग्निसम्भ्रमं बभ्रवः पवनवृष्टिम् । भस्मसदृ
स्त्ववृष्टिं तनुभावं शबलकल्माषाः ॥ १४ ॥ बन्धूकपुष्पाञ्जनचू
सन्निभं सान्ध्यं रजोऽभ्येति यदा दिवाकरम् । लोकस्तदा रोग
र्निपीड्यते शुक्लं रजो लोकविवृद्धिशान्तये ॥ १५ ॥ रविकि
जलदमरुतां संघातो दण्डवत् स्थितो दण्डः । स विदिक्स्
नृपाणामशुभो दिक्षु द्विजातीनाम् ॥ १६ ॥ शस्त्रभयातंककरो
प्राङ्मध्यसन्धिषु दिनस्य । शुक्लाद्यो विप्रादीन् यदभिमुख
निहन्ति दिशम् ॥ १७ ॥ दधिसदृशाग्रो नीलो भानुच्छादी ख
ध्यगोऽभ्रतरुः । पीतच्छुरिताश्च घना घनमूला भूरिवृष्टिकराः ॥१
अनुलोमगेऽभ्रवृक्षे समुद्गते यायिनो नृपस्य वधः । बालतरुप्र
पिणि युवराजामात्ययोर्मृत्युः ॥१९॥ कुवलयवैदूर्याम्बुजकिञ्ज
भा प्रभञ्जनोन्मुक्ता । सन्ध्या करोति वृष्टिं रविकिरणोद्भासिता
॥ २० ॥ अशुभाकृतिघनगन्धर्वनगरनीहारपांसुधूमयुता । प्रा

है, भस्म समान होनेसे अनावृष्टि और सबल और कल्माष रंगके होनेसे वृ
क्षीणभाव हो जाता है ॥१४॥ संध्याकालकी धूरि दुपहरियाके फूल और अं
चूर्णके समान काली होकर जब सूर्यके सामनेको जाती है तब मनुष्य सैकडों
रके रोगोंमे पीडित होते हैं, इसका श्वेत होना मनुष्योंकी वृद्धि और शान्तिका क
होता है।१५। सूर्यके किरण जल और पवनसे मिलकर दंडके समान हो जायँ तो
दंड होता है, वह विदिक्में स्थित हो तो राजाओंको और दिक्में स्थिर होकर
तियोंको अशुभकारी होता है ॥ १६ ॥ दिन निकलनेसे पहले और मध्य सन्धि
दंड दिखाई दें तो शस्त्रभय और रोगभयका करनेवाला होता है, शुक्लादि वर्णका
ब्राह्मणोंको और जिनके सम्मुख स्थित हो उन दिशाओंको हनन करता है ।
आकाशमें सूर्यके ढकनेवाले दहीके समान किनारेदार नीले मेघको अभ्रतरु
हैं । यह और पीले रंगका मेघ जो घनमूल अर्थात् उसके नीचे मुख युक्त ह
बहुतसा जल वर्षाता है ॥ १८ ॥ अभ्रतरु शत्रुके ऊपर चढ जानेवाले राजाके
२ चलकर अकस्मात् शान्त हो जाय तो युवराज और मंत्रीका नाश हो ज
॥ १९ ॥ नीलकमल, वैदूर्य और पद्मकेशरके समान कांतियुक्त, पवनहीन
यदि सूर्यकी किरणोंसे प्रकाशित हो तो वर्षा करती है ॥ २० ॥ अशुभका

रोत्यवग्रहमन्यतौ शस्त्रकोपकरी ॥ २१ ॥ शिशिरादिषु वर्णाः
ोणपीतसितचित्रपद्मरुधिरनिभाः । प्रकृतिभवाः सन्ध्यायां स्वर्तौ
ास्ता विकृतिरन्या ॥ २२ ॥ आयुधभृन्नररूपं छिन्नाभ्रं परभयाय
विगामि । सितखपुरेऽर्काक्रान्ते पुरलाभो भेदने नाशः ॥ २३ ॥
ुतनितान्तघनावरणं रवेर्भवति वृष्टिकरं यदि सव्यतः । यदि च
ोरणगुल्मनिभैर्घनैर्दिवसभर्तुरदीप्तदिगुद्भवैः ॥ २४ ॥ नृपविपत्ति-
रः परिघः सितः क्षतजतुल्यवपुर्बलकोपकृत् । कनकरूपधरो बल-
द्धिदः सवितुरुद्गमकालसमुत्थितः ॥२५॥ उभयपार्श्वगतौ परिधी
वेः प्रचुरतोयभृतो वपुषान्वितौ । अथ समस्तककुप्परिवारिणः
रिधयोऽस्ति कणोऽपि न वारिणः ॥ २६ ॥ ध्वजातपत्रपर्वतद्वि-
ाश्वरूपधारिणः । जयाय सन्ध्ययोर्घना रणाय रक्त सन्निभाः
२७॥ पलालधूमसञ्चयस्थितोपमा बलाहकाः । बलान्यरूक्षमूर्त-

धर्वनगरी, हिम, धूरि और धूम (कुहर) युक्त संध्या वर्षाकालमें वर्षाकी कमी
रती है व और ऋतुमें हो तो शस्त्रका कोप करनेवाली होती है॥२१॥शिशिरादिऋ-
में संध्याका स्वभावसे उत्पन्न हुआ रंग जो लाल, पीला, श्वेत, चित्रविचित्र, पद्म
ौर रुधिरके समान होता है जैसी ऋतु हो वैसाही वर्ण हो तो कल्याणदायी है,दूसरा
ग हो तो विकार होता है॥२२॥ शस्त्र धारण किये नररूपधारी सूर्यके सन्मुखके मेघ
ो छिन्नभिन्न हों तो शत्रुभय होता है, श्वेत आकाशमें गंधर्वनगर जो सूर्यको ढक
तो आक्रमणकारी राजाको घेरा हुआ नगर प्राप्त हो जाता है,सूर्यनगर गंधर्वनग-
का भेदन करे तो नगरका शत्रुसे नाश हो जाता है॥२३॥ शुक्लवर्ण और शुक्ल किना-
ाले मेघ जो बांई ओरसे सूर्यको ढके अथवा उशीर (खस) गुल्मकी समान अदीप्त
िशासे उत्पन्न हुए बादलसे जो सूर्य ढक जाय तो वर्षा करनेवाला होगा ॥ २४ ॥
ूर्यके उदयकालमें जो शुक्लवर्णका परिघ दिखाई दे तो, राजाको विपद होती है,
क्तवर्णसे सेनाका कोप होता है और कनकरूपधारीसे बलकी वृद्धि होती है ॥२५॥
ूर्यके दोनों ओरकी परिधि जो शरीरवाली हो जाय तो बहुतसा जल वर्षता है,सब
रिधि दिशाओंको घेर लें तो जलका एक कणभी नहीं गिरता॥२६॥सन्ध्याकालके
घ ध्वज, छत्र, पर्वत,हस्ती और घोडेका रूप धारण करे तो जयका कारण है और
क्तके समान लाल हो तो रणके कारण होते हैं॥२७॥पलालके धुएँके समान स्निग्ध

यो विवर्द्धयन्ति भूभृताम् ॥२८॥ विलम्बिनो द्रुमोपमाः खररु
प्रकाशिनः । घनाः शिवाय सन्ध्ययोः पुरोपमाः शुभावहाः॥२९
दीप्तविहङ्गशिवामृगघुष्टा दण्डरजःपरिघादियुता च । प्रत्यहमं
कारयुता वा देशनरेशसुभिक्षवधाय ॥ ३० ॥ प्राची तत्क्षणमे
नक्तमपरा सन्ध्या त्र्यहाद्वा फलं सप्ताहात्परिवेषरेणुपारिघाः कु
न्ति सद्यो न चेत् । तद्वत्सूर्यकरेन्द्रकार्मुकतडित्प्रत्यर्कमेघानिल
स्तौ मत्रैव दिने ऽष्टमेऽथ विहगाः सप्ताहपाका मृगाः ॥ ३१ ॥ ए
दीप्त्या योजनं भाति सन्ध्या विद्युद्भासा षट् प्रकाशीकरो
पञ्चाब्दानां गर्जितं याति शब्दो नास्तीयत्ता काचिदुल्कानिप
॥ ३२ ॥ प्रत्यर्कसंज्ञाः परिधिस्तु तस्य त्रियोजनाभा परिघ
पञ्च । षट् पञ्च दृश्यं परिवेषचक्रं दशामरेशस्य धनुर्विभाति॥३३

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहि०सन्ध्यालक्षणं नाम त्रिंशोऽध्यायः॥ ३०

मूर्तिधारी मेघ राजालोगोंके बलको बढाते हैं ॥२८॥ मेघ संध्याकालमें तीक्ष्ण सू
प्रकाशक वृक्षाकार हों या झुक जायँ तो मंगल होता है, इसी समयमें नगरके सम
मेघ हों तो शुभ होता है ॥२९॥ सूर्यके सन्मुख होकर पक्षी, गीदड और मृग क
शब्दायमान और दंड, धूरि और परिघयुक्त वा प्रतिदिन सूर्यको विकार करनेवा
संध्या देश, राजा और सुभिक्षके नाशके कारण हैं॥३०॥ पूर्वसंध्या तत्काल फल
देती है, रात्रि वा सायंसन्ध्या तीन दिनमें और परिवेष, रज और परिघ उसी दि
फल न दे तो एक सप्ताहमें फल देते हैं, ऐसेही सूर्यकिरण, इन्द्रधनुष, बिज
प्रतिसूर्य, मेघ और वायु आठ दिनमें और पक्षी व मृग सप्ताहमें फलको प्रकाते
सन्ध्या अपनी दीप्तिसे एक योजन और बिजली अपनी दीप्तिसे छः योजनतक प्रक
किया करती है मेघकी गर्जना पांच योजनतक जाती है और उलकासे गिरं
योजनका कुछ परिमाण नहीं ॥ ३१॥३२ ॥ प्रत्यर्क नामवाली परिधिकी दीप्ति त
योजन, परिघकी दीप्ति पांच योजन, परिवेषचक्रकी दीप्ति पांच या छः योजन
देखी जाती है और इंद्रधनुष दश योजनतक प्रकाश करता है ॥ ३३ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि०बृहत्संहितायांपश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवास्तव्य
पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३० ॥

अथैकत्रिंशोऽध्यायः ।

दिग्दाहलक्षणम् ।

दाहो दिशां राजभयाय पीतो देशस्य नाशाय हुताशवर्णः ।
यश्चारुणः स्यादपसव्यवायुः सस्यस्य नाशं स करोति दृष्टः ॥ १ ॥
योऽतीव दीप्त्या कुरुते प्रकाशं छायामपि व्यञ्जयतेऽर्कवद्यः । राज्ञो
महद्वेदयते भयं स शस्त्रप्रकोपं क्षतजानुरूपः ॥ २ ॥ प्राक्क्षत्रियाणां
सनरेश्वराणां प्राग्दक्षिणे शिल्पिकुमारपीडा । याम्ये सहोग्रैः पुरु-
षैस्तु वैश्या दूताः पुनर्भूप्रमदाश्च कोणे ॥ ३ ॥ पश्चात्तु शूद्राः कृषि-
जीविनश्च चौरास्तुरंगैः सह वायुदिक्स्थे । पीडां व्रजन्त्युत्तरतश्च
विप्राः पाषाण्डिनो वाणिजकाश्च शार्व्याम् ॥ ४ ॥ नभः प्रसन्नं
विमलानि भानि प्रदक्षिणं वाति सदागतिश्च । दिशां च दाहः कन-
कावदातो हिताय लोकस्य सपार्थिवस्य ॥ ५ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां दिग्दाहलक्षणं नामैकत्रिंशोऽध्यायः ३१

पीले वर्णका दिग्दाह राजभयका कारण, हुताशनके वर्णका दिग्दाह देश नाशका
कारण होता है और लालरंगका हुआ दक्षिणी पवन धान्यको नष्ट करता है ॥ १ ॥
जो दिग्दाहमें अत्यन्त दीप्ति हो और सूर्यके समान छायाको (अंतर्गतज्योतिको)
प्रकाशित करता है वह रुधिरके समान दाह राजाको महाभय देता है और शस्त्रका
कोप प्रकाशीत करता है ॥ २ ॥ पूर्वदिशामें दिग्दाह हो तो राजा और क्षत्रियोंको
पीडा होती है, अग्निकोणमें कुमारगण और शिल्पयोगी पीडा देता है, दक्षिणमें
उग्र पुरुष, वैश्य दूतगण और दूसरी वार व्याही हुई स्त्रियोंको पीडादायक
होता है ॥ ३ ॥ पश्चिमदिशामें शूद्र और किसान, वायुकोणमें तुरंगसहित
चोर लोग और उत्तर दिशामें ब्राह्मण लोग और इशान कोणमें पाषण्डी
और बनियोंको पीडा होती है ॥ ४ ॥ जो आकाश प्रसन्न हों, नक्षत्र निर्मल हों,
पवन घूमता हुआ चले तो सुवर्णके रंगका दिग्दाह लोगोंके और राजाके हितका
निमित्त होता है ॥ ५ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीय-
मुरादाबादवास्तव्य-पण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां
भाषाटीकायामेकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१ ॥

अथ द्वाविंशोऽध्यायः ।

भूमिकम्पलक्षणम् ।

क्षितिकम्पमाहुरेके बृहदन्तर्जलनिवासिसत्त्वकृतम् । भूभ
न्नदिग्गजविश्रामसमुद्भवं चान्ये ॥ १ ॥ अनिलोऽनिलेन
क्षितौ पतन् सस्वनं करोत्येके । केचित्त्वदृष्टकारितमिदमन्ये
राचार्याः॥२॥ गिरिभिः पुरा सपक्षैर्वसुधा प्रपतद्भिरुत्पतद्भिश्च
कम्पिता पितामहमाहामरसदसि सव्रीडम् ॥३॥ भगवन्नाम
त्त्वया कृतं यदचलेति तन्न तथा । क्रियतेऽचलैश्चलद्भिः
नास्य खेदस्य ॥ ४ ॥ तस्याः सगद्गदगिरं किञ्चित्स्फुरि
विनतमीषत् । साश्रुविलोचनमाननमवलोक्य पितामह
॥ ५ ॥ मन्युं हरेन्द्र धात्र्याः क्षिप कुलिशं शैलपक्षभङ्
शक्रः कृतमित्युक्त्वा मा भैरिति वसुमतिमाह ॥ ६ ॥ किन्
लदहनसुरपतिवरुणाः सदसत्फलावबोधार्थम् । प्राग्द्वित्रिच
गेषु दिननिशोः कम्पयिष्यन्ति ॥ ७ ॥ चत्वार्यार्यम्णाद

एक संप्रदायवाले भूमिकंपको जलमें रहनेवाले बडे प्राणियोंका कि
कहते हैं, कोई २ कहते हैं-पृथ्वीके भारको धारण करनेसे थके हुए दि
विश्राम करना ही इसका कारण है ॥ १ ॥ और कोई २ कहते हैं कि ज
पवनसे टकराकर गिरता है, तब वही शब्दके साथ भूमिकम्पको करता है
२ इसको शुभ अशुभ कार्यका कारण कहते हैं. किसी किसी आचार्यका
है कि, पूर्वकालमें पृथ्वी और आकाशसे नीचे गिरते हुए और पृ
आकाशको उडते हुए पर्वतोंको गिरने और उडनेसे कम्पायमान हो देवताओं
लजाती हुई पृथ्वी ब्रह्माजीसे बोली थी,-हे भगवन् ! आपने मेरा "अचला
रक्खा है, परंतु इस समय चलायमान पर्वतों करके मैं सचला (कम्पयुक्त)
इस कारण मैं इस कष्टको नहीं सह सकती ॥ २ ॥ ३ ॥ ४ ॥ पृथ्वीके इस
गद्गद वचन सुनकर और फडकते हुए अधरवाला कुछेक झुका हुआ आंसु
नेत्रवाला मुख देखकर ब्रह्माजी बोले,-हे इन्द्र ! धरतीका शोक हरण क
पर्वतोंके पंख काटनेको वज्र लाओ । इन्द्रने " तथास्तु " कहकर पृथ्वीसे
" कुछ भय नहीं है. परन्तु वायु, अग्नि, इन्द्र और वरुण दिनरातके प्रथ
तीसरे और चौथे भागमें सत् और असत् फल सूचित करनेके लिये तुमको
यमान करेंगे " ॥ ५ ॥ ६ ॥ ७ ॥ पहले उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा,

यं मृगशिरोऽश्वयुक् चेति । मण्डलमेतद्वायव्यमस्य रूपाणि
हात् ॥ ८ ॥ धूमाकुलीकृताशे नभसि नभस्वान् रजः क्षिपन्
म् । विरुजन्द्रुमांश्च विचरति रविरपटुकरावभासी च ॥९॥ वाय-
भूकम्पे सस्याम्बुवनौषधीक्षयोऽभिहितः । श्वयथुश्वासोन्मादज्व-
ाभवा वणिक्पीडा ॥ १० ॥ रूपायुधभृद्वैद्याः स्त्रीकविगन्धर्व-
शिल्पिजनाः पीडयन्ते । सौराष्ट्रककुरुमगधदशार्णमत्स्याश्च
१ ॥ पुष्याग्ने यविशाखाभरणीपित्र्याजभाग्यसंज्ञानि । वर्गो
भुजोऽयं करोति रूपाण्यथैतानि ॥१२॥ तारोल्कापातावृतमा-
मिवाम्बरं सदिग्दाहम् । विचरति मरुत्सहायः सप्तार्चिः सप्त-
ान्तः ॥ १३ ॥ आग्नेयेऽम्बुदनाशः सलिलाशयसंक्षयो नृप-
रम् । दद्रूविचर्चिकाज्वरविसर्पिकाः पाण्डुरोगश्च ॥ १४ ॥
जसः प्रचण्डाः पीडयन्ते चाश्मकाङ्गबाह्लीकाः । तङ्गणकलि-
ङ्गद्रविडाः शबराश्च नैकविधाः ॥ १५ ॥ अभिजिच्छ्रवणध-
प्राजापत्यैन्द्रवैश्वमैत्राणि सुरपतिमण्डलमेतद्भवन्ति चास्य स्व
णि ॥ १६ ॥ चलिताचलवर्ष्माणो गम्भीरविराविणस्तडित्व-

मृगशिरा और अश्विनी यह वायव्य मंडल है; इसका फल एक सप्ताहमें
है ॥ ८ ॥ इसमें धूमसे छाये हुए आकाशमें पृथ्वीकी धूलिको उडाता हुआ,
ो तोडता हिलाता प्रचंड पवन चला करता है और सूर्यकिरण मन्द हो जाते
॥ वायव्य भोंचालसे धान्य, जल और वनौषधियोंका क्षय होता है, वानि
शोथ, दमा, उन्माद, ज्वर और खांसीकी पीडा होती है ॥१०॥ सुन्दर पुरुष
ारी, वैद्यगण, स्त्री, कवि और गानेवाले,व्यापारी और शिल्प जाननेवाले पुरुष
ौराष्ट्र, कुरु, मगध, दशार्ण और मत्स्यदेश पीडित होता है ॥११॥ पुष्य,
, विशाखा, भरणी, पित्र्य, अज और भाग्य नामवाले नक्षत्रमें होतभुजवर्ग होता
ाका रूप इस प्रकार है, सात दिनतक तारा और उल्काके गिरनेसे ढका हुआ
श मानो दिग्दाहयुक्त और कुछेक दीप्तिके समान होता है और सात शिखा-
ग अग्नि पवनका सहायी होकर विचरता है ॥ १२॥ १३ ॥ इस आग्नेयवर्गमें
प होनेसे मेघनाश, जलाशयोंका सूखना, राजद्वेष और दाद, विचर्चिका, ज्वर,
का और पांडुरोग होते हैं. दीप्ततेजा और प्रचंड अश्मक,अङ्ग, बाह्लीक, तंगण
, वंग, द्रविड देश और अनेक प्रकारके शबरगण पीडित होते हैं ॥१४॥१५॥
जित, श्रवण, धनिष्ठा, रोहिणी, ज्येष्ठा, उत्तराषाढा और अनुराधा ये सात नक्षत्र

न्तः । गवललालिकुलाहिनिभा विसृजन्ति पयः पयोवाहाः ॥
ऐन्द्रं श्रुतिकुलजातिख्यातावनिपालगणपविध्वंसि । अतिसार
ग्रहवदनरोगकृच्छ्छर्दिकोपाय ॥१८॥ काशियुगन्धरपौरवकिरा
राभिसारहलमद्राः । अर्बुदसुवास्तुमालवपीडाकरमिष्टवृष्टि
॥ १९ ॥ पौष्णाप्याद्रार्श्लेषामूलाहिर्बुध्न्यवरुणदैवानि । म
मेतद्वारुणमस्यापि भवन्ति रूपाणि ॥ २० ॥ नीलोत्पलालि
न्नाञ्जनत्विषो मधुररावियो बहुलाः । तडिदुद्भासितदेहा धारा
वर्षिणो जलदाः ॥ २१ ॥ वारुणमर्णवसरिद्राश्रितघ्नमति
विगतवैरम । गोनर्दचेदिकुकुरान् किरातवैदेहकान् हन्ति ॥
षड्भिर्मासैःकम्पो द्वाभ्यां पाकं च याति निर्घातः । अन्या
न्पातान् जगुरन्ये मण्डलैरेतैः ॥ २३ ॥ उल्का हरिश्चन्द्रपुरं
निर्घातभूकम्पककुप्प्रदाहाः । वातोऽतिचण्डो ग्रहणं रवीन्द्वो
तारागणवैकृतानि ॥ २४ ॥ व्यभ्रे वृष्टिवैकृतं वातवृष्टिर्धूम
ग्रेविस्फुलिङ्गार्चिषो वा । वन्यं सत्त्वं ग्राममध्ये वि

इन्द्रमंडलके हैं.इन का स्वरूप ऐसा है, चलते हुए पर्वतके समान रूपधारी, गंभी
कारी, तडिद्युक्त,वनभैंस, भ्रमर और सांपके समान काले मेघ जलको वर्षाते है
वर्गमें भूमिकम्प होनेसे समुद्र और नदियोंमें रहनेवाले राजा और गणपा
विध्वंस होता है और अतिसार, गलग्रह,वदनरोग और वमनकोप होता है ॥१
॥१८॥ काशी, युगंधर, पौरव, किरात, कीर, आभिसार, हल, मद्र, अर्बुद, सुवा
मालव देशमें पीडा होती है और अभिलाषाके अनुसार वर्षा होती है ॥
रेवती, पूर्वाषाढा, आर्द्रा, आश्लेषा, मूल, उत्तराभाद्रपदा, शतभिषा ये सात
वरुणमण्डलके हैं इनका स्वरूप इस प्रकार है नीला कमल, भ्रमर और
समान प्रतिफलित द्युतिमान्, बिजलीकरके उद्भासित देह बहुतसे बादल
शब्द करते २ जलधारारूप अंकुरोंसे वर्षते हैं ॥ २० ॥ २१ ॥ इस वारुण
भूमिकम्प हो तो समुद्र और नदियोंके आश्रयमें रहनेवालोंका नाश होता
वृष्टिकारक, द्वेषहीन और गोनर्द, चेदी, कुकुर, किरात और विदेहवासियों
करता है ॥ २२ ॥ भूमिकंपका फल छःमासमें पकता है, निर्घातका फल दो
होता है, इन मंडलोंमें और उत्पात हों वेभी इन दो महीनोंमेंही फल देंगे
उल्का, गंधर्वपुर, धूरि, उपद्रव, भूकंप, दिग्दाह, प्रचंडपवन और सूर्य च
ग्रहण, नक्षत्र और तारोंके विकारके लिये कहा गया ॥२४॥ विना बादलके

वैन्द्रं कार्मुकं दृश्यते वा ॥ २५ ॥ सन्ध्याविकाराः परिवेषख-
नद्यः प्रतीपा दिवि तूर्यनादाःअन्यञ्च यत्स्यात् प्रकृतःप्रतीपं
ण्डलैरेव फलं निगद्यम् ॥ २६ ॥ हन्त्यैन्द्रो वायव्यं वायुश्चा-
द्रमेवमन्योऽन्यम् । वारुणहौतभुजावपि वेलानक्षत्रजाः कम्पाः
.७ ॥ प्रथितनरेश्वरमरणव्यसनान्याग्नेयवायुमण्डलयोः । क्षुद्भ-
ःकावृष्टिभिरुपताप्यन्ते जनाश्चापि ॥ २८ ॥ वारुणपौरन्दरयोः
क्षशिववृष्टिहार्दयो लोके । गावोऽतिभूरिपयसो निवृत्तवैराश्च
लाः ॥२९॥ पक्षैश्चतुर्भिरनिलस्त्रिभिरग्निर्दैवराट् च सप्ताहात् ।
ः फलति च वरुणो येषु न कालोऽद्भुतेषूक्तः ॥ ३० ॥ चलयति
ः शतद्वयं शतमनलो दशयोजनान्वितम् । सलिलपतिरशीति-
ं कुलिशधरोऽभ्यधिकं च षष्टिकम् ॥३१॥ त्रिचतुर्थसप्तमदिने
पक्षे तथा त्रिपक्षे च । यदि भवति भूमिकम्पः प्रधाननृपना-
भवति ॥ ३२ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां भूमिकम्पलक्षणं नाम
द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥३२॥

विकार, अग्निकी चिनगारीदार लपट, पवनके साथ वर्षाका होना, धूप, वनैले
ोंका ग्राममें आना, रात्रिमें इन्द्रधनुषका दिखाई देना, संध्याका विकार, परि-
ष, नदियोंकी गतिका विपरीत होना, आकाशमें तुरहीका बजना. और भी जो
ंसारमें विपरीतता हो इस वर्गसेही उसका फल कहा जाता है ॥ २५ २६ ॥
द्रमण्डल वायव्यमंडलको निहत करे या वायव्यमंडल इन्द्रवर्गका नाश करे
सेही वारुण और आग्नेयमंडल परस्पर एक दूसरेको हनन करे तो उसको
क्षत्रजात कम्प कहते हैं ॥ २७ ॥ आग्नेय और वायव्यमंडलके परस्पर टक-
विख्यात राजाकी मृत्यु होती है या वह विपत्तीमें पडता है. और मनुष्य
प, मरी और वर्षाके न होनेसे सन्तापित होते हैं, वरुण और पौरन्दर मंड-
माभिघातसे सुभिक्ष, कल्याणी वर्षा और प्रीति होती है, गायें बहुतसा दूध देने
हैं, राजा लोग आपसका वैर छोड देते हैं ॥ २८ ॥ २९ ॥ अंग फडकना
जिन उपद्रवोंके फलका समय नहीं कहा, उनके वायव्यमंडलमें होनेसे दो
मध्यमें फल होता है, अग्निवर्ग तीन पक्षमें, इन्द्रवर्ग सप्ताहके पीछे और
र्ग शीघ्र फलवान् होता है ॥ ३० ॥ पवनवर्ग दो शत योजन, अनलवर्ग
त दश योजन, वरुणवर्ग एक शत अस्सी योजन और इन्द्रवर्ग साठ योजनसे
धिक भूमिको कंपायमान करता है ॥ ३१ ॥ भूमिकंपके बाद लोगोंके

अथ त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ।

उल्कालक्षणम् ।

दिवि भुक्तशुभफलानां पततां रूपाणि यानि तान्यु
धिष्ण्योल्काशनिविद्युत्तारा इति पञ्चधा भिन्नाः ॥ १ ॥
पक्षेण फलं तद्वद्धिष्ण्याशनिस्त्रिभिः पक्षैः । विद्युदहोभिः
स्तद्वत्तारा विपाचयति ॥ २ ॥ तारा फलपादकरी फल
प्रकीर्तिता धिष्ण्या । तिस्रः सम्पूर्णफला विद्युदथोल्काश
॥ ३ ॥ अशनिः स्वनेन महता नृगजाश्वमृगाश्मवेश्मतरु
निपतति विदारयन्ती धरातलं चक्रसंस्थाना ॥ ४ ॥ विद्यु
त्रासं जनयन्ती तटतटस्वना सहसा । कुटिलविशाला
जीवेन्धनराशिषु ज्वलिता ॥५॥ धिष्ण्या कृशाल्पपुच्छा धनं
दृश्यतेऽन्तराभ्यधिकम् । ज्वलिताङ्गारनिकाशा द्वौ हस्तौ सा
॥ ६ ॥ तारा हस्त दीर्घा शुक्ला ताम्राब्जतन्तुरूपा वा । तिर्यग

चौथे और सातवें दिनमें या महीनेमें वा पक्षमें अथवा तीन पक्षमें जो फिर
हो तो मुख्यराजाका नाश होता है ॥ ३२ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरा
वास्तव्य-पण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां द्वात्रिंशोऽध्याय

स्वर्गमें फल भोगे हुए पुरुषोंका गिरनेके समय जो रूप होता है वही
धिष्ण्या, उल्का, अशनि, बिजली और तारा यह पांच भाग उल्काके
उल्का १५ दिनमें वैसेही धिष्ण्या और अशनि तीन पक्षमें अर्थात् ४५
तारा वा बिजलीका फल छः दिनमें होता है ॥ २ ॥ तारा ए
फलका करनेवाली है, धिष्ण्या आधे फलको देनेवाली और बिजली, उ
इन तीनोंका संपूर्ण फल होता है ॥ ३ ॥ अशनिका आकार चक्रके
यह बडे शब्दके साथ पृथ्वीको फाडती हुई मनुष्य, गज, अश्व, मृग, प
वृक्ष और पशुओंके ऊपर गिरती है ॥ ४ ॥ तड २ शब्द करती हुई विद्यु
नके प्राणियोंको त्रास उपजाती हुई कुटिल और विशाल होकर जलती हु
ऊपर और ईंधनके ढेरपर गिरती है ॥ ५ ॥ पतली, छोटी पूंछवाली
जलते हुए अंगारके समान दश धनुषसे कुछ अधिक स्थानतक दिखाई
इसका परिणाम दो हाथका है ॥ ६ ॥ तारा तांबा, कमल,ताररूप वा शु

ा याति वियत्युह्यमानेव ॥ ७ ॥ उल्का शिरसि विशाला निप-
न्ती वर्द्धते प्रतनुपुच्छा। दीर्घा भवति च पुरुषं भेदा बहवो भव-
न्त्यस्याः ॥ ८ ॥ प्रेतप्रहरणखरकरभनक्रकपिदंष्ट्रिलाङ्गलमृगाभाः।
गोधाहिधूमरूपाः पापा या चोभयशिरस्का ॥ ९ ॥ ध्वजझषकरि-
गिरिकमलेन्दुतुरगसन्तप्तरजतहंसाभाः। श्रीवत्सवज्रशंखस्वस्तिक-
रूपाः शिवसुभिक्षाः ॥ १० ॥ अम्बरमध्याद्बह्व्यो निपतन्त्यो राज-
राष्ट्रनाशाय। बम्भ्रमती गगनोपरि विभ्रममाख्याति लोकस्य॥११॥
संस्पृशती चन्द्रार्कौ तद्विसृता वा सभूप्रकम्पा च। परचक्रागमनृ-
पवधदुर्भिक्षावृष्टिभयजननी ॥ १२ ॥ पौरेतरघ्नमुल्कापसव्यकरणं
दिवाकरहिमांश्वोः। उल्का शुभदा पुरतो दिवाकरनिःसृता यातुः
॥ १३ ॥ शुक्ला रक्ता पीता कृष्णा चोल्का द्विजादिवर्णघ्नी। क्रम-
शश्चैतान् हन्युर्मूर्धोरःपार्श्वपुच्छस्थाः ॥ १४ ॥ उत्तरदिगादिपति-
ताविप्रादीनामनिष्टदा रूक्षा। ऋज्वी स्निग्धाखण्डा नीचोपगता

सका विस्तार एक हाथका है खींचते हुएके समान आकाशमें तिरछी या आधी ठी हुई गमन करती है ॥ ७ ॥ प्रतनुपुच्छा विशाला उल्का गिरते २ बढती है, रन्तु इसकी पूंछ छोटी होती जाती है। इसकी दीर्घता पुरुषके समान होती है, इसके नेक भेद हैं ॥ ८ ॥ कभी यह प्रेत, शस्त्र, खर, करभ, नाका, बन्दर, डाढवाले शिव और मृगके समान आकारवाली हो जाती है. कभी गोह सांप और धूमरूप हो जाती है और कभी दो शिरके रूपवाली होती है. यह पापमयी है ॥ ९ ॥ कभी ध्वज, मत्स्य, हाथी, पर्वत, कमल, चन्द्रमा, अश्व, तपी हुई धूल और हंसके समान, कभी श्रीवत्स, वज्र, शंख और स्वस्तिक रूपसे प्रकाशित होती है परन्तु यह सब कल्याण और सुभिक्षकारी है ॥ १० ॥ परन्तु अनेक प्रकारकी रूपवाली उल्कायें निरन्तर आकाशमें घूमते २ आकाशमेंसे गिरती हैं ॥ ११ ॥ चंद्र और सूर्यको स्पर्श करके उनमेंसे गिरे अथवा भूमि कम्पयुक्त हो तो नगरपर पराये राजाका अधिकार होगा, नृपवध, दुर्भिक्ष, अवृष्टि और भयकारी होती है ॥ १२ ॥ सूर्य चंद्रमाके दांई ओर उल्का गिरे तो वनवासियोंका नाश करता है. दिवाकरसे निकली हुई उल्का सन्मुख आवे तो गमनकारीको शुभ है ॥ १३ ॥ शुक्ल, रक्त, पीत और काले रंगकी उल्का क्रमानुसार द्विजातिवर्गोंका नाश करनेवाली है और इसका मस्तक, छाती बगल और पूंछमें यह सब वर्ण स्थापित हों तोभी यह क्रमानुसार ब्राह्मणादि चार वर्णोंका नाश करनेवाली है ॥ १४ ॥ प्रदक्षिणाके क्रमसे उत्तर आदि दिशाओंमें उल्का रूखे भावसे गिरे तो क्रमानुसार ब्राह्मण

च तदद्भृद्ध्यै ॥ १५ ॥ श्यामा वारुणनीलासृग्दहनासितभ
निभा रूक्षा । सन्ध्यादिनजा वक्रा दलिता च परागमभ
॥ १६ ॥ नक्षत्रग्रहघाते तद्भक्तीनां क्षयाय निर्दिष्टा । उदये
रवीन्दू पौरेतरमृत्यवेऽस्ते वा ॥ १७ ॥ भाग्यादित्यधनिष्ठा
षूल्काहतेषु युवतीनाम् । विप्रक्षत्रियपीडा पुष्यानिलविष्णु
॥ १८ ॥ ध्रुवसौम्येषु नृपाणामुग्रेषु सदारुणेषु चौराणा
क्षिप्रेषुकलाविदुषांपीडा साधारणे चहते ॥ १९ ॥ कुर्वन्त
पतिता देवप्रतिमासुराजराष्ट्रभयम् । शक्रोपरि नृपतिनां
तत्स्वामिनांपीडाम् ॥ २० ॥ आशाग्रहोपघाते तद्देशानां
कृषिरतानाम् । चैत्यतरौ सम्पति तासत्कृतपीडां करोत्यु
॥ २१ ॥ द्वारि पुरस्यपुरक्षयमथेन्द्रकीले जनक्षयोऽभिहि

क्षत्री, वैश्य और शूद्रोंका नाश करती है. सीधी, चिकनी, अखंड और आक
नीचे भागमें जानेवाली हो तो उपरोक्त वर्णोंकी वृद्धि करती है ॥ १५ ॥
अरुण, नील, रक्त, दहन, असित और भस्मके समान रूखी संध्यासे उत्पन्न
दिनसे उत्पन्न हुई, टेढी और दलित हुई उलकाका गिरना शत्रुके भयका
है ॥ १६ ॥ उल्कासे नक्षत्रघात या ग्रहघात हो तो पीछे कही हुई भक्तिका
होता है और उस २ वस्तुका क्षय होता है, उदय या अस्तकालमें उल्का
या चन्द्रमाको हनन करे तो वनवासियोंका वध होता है ॥ १७ ॥ पूर्वाफा
पुनर्वसु, धनिष्ठा और मूल नक्षत्रके योगतारेको उलका हनन करे तो युवति
पीडा होती है, और पुष्य, स्वाती व श्रवणको उलका हत करे तो ब्राह्मण
क्षत्रियोंको पीडा होती है ॥ १८ ॥ रोहिणी, तीनों उत्तरा, मृगशिरा, चित्रा
राधा और रेवतीको उलका पीडित करे तो राजाओंको पीडा होती है, तीनों
भरणी, मघा, आर्द्रा, आश्लेषा, ज्येष्ठा और मूलनक्षत्रको उलका ताडन क
चोरोंको पीडा होती है, अश्विनी, पुष्य, अभिजित, कृत्तिका और विशा
उलकासे भेद हो तो गीत नृत्य आदि कला जाननेवालोंको पीडा होती है ॥
देवताकी मूर्तिपर उलका गिरे तो राजा और राज्यको भयदायक है. इन्द्रध्वज
तो राजाओंको और घरमें गिरे तो गृहस्वामिओंको पीडा उत्पन्न करती है ॥
दिशाके स्वामी ग्रहके ऊपर उलका गिरे तो उस दिशाके रहवासियोंको, खरि
गिरनेसे किसानोंको, छोटे मंदिरके निकट वृक्ष लगा हो उसपर उलका गि
साधुओंको पीडा होती है ॥ २१ ॥ पुरद्वारपर उलका गिरे तो पुरका क्षय, इ

यतने विप्रान् निहन्याद्रोमिनो गोष्ठे ॥२२॥ क्ष्वेडास्फोटि-
दितगीतोत्कुष्टस्वना भवन्ति यदा । उल्कानिपातसमये भयाय
ष्ट्रस्य सनृपस्य ॥ २३ ॥ यस्याश्चिरं तिष्ठति खेऽनुषङ्गो दण्डा-
ः सा नृपतेर्भयाय । या चोह्यते तन्तुधृतेव खस्था या वा महे-
वजतुल्यरूपा ॥ २४ ॥ श्रेष्ठिनः प्रतीपगा तिर्यगा नृपाङ्गनाः ।
यधोमुखी नृपान् ब्राह्मणानथोर्ध्वगा ॥ २५ ॥ बर्हिपुच्छरू-
ी लोकसंक्षयावहा । सर्पवत् प्रसर्पिणी योषितामनिष्टदा ॥२६॥
त मण्डला पुरं छत्रवत् पुरोहितम् । वंशगुल्मवत् स्थिता राष्ट्र-
कारिणी ॥ २७ ॥ व्यालसूकरोपमा विस्फुलिङ्गमालिनी ।
डशोऽथवा गता सस्वना च पापदा ॥ २८ ॥ सुरपतिचापप्र-
ा राज्यं नभसि विलीना जलदान् हन्ति । पवनविलोमा
ःलं याता न भवति शस्ता विनिवृत्ता वा ॥ २९ ॥ अभिम-

ऊपर गिरे तो मनुष्योंका क्षय कहा है, ब्रह्माके मंदिरपर गिरे तो ब्राह्मणोंका
गोठमें गिरे तो बहुतसे गोसम्पन्न मनुष्योंको हनन करती है ॥ २२ ॥ जो
ा गिरनेके समय क्ष्वेड (समरके समय वीरका सिंहनाद करना), आस्फोटित
त गीत और रोनेका ऊँचा शब्द हो तो नृपयुक्त राज्यको भय होता है ॥२३॥
का आकार दंडके आकारके समान होकर आकाशमें बहुत देरतक रहे वह
ा राजाओंके भयका कारण होती है और जो आकाशमें ठहरकर डोरीसे बंधी
समान प्रवाहित या इन्द्रकी ध्वजाके समान हो तो राजाको भयदायी है ॥२४॥
ल्का विपरीत चले अर्थात् जहांसे निकली हो वहींको फिर लौट चले तो शेठलो-
ी भय करती है, टेढी चलनेवाली उल्का रानियोंका, नीचेको मुखवाली
ा राजाओंका और ऊपरको चलनेवाली उल्का ब्राह्मणोंका नाश करती है॥२५॥
छके समान आकारवाली उल्का लोकक्षयकारी और सर्पके समान चलनेवाली
ा स्त्रियोंका अनभल करती है ॥ २६ ॥ मंडलरूपवाली उल्का नगरको, छत्ररूप
ा पुरोहितको नाश करती है और बांसकी बीढके समान उल्का देशमें दोष
ा करती है ॥२७॥ व्याल (काले सांप) और सूकरके समान आकारयुक्त वा
गारीदार अथवा पिण्डाकार या शब्दसहित उल्का चले तो पापदायिनी है॥ २८॥
ुषके समान हो तो राज्यका नाश करे, आकाशमें लीन हो जाय तो बादलोंका
करे और पवनकी प्रतिकूल दिशामें कुटिलभावसे गमन करे और फिर लौट आवे

वति यतः पुरं बलं वा भवति भयं तत एव पार्थिवस्य । कि
च यथा दिशा प्रदीता जयति रिपूनचिरात्तया प्रयातः ॥

इतिश्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्सं० उल्कालक्षणं नाम त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः।

अथ चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ।

परिवेषलक्षणम् .

सम्मूर्च्छिता रवीन्द्वोः किरणाः पवनेन मण्डलीभूताः ।
वर्णाकृतयस्तन्वभ्रे व्योम्नि परिवेषाः ॥ १ ॥ ते रक्तनीलपाण्डु
पोताभाम बलहरिशुक्ला: । इन्द्रयमवरुणनिर्ऋतिश्वसनेशपित
निकृताः ॥ २ ॥ धनदः करोति मेचकमन्योऽन्यगुणाश्रयेण
न्ये । प्रविलीयते मुहुर्मुहुरल्पफलः सोऽपि वायुकृतः ॥३॥ च
खिरजततैलक्षीरजलाभः स्वकालसम्भूतः।अविकलवृत्तः स्निग्ध
वेषः शिवसुभिक्षकरः ॥ ४ ॥ सकलगगनानुचारी नैकाभः

तो शुभदायी नहीं है ॥ २९ ॥ जिस ओरमे उल्का आकर पुर या सेनाके ऊ
उस दिशासे ही राजाको भय होता है और जिस दिशामें प्रकाश करके गि
उस दिशामें जाय तो शीघ्र शत्रुओंको जीतनेके लिये समर्थ होता है ॥ ३०

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादा
स्तव्य—पंडितवलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः ।

सूर्य या चंद्रमाके किरण पर्वतके ऊपर प्रतिबिम्बित और पवनसे
मंडलाकार होकर थोडेसे मेघवाले आकाशमें अनेक रंग और अ
दिखलाई देते हैं उनको परिवेष कहते हैं ॥ १ ॥ रक्त, नील,
श्वेत, कबूतरके रंगका, मेघके रंगका शवल (अनेक प्रकारके रंगोंसे
हरिद्वर्ण और शुक्लवर्णके परिवेष क्रमानुसार इन्द्र, यम, वरुण, निर्ऋति,
महादेव, ब्रह्मा और अग्निसे उत्पन्न हुए ॥ २ ॥ धनदाता कुबेरजी काले
परिवेष कहते हैं और परस्पर गुण आश्रयके हेतु जो वारंवार लीन होत
अल्प फल देनेवाला परिवेष वायुका है ॥ ३ ॥ जो परिवेष नीलकंठ मोर,
तेल, दूध और जलके समान आभावाला हो, स्वकालसम्भूत हो, जिन
खंडित न हो, जो स्निग्ध हो वह सुभिक्ष और मंगलका करनेवाला है ॥ ४
परिवेष सारे आकाशमें गमन करे, अनेक आभादार हो, रुधिरके समान हो

भो रूक्षः। अमकलशकटशरासनशृङ्गाटकवत् स्थितः पापः
। ॥ शिखिगलसमेऽतिवर्षं बहुवर्णे नृपवधो भयं धूम्रे। हरि-
निभे युद्धान्यशोककुसुमप्रभे चापि ॥ ६ ॥ वर्णेनैकेन यदा
ः स्निग्धः क्षुराभ्रकाकीर्णः। स्वर्तौ सद्यो वर्षं करोति पीतश्च
र्कः ॥ ७ ॥ दीनविहङ्गमृगरुतः कलुषः सन्ध्यात्रयोत्थितोऽति-
न्। भयकृत्तडिदुल्काद्यैर्हतो नृपं हन्ति शस्त्रेण ॥ ८ ॥ प्रति-
मर्कहिमांश्वोरहर्निशं रक्तयोर्नरेन्द्रवधः। परिविष्टयोरभीक्ष्णं
स्तनभः स्थयोस्तद्वत् ॥ ९ ॥ सेनापतेर्भयकरो द्विमण्डलो
शस्त्रकोपकरः। त्रिप्रभृति शस्त्रकोपं युवराजभयं नगररोधम्
१० ॥ वृष्टिस्त्र्यहेण मासेन विग्रहो वा ग्रहेन्दुभनिरोधे। होरा-
ाधिपयोजन्मर्क्षे वाशुभो राज्ञः ॥ ११ ॥ परिवेषमण्डलगतो
तनयः क्षुद्रधान्यनाशकरः। जनयति च वातवृष्टिं स्थावरकृषि-

ा छकडेके समान, धनुष और शृङ्गाटकके समान हो तो पापकारी है ॥ ५ ॥
ी गर्दनके समान परिवेष हो तो अतिवर्षा होती है, बहुतसे रंगोंसे युक्त हो
ाजाका वध होता है, धूमवर्ण होनेसे भय होता है, इन्द्रधनुषके समान या
कके फूलके समान कान्तिमान् होनेसे युद्ध होता है ॥ ६ ॥ जिस ऋतुमें परि-
क वर्णके मेलसे बहुत चिकना, उस्तरेके समान छोटे २ मेघोंसे व्याप्त हो वा
ी किरणें पीले वर्णकी हो उस समय शीघ्र वृष्टि होती है ॥७॥ सूर्यकी ओर-
मुख करके पक्षी और मृगोंके शब्दसहित (त्रिकालके शब्दसहित) त्रिकालकी
ामें उत्पन्न हुआ अतिमहान् परिवेष भयंकर होता है, परन्तु जो यह उल्का या
ी करके भेदित हो तो शस्त्रसे राजाकी मृत्यु होती है ॥ ८ ॥ प्रति दिन रात
न्द्रमाका परिवेष रक्तवर्ण हो तो राजाका वध होता है और उदयकाल, अस्त-
दिनरातक मध्यकालमें सूर्य चन्द्रमाका एक दिनमें यदि अधिक परिवेष हो
ी वही फल अर्थात् राजाका वध होता है ॥ ९ ॥ दो मंडलवाला परिवेष सेना-
ो भयकारी है परन्तु अत्यन्त शस्त्रकोपकारी नहीं है, तीन मंडलवाला या
क मंडलवाला परिवेष शस्त्रकोप, युवराजभय और नगररोधका कारण होता है
॥ भौमादि कोई ग्रह, चन्द्रमा नक्षत्र यदि एक परिवेषमें हो तो तीन दिनमें
ा एक मासमें युद्ध होता है, होरा और लग्नाधिपति वा जन्मनक्षत्रका परिवेष
राजाका अशुभ होता है ॥ ११ ॥ जो शनि परिवेषमंडलमें हो तो छोटे
को नष्ट करता है और स्थावर वा किसानोंका हननकारी होकर पवनयुक्त

कृन्निहन्ता च ॥ १२ ॥ भौमे कुमारबलपतिसैन्यानां त्रिङ्
शस्त्रभयम् जीवे परिवेषगते पुरोहितामात्यनृपपीडा ॥ १
न्त्रिस्थावरलेखकपरिवृद्धिश्चन्द्रजे सुवृष्टिश्च । शुक्रे यायिः
त्रां पीडाप्रियं चान्नम् ॥ १४ ॥ क्षुदनलमृत्युनराधिपः
जायते भयं केतौ । परिविष्टे गर्भभयं राहौ व्याधिर्नृ
॥ १५ ॥ युद्धानि विजानीयात् परिवेषाभ्यन्तरे द्वयोर्ग्रहयो
सकृतः शशिजो वा क्षुदवृष्टिभयं त्रिषु प्रोक्तम् ॥१६॥ या
नरेन्द्रः सामात्यपुरोहितो वशं मृत्योः । प्रलयमिव विद्धि
पञ्चादिषु मण्डलस्थेषु ॥ १७ ॥ ताराग्रहस्यकुर्यात् पृथग
स्थितो नरेन्द्रवधम् । नक्षत्राणामथवा यदि केतोर्नोदये
॥१८॥ विप्रक्षत्रियविट्शूद्रहा भवेत् प्रतिपदादिषु क्रमशः
पुरकोशानां पञ्चम्यादिष्वशुभकरी भवति॥१९॥ युवराजस
परतस्त्रिषु पार्थिवस्य दोषकरः । पुरराधो द्वादश्यां सैन्यक्षो

वृष्टिको उत्पन्न करता है ॥ १२ ॥ मंङ्गल वारिवेषमें हो तो कुमार, सेना
सेनाको व्याकुलता हो और अग्नि शस्त्रका भय हो, और बृहस्पति प
तो पुरोहित, मंत्री और राजाओंको पीडा होती है ॥ १३ ॥ बुध परिवे
मंत्री, स्थावर और लेखक लोगोंकी वृद्धि और अच्छी वर्षा होती है, परि
हो तो चढकर जानेवाले राजा, क्षत्री राजाको पीडा और दुर्भिक्ष होता
केतु परिवेषमें हो तो क्षुधा, अनल, मृत्यु, राजा और शस्त्रसे भय उत्पन्
राहु परिवेषमें हो तो गर्भभय, व्याधि और राजभय होता है ॥ १५ ॥ २
परिवेषके भीतर दो ग्रहोंके होनेसे युद्ध होता है, तीन ग्रह जो परिवे
दुर्भिक्ष और वर्षा न होनेका भय होता है ॥ १६ ॥ परिवेषमें चार ग्र
मंत्री और पुरोहितके साथ राजाकी मृत्यु हो जाय, पंचादि ग्रह मंडल
जगत्में मानो प्रलय हो जाय ॥ १७ ॥ ताराग्रह अर्थात् मङ्गलादि पंच
नक्षत्रगण यदि अलग २ परिवेषमें हों तो राजाका वध हुआ करता है, य
उदय न हो तो केतूदय होनेसे उसीका फल होता है ताराग्रहादिफल
है ॥ १८ ॥ प्रतिपदासे लेकर चौथतक तिथिमें परिवेष हो तो क्रमानुसा
क्षत्री, वैश्य और शूद्रोंका नाश हो जाता है, पंचमीसे लेकर सातेंत
श्रेणी, पुर और कोषका अशुभकारा होता है ॥ १९ ॥ अष्टमीमें परि
और उसके पीछे तीन तिथिमें परिवेष होनेसे राजाका दोष

ाम् ॥ २० ॥ नरपतिपत्नीपीडां परिवेषोऽभ्युत्थितश्चतुर्दश्याम्
ात् तु पञ्चदश्यां पीडां मनुजाधिपस्यैव ॥ २१ ॥ नागरिका-
ाभ्यन्तरस्थिता यायिनां च बाह्यस्था । परिवेषमध्यरेखा
थाक्रन्दसाराणाम् ॥ २२ ॥ रक्तः श्यामो रूक्षश्च भवति येषां
तयस्तेषाम् । स्निग्धः श्वेतो द्युतिमान् येषां भागो जय-
ाम् ॥ २३ ॥

ीवराहमि िरकृतौ बृहत्सं॰ परिवेषलक्षणं नाम चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ३४॥

अथ पंचत्रिंशोऽध्यायः ।

इन्द्रायुधलक्षणम् .

स्य विविधवर्णाः पवनेन विघट्टिताः कराः साभ्रे । वियति धनुः
ानायेदृश्यन्ते तदिन्द्रधनुः॥ १॥ केचिदनन्तकुलोरगनिःश्वासो-
ामाहुराचार्याः । तद्यायिनां नृपाणामभिमुखमजयावहं भवति
॥ अच्छिन्नमवनिगाढं द्युतिमत्स्निग्धं घनं विविधवर्णम् ।

ीमें परिवेष होनेसे पुरका रोध हो जाता है और त्रयोदशीमें होनेसे शस्त्रका
होता है ॥ २० ॥ चतुर्दशीमें परिवेष होनेसे रानीको पीडा होती है, पंचद-
राजाको पीडा होती है ॥ २१ ॥ परिवेषके भीतर रेखा दिखाई दे तो नग-
योंको पीडा होती है, परिवेषके बाहर रेखा हो तो चढ जानेवाले राजाओंको
होती है, परिवेषके बीचमें हो तो आक्रन्दसारका शुभाशुभ विचारे ॥ २२ ॥
क्त या कूर्मविभागके अनुसार देशका विभाग करनेसे जिस देशके भागमें
ाका रंग लाल श्याम या रूखा हो उस देशकी पराजय होगी- स्निग्ध, श्वेत
ा दीप्तिशाली परिवेष जिनके भागमें गिरे उनकी जय होगी ॥ २३ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीय-
मुरादाबादवास्तव्य—पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां
भाषाटीकायां चतुस्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३४ ॥

नेक रंगवाले सूर्यके किरण पवनसे रोके जाकर मेघयुक्त आकाशमें जो धनु-
आकार दिखाई देता है वही इन्द्रधनुष है ॥ १ ॥ कोई २ आचार्य कहते
, अनन्तनामक कुलनागके श्वाससे यह उत्पन्न होता है, जो राजालोग इस
नुषको सन्मुख रखकर जायँ तो युद्धमें उनकी पराजय होती है ॥ २ ॥ वह
डेत भूमिमें लगा हुआ, प्रकाशदार, चिकना, निबिड, अनेक रंगोंसे युक्त और

द्विरुदितमनुलोमं च प्रशस्तमम्भः प्रयच्छति च ॥ ३ ॥
गुद्भूतं दिक्स्वामिनाशनं व्यभ्रजं मरककारि । पाटलपीत
शस्त्राग्निक्षुत्कृता दोषाः ॥ ४ ॥ जलमध्येऽनावृष्टिर्भुवि सस
स्तरौ स्थिते व्याधिः । वल्मीके शस्त्रभयं निशि सचिवबधा
रैन्द्रम् ॥ ५ ॥ वृष्टिं करोत्यवृष्ट्यां वृष्टिं वृष्ट्यां निवारय
च्याम् । पश्चात्सदैव वृष्टिं कुलिशभृतश्चापमाचष्टे ॥ ६ ॥
मघोनः कुरुते निशायामाखण्डलायां दिशि भूपपीडाम् ।
परोदक्प्रभवं निहन्यात्सेनापतिं नायकमन्त्रिणौ च ॥ ७ ॥
सुरचापं सितवर्णाद्यं जनयति पीडां द्विजपूर्वाणाम् । भव
यस्यां दिशि तद्देश्यं नरपतिमुख्यं न चिराद्धन्यात् ॥ ८ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायामिन्द्रायुधलक्षणं

पञ्चत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३५ ॥

दोनों बार उदित व अनुलोम होनेपर श्रेष्ठ है और बहुतसा जल वर्षाता
इशान, अग्नि, नैर्ऋत और वायु इन चारों कोनोंमें जो इन्द्रधनुष उदय
संस्थानके राजाका नाश होता है. विना मेघके आकाशमें इन्द्रधनुष हो
पडती है। पाटलके फूल, पीले और नीले रंगका हो तो शस्त्र, अग्नि, औ
क्षादि दोष उत्पन्न होते हैं ॥ ४ ॥ जलमें इन्द्रधनुष हो तो अनावृष्टि,
होनेसे धान्यकी हानि, वृक्षपर होनेसे व्याधि और वल्मीक (वमई) प
शस्त्रभय और रात्रिमें होनेसे मंत्रिके वधका कारण होता है ॥ ५ ॥ जो
ष्टिके समय और इन्द्रधनुष पूर्वदिशामें हो तो जल वर्षता है, वर्षनेके समय प
हो तो वृष्टिको रोकता है। पश्चिममें इन्द्रधनुष हो तो सदाही वर्षा होती
पूर्वदिशामें रात्रिकालके समय इन्द्रधनुष हो तो राजाओंके पीडित क
दक्षिण, पश्चिम और उत्तरदिशासे उत्पन्न हुआ इन्द्रधनुष सेनापति, नाय
मंत्रीका नाश करता है ॥ ७ ॥ रात्रिके समय इन्द्रधनुष श्वेत वर्णादि अर्थ
रक्त, पीत और कृष्ण वर्ण हो तो क्रमानुसार ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, औ
नाश करता है, परन्तु जिस दिशामें हो उसी दिशाओंके राजाओं
नाश होगा ॥ ८

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि० बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीय-रादाबाद
पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां पंचत्रिंशोऽध्यायः ॥

अथ षट्त्रिंशोऽध्यायः ।

गंधर्वनगरम्.

द्गादिपुरोहितनृपबलपतियुवराजदोषदं खपुरम् । सितरक्त-
ष्णं विप्रादीनामभावाय ॥ १ ॥ नागरनृपतिजयावहमुद-
क्स्थं विवर्णनाशाय । शान्ताशायां दृष्टं सतोरणं नृपतिवि-
॥ २ ॥ सर्वदिगुत्थं सततोत्थितं च भयदं नरेन्द्रराष्ट्राणाम्
विकान् हन्याद्धूमानलशक्रचापाभम् ॥ ३ ॥ गन्धर्वनगर-
तमापाण्डुरमशनि[illegible]वातकरम् । दीप्ते नरेन्द्रमृत्युर्वामेऽरि
जयः सव्ये ॥ ४ ॥ अनेकवर्णाकृति खे प्रकाशते पुरं पताका-
ोरणान्वितम् । यदा तदा नागमनुष्यवाजिनां पिबत्यसृग्भूरि
सुन्धरा ॥ ५ ॥

वराहमिहिरकृतौ बृहत्सं० गन्धर्वनगरलक्षणंनामषट्त्रिंशोऽध्यायः ।३६।

गन्धर्वनगर उत्तरादि दिशाओंमें अर्थात् उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम
हो तो क्रमानुसार पुरोहित, राजा, सेनापति और युवराजको विघ्न होता
त, रक्त, पीत और कृष्ण वर्णका हो तो ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्रोंके
कारण होता है ॥ १ ॥ उत्तरदिशामें हो तो नगर और राजाओंको जय-
ोता है । ईशान, अग्नि और वायुकोणमें स्थित हो तो नीचजातिका नाश
ा है । शान्त दिशामें तोरणयुक्त गन्धर्वनगर दिखाई दे तो राजाकी विजय
॥ २ ॥ जो गन्धर्वनगर सदा सब दिशाओंमें हो तो राजा व राज्य सब-
भयदायी होता है और धूम, अनल व इन्द्रधनुषके समान हो तो चोर और
ियोंको हनन करता है ॥ ३ ॥ कुछेक पाण्डुर रंगका गन्धर्वनगर हो तो
होकर झंझापन चला करता है, दीप्त दिशामें गन्धर्वनगर हो तो राजाकी
ोती है, वामदिशामें हो तो शत्रुभय और दक्षिणभागमें स्थित हो तो जय
॥ ४ ॥ जब अनेक रंगकी पताका, ध्वज और तोरणयुक्त गन्धर्वपुर
शमें प्रकाशित हो तो रणमें हस्ती, मनुष्य और घोडोंका बहुतसा रुधिर पृथ्वी
रती है ॥ ५ ॥

ीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवास्त-
य पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३६ ॥

अथ सप्तत्रिंशोऽध्यायः ।

प्रतिसूर्यलक्षणम् ।

प्रतिसूर्यकः प्रशस्तो दिवसकृदृतुवर्णसप्रभः स्निग्धः। वैदूर्यी
स्वच्छः शुक्लश्च क्षेमसौभिक्षः ॥१॥ पीतो व्याधिं जनयत्यश
रूपश्च शस्त्रकोपाय। प्रतिसूर्याणां माला दस्युभयातंकनृप
॥ २ ॥ दिवसकृतः प्रतिसूर्यो जलकृदुदग्दक्षिणे स्थितोऽनिल
उभयस्थः सलिलभयं नृपमुपरि निहन्त्यधो जनहा ॥ ३ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्सं० प्रतिसूर्यचक्रं नाम सप्तत्रिंशोऽध्यायः

अथाष्टत्रिंशोऽध्यायः ।

रजोलक्षणम् ।

कथयन्ति पार्थिववधं रजसा घनतिमिरसञ्चयनिभेन। अ
व्यमानगिरिपुरतरवः सर्वा दिशश्छन्नाः ॥१॥ यस्यां दिशि धूरि

जिस ऋतुमें सूर्यका रंग जिस प्रकारका हो और जिस ऋतुमें प्रतिसूर्यका
वैसाही चिकना, वैदूर्यमणिके समान स्वच्छ और शुक्ल वर्ण युक्त हो तो क्षेम
सुभिक्षकारारी होता है ॥ १ ॥ पीत वर्ण हो तो व्याधि उत्पन्न करता है, अ
समान वर्ण धारण किये हो तो शस्त्रकोपका कारण होता है और प्रतिसूर्यकी
अर्थात् बहुतसे प्रतिसूर्य उदय हों तो चोरभय, आंतक और राजाका नाश हो
है ॥ २ ॥ उत्तरमें प्रतिसूर्य हो तो जल वर्षाता है, दक्षिणमें हो तो पवन च
है, दोनों दिशाओंमें हो तो जलभय होता है, ऊपर स्थित हो तो राजाको
नीचे स्थित हो तो मनुष्योंका नाश करता है ॥ ३ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवा
पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां सप्तत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३७ ॥

गहरे अँधियारेके समूहके समान धूरि जब समस्त दिशाओंको ढक ले कि
पर्वत, पुर या वृक्ष इत्यादि कुछभी दिखाई न दें तब निश्चय जानना कि रा
नाश होगा ॥ १ ॥ पहले जिस दिशामें धूरिका समूह दीख पडे या जिस

---

१ अध्यायोऽयं न व्याख्यातो न चोल्लिखितो भट्टोत्पलेन । निवेशितोऽन्नत्वादर्शे दृष्टत्वात् ।

वा यस्याम् । आगच्छति सप्ताहात्तत्रैव भयं न सन्देहः ॥ २ ॥
श्वेते रजो घनौघे पीडा स्यान्मन्त्रिजनपदानां च । न चिरात्
प्रकोपमुपयाति शस्त्रमतिसंकुला सिद्धिः ॥ ३ ॥ अर्कोदये विजृ-
म्भति यदि दिनमेकं दिनद्वयं वापि । स्थगयन्निव गगनतलं भय-
मत्युग्रं निवेदयति ॥ ४ ॥ अनवरतसञ्चयवहं रजनीमेकां प्रधान-
नृपहन्तृ । क्षेमाय च शेषाणां विचक्षणानां नरेन्द्राणाम् ॥ ५ ॥
रजनीद्वयं विसर्पति यस्मिन् राष्ट्रे रजोघनं बहुलम् । परचक्रस्या-
गमनं तस्मिन्नपि सन्निबोद्धव्यम् ॥ ६ ॥ निपतति रजनीत्रितयं
चतुष्कमप्यन्नरसविनाशाय । राज्ञां सैन्यक्षोभो रजसि भवेत्पञ्च-
रात्रभवे ॥ ७ ॥ केत्वाद्युदयविमुक्तं यदा रजो भवति तीव्रभय-
दायि । शिशिरादन्यत्रर्तौ फलमविकलमाहुराचार्याः ॥ ८ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां रजोलक्षणं नामाष्ट-
त्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

वह धूरिसमूह पहले निवृत्त हो, निःसन्देह सात दिनमें तहां भय आवेगा ॥ २ ॥
धूरिराशिरूप मेघसमूह श्वेतवर्णका हो तो मंत्री और जनपदोंको पीडा होती है ।
शीघ्र शस्त्रकोप आ पहुँचता है और कार्यकी सिद्धि अतिकष्टसे होती है ॥ ३ ॥
सूर्य उदय होनेके समय जो धूरी एक दिनतक वा दो दिनतक आकाशको ढके हुए
प्रकाशित हो तो उग्र भयका विषय कहा जाता है ॥ ४ ॥ एक रात्रितक बराबर
धूरी इकट्ठा होती जाय तो मुख्य राजाकी मृत्यु होती है और शेष बुद्धिमान् राजा-
ओंको शुभ फल करती है ॥ ५ ॥ जिस देशमें दो रात्रितक बराबर घनी धूरि
फैलती है तो भलीभांति जान लेना चाहिये कि उस देशमें दूसरे राजाका राज होगा
॥ ६ ॥ तीन या चार रात्रितक बराबर धूरि गिरती रहे तो अन्न व रसका नाश हो
जाता है, पांच रात्रितक धूरि गिरे तो राजाओंकी सेनामें खलबली मच जाती है ।७॥
केतु आदिके उदयसे पीछे धूरि गिरे तो तीव्र भय होता है, आचार्य लोग कहते हैं
कि शिशिरके सिवाय और ऋतुओंमें इसका अधिक फल होता है ॥ ८ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबाद-
वास्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायामष्टत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३८ ॥

अथकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ।

निर्घातलक्षणम् ।

पवनः पवनाभिहतो गगनादवनौ यदा समापतति
तदा निर्घातः स च पापो दीप्तविहगरुतः ॥ १ ॥ अर्को
रणिकनृपधनियोधाङ्गनावणिग्वेश्याः । आप्रहरांशेऽजा
न्याच्छूद्रपौरांश्च ॥ २ ॥ आमध्याह्नाद्राजोपसेविनो
पीडयति । वैश्यजलदांस्तृतीये चौरान् प्रहरे चतुर्थे
अस्तं याते नीचान् प्रथमे यामे निहन्ति सस्यानि । र
ययामे पिशाचसंघान्निपीडयति ॥ ४ ॥ तुरगकरिणस्तृ
हन्याद्यायिनश्चतुर्थे च । भैरवजर्जरशब्दो याति य
हन्ति ॥ ५ ॥

इतिश्रीवराहमिहिरकृतौबृहत्सं० निर्घातलक्षणंनामैकोनचत्वारिंशो

पवनके द्वारा पवन टकराकर जब पृथ्वीपर गिरता है तब वही नि
है. उस निर्घातके समय सूर्यकी ओरको मुख करके पक्षिगण शब्द क
कारी होता है ॥ १ ॥ सूर्य उदय होनेके समय निर्घात हो तो
अर्थात् विचारक, नृप, धनवान्, योधा, स्त्री, वणिक् और वेश्यायें न
प्रहरांशसमयतक हो तो बकरी पालनेवाले, शूद्र और पुरवासियोंका न
दुपहरके मध्यमें हो तो राजसेवा करनेवाले पुरुष और ब्राह्मणोंको पी
तीसरे प्रहरमें निर्घात हो तो वैश्य और जल देनेवाले मेघोंको, चौथे प्र
चोरोंको पीडित करता है ॥ २ ॥ ३ सूर्यास्त होनेपर नीचलोगोंका
प्रथम याममें होनेपर धान्यका नाश करता है, रात्रिके दूसरे
हो तो पिशाचको पीडित करता है ॥ ४ ॥ रात्रिके तीसरे प्रहरमें ह
और घोडोंको और चौथे प्रहरमें निर्घात हो तो पैदलोंको हनन क
जिस दिशासे भयंकर और फटे हुए शब्दके साथ निर्घातका उत्पात
दिशा नष्ट हो जाती है ॥ ५ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशी
बादधास्तव्य—पण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीक
मेकोनचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ३९ ॥

अथ चत्वारिंशोऽध्यायः ।

सस्यजातकम् ।

[वृ]श्चिकवृषप्रवेशे भानोर्ये बादरायणेनोक्ताः । ग्रीष्मशरत्सस्यानां
[यो]योगाःकृतास्त इमे ॥ १ ॥ भानोरलिप्रवेशे केन्द्रैस्तस्माच्छु-
[भा]क्रान्तैः । बलवद्भिः सौम्यैर्वा निरीक्षितैर्ग्रैष्मकविवृद्धिः ॥२॥
[अष्ट]मराशिगतेऽर्के गुरुशशिनोः कुम्भसिंहस्थितयोः । सिंहघटसं-
[स्थ]योर्वा निष्पत्तिर्ग्रीष्मसस्यस्य ॥ ३ ॥ अर्कात्सिते द्वितीये बुधे-
[वा] युगपदेव वा स्थितयोः । व्ययगतयोरपि तद्वन्निष्पत्तिरतीव
[दृ]ष्ट्या ॥ ४ ॥ शुभमध्येऽलिनि सूर्याद्गुरुशशिनोः सप्तमे परा
[...]त्र । अन्यादिस्थे सवितरि गुरौ द्वितीयेऽर्द्धनिष्पत्तिः ॥ ५ ॥
[...]हिबुकार्थयुक्तैः सूर्यादलिगात्सितेन्दुशशिपुत्रैः । सस्यस्य परा
[...]र् कर्मणि जीवे गवां चाग्र्या ॥ ६ ॥ कुम्भे गुरुर्गवि शशि
[...]लिमुखे कुजार्कजौ मकरे । निष्पत्तिरस्ति महती पश्चात् पर-

[वृश्चि]क या वृषराशिमें सूर्यके प्रवेशकालके समय ग्रीष्म और शरत्कालके उत्पन्न
[धा]न्यके सम्बन्धमें जो शुभाशुभ बादरायण मुनिजीने निश्चय किये हैं वह यह
[सूर्य]के वृश्चिक राशिमें गमन करनेके समय उसके समस्त केन्द्रस्थान अर्थात्
, कुंभ, वृष और सिंहराशि शुभ ग्रहों करके युक्त वा बलवान् शुभ ग्रहोंकरके
[जा]य तो ग्रीष्मके धान्यकी बृद्धि होती है ॥ १ ॥ २ ॥ जब सूर्य आठवीं
वृश्चिक) में गमन करे उस काल यदि कुंभमें बृहस्पति और सिंहमें
अथवा सिंहमें बृहस्पति और कुंभमें चन्द्रमा हो तो ग्रीष्मका उत्पन्न हुआ
[ब]ढता है ॥ ३ ॥ शुक्र या बुध जो सूर्यकी दूसरी राशिमें जाय अथवा एक
सूर्यकी बारहवीं राशिमें जाय तो भी ऐसा ही अन्न होगा और उसमें यदि
[...]की दृष्टि हो तो वह अन्न उत्तम भांतिसे होगा ॥ ४ ॥ वृश्चिक राशिमें
सूर्यकी दोनों दिशाएँ यदि दो शुभ ग्रह और उससे सातवें चन्द्रमा और
हो तो बहुत उत्तम खेती हो, वृश्चिक आरम्भमें रवि और उसके दूसरे
बृहस्पतिका होना आधी खेतीकी सूचना कराता है ॥ ५ ॥ शुक्र, चन्द्र
[...] ग्रह जो वृश्चिकमें गये हुए सूर्यसे दूसरी, चौथी अथवा ग्यारहवीं
हो तो अन्नकी श्रेष्ठ सम्पत्ति प्राप्त होती है और कर्म (दशम) में बृहस्पति
[गा]योंके लिये श्रेष्ठ सम्पत्ति प्राप्त होती है ॥ ६ ॥ जिस समय सूर्य वृश्चिक

चक्ररोगभम् ॥ ७ ॥ मध्ये पापग्रहयोः सूर्यः सस्यं
लिगः । पापः सप्तमराशौ जातं जातं विनाशयति ॥
स्थाने क्रूरः सौम्यैरनिरीक्षतः प्रथमजातम् । सस्यं
द्धतं निष्पादयेद्व्यक्तम् ॥ ९ ॥ जामित्रकेन्द्रसंस्थौ
वृश्चिकस्थस्य । सस्यविपत्तिं कुरुतः सौम्यैर्दृष्टौ न
वृश्चिकसंस्थादर्कात् सप्तमषष्ठोपगौ यदा क्रूरौ।भवति
सस्यानामर्घपरिहानिः ॥ ११ ॥ विधिनाऽनेन रविर्वृ
तसमुत्थानाम् । विज्ञेयः सस्यानां नाशाय शिवाय वा।
त्रिषु मेषादिषु सूर्यः सौम्ययुतो वीक्षितोऽपि वा विच
कधान्यं कुरुते समर्थमुभयोपयोग्यं च ॥ १३ ॥ व
संस्थः शारदस्य तद्वदेव रविः । संग्रहकाले ज्ञे
क्रूरदृग्योगात् ॥ १४ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां सस्यात
चत्वारिंशोऽध्यायः॥ ४० ॥

राशिमें गमन करे उस समय जो कुंभमें बृहस्पति, वृषमें चन्द्रमा
यदि मकरराशिमें हों तो अन्न भलीभांतिसे होता है, परन्तु पीछे
रोगका भय हुआ करता है ॥ ७ ॥ जो सूर्य वृश्चिक राशिमें दो
हो तो धान्यका नाश करता है, इस समय वृषराशिमें स्थित हो
अन्नका नाश कर देता है ॥ ८ ॥ उसके अर्थस्थानमें स्थित क्रूर
देखा जाय तो पहिली बोई हुई खेतीका नाश करता है, परन्तु
खेती भलीभांतिसे उपजती है ॥ ९ ॥ वृश्चिक राशिमें स्थित सू
मेंके या केन्द्रस्थित और क्रूर ग्रह खेतीका नाश करते हैं परन्तु
देखता हो तो सब जगहके धान्यको नाश नहीं कर सकते ॥ १०
ग्रह वृश्चिकराशिमें स्थित सूर्यसे सातवें और छठें हो तो खेती होते
महंगा रहता है ॥ ११ ॥ वृषराशिमें सूर्यके प्रवेश करनेसे उ
नाशका या मंगलका कारण भी होता है ऐसा पंडितोंका कहना
मेषादि तीन राशियोंमें स्थित सूर्य शुभ ग्रह करके युक्त हो य
जाय तो ग्रीष्मकी खेती समर्थ हो और इतना सस्ता अन्न रहे
परलोक दोनों बना लें (परलोक बनानेके लिये अन्नदान करें
मकर और कुंभराशिमें स्थित सूर्य शरत्कालमें उत्पन्न हुई खेती

अथैकचत्वारिंशोऽध्यायः ।

द्रव्यनिश्चयः ।

ये येषां द्रव्याणामधिपतयो राशयः समुद्दिष्टाः । मुनिभिः
।शुभार्थं तानागमतः प्रवक्ष्यामि ॥ १ ॥ वस्त्राविककुतुपानां
गोधूमरालकयवानाम् । स्थलसम्भवौषधीनां कनकस्य च
ितो मेषः ॥ २ ॥ गवि वस्त्रकुसुमगोधूमशालियवमहिषसुर-
नयाः स्युः । मिथुनेऽपि धान्यशारदवल्लीशालूककर्पासाः ॥३॥
णि कोद्रवकदलीदूर्वाफलकन्दपत्रचोचानि । सिंहे तुषधान्य-
सिंहादीनां त्वचः सगुडाः ॥ ४ ॥ षष्ठेऽतसीकलायाः कुल-
धूममुद्गनिष्पावाः सप्तमराशौ माषा गोधूमाः सर्षपाः
ाः ॥ ५ ॥ अष्टमराशाविक्षुः सैक्यं लोहान्यजाविकं चापि ।
तु तुरगलवणाम्बरास्त्रतिलधान्यमूलानि ॥ ६ ॥ मकरे

अन्नको संग्रहकालमें क्रूर ग्रहकी दृष्टि और योगसे इसका उलटा फल होता
जानना चाहिये ॥ १४ ॥

ते श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादा-
बादवास्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां
चत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४० ॥

न २ राशियोंको निज द्रव्योंका स्वामी मुनि लोगोंने कहा है, शुभ और अशुभ
के लिये आगमसे उनका विषय कहा जाता है ॥ १ ॥ मेशराशि वस्त्र, भेडके
बने कम्बल, बकरेकी ऊनसे बने कम्बल, मसुर, गेहूँ, राल (वृक्षोंके गोंद),
लकी उपजी हुई औषधियें और सुवर्णकी स्वामिनी कही जाती है ॥ २ ॥
सुम, गेहूँ, शालि धान्य, जौ, महिष और गाय इनकी स्वामिनी वृषराशि है-
और शरदृतुमें उत्पन्न हुए पदार्थ, लता, कमल कुमकुमादिकी जड और कपास
थुनके अधीन हैं ॥ ३ ॥ कर्कमें कोदो, केला, दूब फल, पत्र, और
स्वामिनी है । सिंहके अधिकारमें, भुस्सी, धान्य, रस, गुड और
के चर्म हैं ॥ ४ ॥ कन्याराशिमें अलसी, मटर, कुलथी, गेहूँ, मूंग,
(मटर) हैं । तुला राशिमें उर्द, गेहूं सरसों और जौ विद्यमान
॥ ईख, शिक्यस्थ द्रव्य (ईखमें पानी देनेसे जो वस्तु उत्पन्न
), लोहा, भेड, बकरीका स्वामी वृश्चिक है अश्व, लवण,

तरुगुल्माद्यं सैक्येक्षुसुवर्णकृष्णलोहानि । कुम्भे
कुसुमरत्नचित्राणि ॥ ७ ॥ मीने कपालसम्भवरत्ना
वज्राणि । स्नेहाश्चनैकरूपा व्याख्याता मत्स्यजातं च
श्चतुर्दशार्थायसप्तनवपञ्चमस्थितो जीवः । व्येकादश
मेषु शशिजश्च वृद्धिकरः ॥ ९ ॥ षट्सप्तमगो हानिं
करोति शेषेषु । उपचयसंस्थाः क्रूराः शुभदाः शेषे
॥ १० ॥ राशेर्यस्य क्रूराः पीडास्थानेषु संस्थि
तत्प्रोक्तद्रव्याणां महार्घता दुर्लभत्वं च ॥ ११ ॥ इष्ट
बलिनो येषां भवन्ति राशीनाम् । तद्द्रव्याणां वृद्धि
दुर्लभत्वं च ॥ १२ ॥ गोचरपीडायामपि राशिर्बी
ग्रहैर्दृष्टः । पीडां न करोति तथा क्रूरैरेवं विपर्यासः

इति वराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां द्रव्यनिश्च
नामैकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥

अम्बर, अस्त्र, तिल, धान्य और मूल धनराशिमें विराजमान हैं
वृक्ष गुल्मादि और सींचनेसे जो वस्तु उत्पन्न होती है, ईख सु
लोहा है । कुंभमें जलसे उत्पन्न हुए फल, फूल, रत्न और चि
वर्त्तमान हैं ॥ ७ ॥ कपालसम्भव रत्न (हाथीके शिरसे निकली
शिरसे निकली मणि), जलसे उत्पन्न होनेवाले पदार्थ अनेक रू
और मछलियाँ मीनराशिके अधीन हैं ॥ ८ ॥ जिस राशिके दू
सातवें, नववें, दशवें ग्यारहवें स्थानमें बृहस्पति हो अथवा दूसरे, पां
वा एकादश स्थानमें बुध हो उस राशिमे जो द्रव्य कहे हैं उनकी
शुक्र उस राशिके छठे या सातवें स्थानमें हो, तिस राशिके द्र
अभिन्न राशियों में हो तो वृद्धि करते हैं, और क्रूर ग्रह उप
तीसरे, छठे, दशम या एकादश स्थान में हों तो शुभदायी हैं अ
और राशि में स्थित हो तो हानिकारी हैं ॥ ९ ॥ १० ॥
जिस राशि के पीडा स्थान में अर्थात् उपचय स्थान के सिवा
स्थित हों, उस राशिके अधिकार में जितने द्रव्य हों वह सब
होजाते हैं ॥ ११ ॥ बलवान् शुभ ग्रह जिन राशियों के इष्टस्थ
चयस्थान में हों, उन राशियों के अधीन में जो जो द्रव्य हैं उन
सामर्थ्य और सुलभता होती है ॥ १२ ॥ गोचर पीडा में

अथ द्विचत्वारिंशोऽध्यायः ।

अर्घकाण्डम् ।

अतिवृष्ट्युल्कादण्डान् परिवेषग्रहणपरिधिपूर्वांश्च । दृष्ट्वामावा-
स्यामुत्पातान् पौर्णमास्यां च ॥ १ ॥ ब्रूयादर्घविशेषान् प्रति-
ं राशिषु क्रमात् सूर्ये । अन्यतिथावुत्पाता ये ते डमरार्तये
ाम् ॥ २ ॥ मेषोपगते सूर्ये ग्रीष्मजधान्यस्य संग्रहं कुर्यात् ।
मूलफसस्य वृषे चतुर्थमासे तयोर्लाभः ॥ ३ ॥ मिथुनस्थे सर्व-
ान् धान्यानि च संग्रहं समुपनीय । षष्ठे मासे विपुलं विक्री-
् प्राप्नुयाल्लाभम् ॥ ४ ॥ कर्किण्यर्के मधुगन्धतैलघृतफाणि-
ने विनिधाय । द्विगुणा द्वितीयमासे लब्धिर्हीनाधिके छेदः॥५॥
े सुवर्णमणिचर्मशस्त्राणि मौक्तिकं रजतम् । मञ्चममासे लब्धि-
हेतुरतोऽन्यथा छेदः ॥ ६ ॥ कन्यागते दिनकरे चामरखरकर-

ान् और शुभ ग्रहों करके देखी जाय तो पीडा नहीं, और क्रूर ग्रह देखते हों
ससे विपरीत फल होता है ॥ १३ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीय-
मुरादाबाद वास्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां
भाषाटीकायामेकचत्वारिंशोऽध्यायः ॥ ४१ ॥

ातिमासमें सब राशियें जब सूर्यमें गमन करें, अमावास्या या पूर्णिमामें परिवेष,
, परिधि, अतिवृष्टि, उल्का व दंडरूप उत्पातोंको देखकर क्रमानुसार सब विशे-
ो कहना चाहिये और तिथियोंमें जो उत्पात होते हैं, वे सब उत्पात राजाओंके
गडबडीका भय प्रगट करते हैं ॥१॥ २ ॥ सूर्य मेषराशिमें जाय तो ग्रीष्मजात
ाका संग्रह करना उचित है. वृषराशिमें बनैले फल और मूलका संग्रह करना
्य है. चौथे मासमें उसमें लाभ होता है ॥३॥ सूर्य मिथुन राशिमें प्राप्त हो तो
नकारके रस और सब प्रकारके धान्योंका संग्रह करके छठे मासमें विक्रय करे तो
सा लाभ होता है ॥४॥ सूर्य कर्क राशिमें स्थित हो तो मधु, गन्ध, तेल, घी
नेत्ररोगता । धान्यलब्धिमपि वासवे विदुर्वारुणे विषकृतं म
द्भयम् ॥ ११ ॥ भद्रपदासु भयं सलिलोत्थं तत्परश्च भवेत्सु
लब्धिः । रत्नयुतिं कथयन्ति च पौष्णे योऽभिनवाम्बरमिच्छ

कंकपक्षी, मेंडक, उलूक, कपोत, काक, मांस खानेवाले गृध्रादि, जम्बुक, गधे,
और सर्पके आकारका छेद देवताओंके भागमेंभी हो तोभी पुरुषोंको मृत्युके स
भय करता है और भागोंमें हो तो क्या कहना है ॥ ४ ॥ छत्र, ध्वज, स्वस्ति
वर्धमान, (मट्टीका सिकोरा), बिल्ववृक्ष, कलश, कमल, तोरणादिके आका
छेद राक्षसभागमें पुरुषोंको शीघ्रही लक्ष्मी देता है और भागोंमें हो तब तो
नाहीं क्या है ॥ ५ ॥ अश्विनी नक्षत्रमें नया वस्त्र पहरनेसे बहुत वस्त्र मिलते
भरणीमें पहरनेसे वस्त्रोंकी हानि होती है, कृत्तिकामें वस्त्र दग्ध हो जाना, रोहि
धनप्राप्ति ॥ ६ ॥ मृगशिरामें वस्त्रको मूषकका भय, आर्द्रामें मृत्यु, पुनर्वसुमें शु
प्राप्ति, पुष्यमें धनलाभ ॥ ७ ॥ आश्लेषामें पहरनेसे वस्त्रका नष्ट हो जाना, मघा
त्रमें मृत्यु, पूर्वाफाल्गुनीमें राजासे भय, उत्तराफाल्गुनीमें धनकी प्राप्ति ॥ ८ ॥ ह
कार्य सिद्धि होती है, चित्रामें शुभकी प्राप्ति, स्वातिमें उत्तम भोजनका मि
विशाखामें मनुष्योंका प्रिय ॥ ९ ॥ अनुराधामें मित्रका समागम, ज्येष्ठामें व
क्षय, मूलमें जलमें डूबना, पूर्वाषाढामें रोग होना ॥ १० ॥ उत्तराषाढामें मीठे
नका मिलना, श्रवणमें नेत्ररोग, धनिष्ठामें अन्नका लाभ, शतभिषामें विषका
भय ॥ ११ ॥ पूर्वाभाद्रपदामें जलका भय, उत्तराभाद्रपदामें पुत्रलाभ और रेवती
त्रमें जो पुरुष नया वस्त्र धारण करे तो उसको रत्नलाभ होता है ॥ १२ ॥ आह

भोक्तुम् ॥ १२ ॥ विप्रमतादथ भूपतिदत्तं यच्च विवाहविधाव
लब्धम् । तेषु गुणै रहितेष्वपि भोक्तुं नूतनमम्बरमिष्टफलं स
॥ १३ ॥ भोक्तुं नवाम्बरं शस्तमृक्षेऽपि गुणवर्जिते । विवाहे
सन्माने ब्राह्मणानां च सम्मते ॥ १४ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्सं० वस्त्रच्छेदलक्षणंनामैकसततितमोऽध्याय

अथ द्विसप्ततितमोऽध्यायः ।

चामरलक्षणम् ।

देवैश्चमर्यः किल बालहेतोः सृष्टा हिमक्ष्माधरकन्दरेषु । अ
तद्वर्णाश्च भवन्ति तासां कृष्णाश्च लांगूलभवाः सिताश्च ॥
स्नेही मृदुत्वं बहुबालता च वैशद्यमल्पास्थिनिबन्धनत्वम् ।
कल्यं च तेषां गुणसम्पदुक्ता विद्धाल्पलुप्तानि न शोभनानि ॥
अध्यर्धहस्तप्रमितोऽस्यदण्डो हस्तोऽथवारत्निसमोऽथ वान्यः
ष्ठाच्छुभात् काञ्चनरूप्यगुप्ताद्रत्नैर्विचित्रश्च हिताय राज्ञाम् ॥

आज्ञासे बुरे नक्षत्रमेंभी नये वस्त्रका धारण करना शुभही फल देता है, राजाका
हुआ वस्त्र, विवाहमें प्राप्त हुआ वस्त्र बुरे नक्षत्रमेंभी ग्रहण कर लेवे तो शुभही
देता है ॥ १३ ॥ विवाहमें, राजाके सत्कारमें और ब्राह्मणोंकी आज्ञासे बुरे न
वस्त्रका धारण करना शुभही फल देता है ॥ १४ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि० बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवा
पण्डितबलदेवप्रसाद मिश्रविरचितायां भाषाटीकायामेकसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७

देवताओंने हिमालय पर्वतकी कन्दराओंमें चामरोंके लिये चामरी (चमर
उत्पन्न किये हैं. उनकी पूंछके बाल पीले, काले और श्वेत होते हैं ॥ १ ॥
रोंके बाल स्निग्ध, कोमल और बहुत हों, विशद अर्थात् निर्मल और
उलझे हुए न हों, उनके बीचकी हड्डी छोटी हो, जिसमें बाल लगे रहते हैं
श्वेतवर्णके बाल हों, यह उन चामरोंके गुणोंकी सम्पत्ति कही है, ऐसे बा
होते हैं और चामरके बाल विद्ध (टूटे और फटे हुए), छोटे और लुप्त (
हुए) शुभ नहीं होते ॥ २ ॥ उस चामरका दंड डेढ हाथ, एक हाथ या
मुहूर्त लंबा बनावे, उत्तम काष्ठका दंड बनाये सुवर्ण या चांदीसे मढ उसपर
जड, यह दण्ड राजाओंको शुभ होता है (मुट्ठी बंधे हाथको रत्नि कहते हैं)

यष्ट्यातपत्रांकुशवेत्रचापवितानकुन्तध्वजचामराणाम् । व्यापं
तन्त्रीमधुकृष्णवर्णा वर्णक्रमेणैव हिताय दण्डाः ॥ ४ ॥ मातृ
नकुलक्षयावहा रोगमृत्युजननाश्च पर्वभिः । द्व्यादिभिर्द्विकविवर्ध
क्रमाद् द्वादशान्तविरतैः समैः फलम् ॥ ५ ॥ यात्राप्रसिद्धिर्द्वि
विनाशो लाभः प्रभूतो वसुधागमश्च । वृद्धिः पशूनामभिवाञ्छि
तातिरुयाद्येष्वयुग्मेषु तदीश्वराणाम् ॥ ६ ॥

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० चामरलक्षणं नाम द्विसप्ततितमोऽध्यायः ॥७

अथ त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ।

छत्रलक्षणम् ।

निचितं तु हंसपक्षैः कृकवाकुमयूरसारसानां च । दौकू
नवेन तु समन्ततश्छादितं शुक्लम् ॥ १ ॥ मुक्ताफलैरुपचितं

लाठी, छत्र, अंकुश, वेत्र (छडी), धनुष, वितान (चंदोवा), भाला ध्वज
चामर इन सबके दंड ब्राह्मणोंको बनाने चाहिये, क्षत्रियोंको तंत्री (तांत) के
(पीले और लाल रंग मिले), वैश्योंको शहतके रंग और शूद्रोंको काले रंगके
बनाने उचित हैं ॥ ४ ॥ इन दंडोंके दो पर्व (पोरुओं) से लेकर दो २ बढाते
तो बारह पर्वतक सम पर्वोंके यह फल क्रमसे होते हैं, जैसे दो पर्वका दंड
माताका क्षय, चार पर्व हो तो भूमिक्षय, छः पर्व हो तो धनक्षय, आठ पर्व
तो मृत्यु कुलक्षय, दश पर्वका हो तो रोगकी उत्पत्ति और बारह पर्वका दंड
मृत्यु होती है ॥ ५ ॥ तीन पोरुओंसे लेकर दो २ पोरुओंकी वृद्धिसे विषम
यह फल क्रमसे उनके स्वामियोंको होते हैं, जैसा तीन पर्वका दंड होनेसे य
जय, पांच पर्वका होनेसे शत्रुओंका नाश, सात पर्वका होनेसे बहुतसा लाभ
नौ पर्वका होनेसे भूमिका लाभ, ग्यारह पर्वका होनेसे पशुओंकी वृद्धि और
पर्वका दंड होनेसे अभिष्ट वस्तुकी प्राप्ति होती है ॥ ६ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशी यमुरादाबा
स्तव्य--पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटी० द्विसप्ततितमोऽध्यायः ॥

हंस, मुरगा, मयूर सारस पक्षीके पंखोंसे बना, नये दुकूल (दुपट्टे) से
और ढका, श्वेतवर्ण, मोतियोंसे व्याप्त ॥ १ ॥ चारों ओर लटकती हुई मो
मालाओंसे युक्त, स्फटिककी मूठसे शोभित छत्र बनावे और छः हाथ लम्

म्बमालाविलं स्फटिकमूलम् । षड्ढस्तशुद्धहैमं नवपर्वनगैकदण्डं
च ॥ २ ॥ दण्डार्धविस्तृतं तत् समावृतं रत्नविभुषितमुदग्रम्
नृपतेस्तदातपत्रं कल्याणपरं विजयदं च ॥ ३ ॥ युवराजनृपति-
पत्न्याः सेनापतिदण्डनायकानां च । दण्डोऽर्धपञ्चहस्तः समपञ्च
कृतार्धविस्तारः ॥४॥ अन्येषामुष्णघ्नं प्रसादपट्टैर्विभूषितशिरस्कम् ।
व्यालम्बिरत्नमालं छत्रं कार्यं च मायूरम् ॥ ५ ॥ अन्येषां च
नराणां शीतातपवारणं तु चतुरस्रम् । समवृत्तदण्डयुक्तं छत्रं कार्यं
तु विप्राणाम् ॥ ६ ॥

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० छत्रलक्षणं नाम त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ॥७३॥

अथ चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ।

स्त्रीप्रशंसा ।

जये धरित्र्याः पुरमेव सारं पुरे गृहं सद्मनि चैकदेशः । तत्रापि
शय्या शयने वरा स्त्री रत्नोज्ज्वला राजसुखस्य सारः ॥१॥ रत्नानि

काष्ठका दंड सोनेसे मढा, नौ या सात पर्वोंसे युक्त छत्रको लगावे ॥२॥ दंडके
अर्धभागके तुल्य (तीन हाथ) छत्रका व्यास रक्खे, वह छत्र सुश्लिष्टसंधि, रत्नोंसे
भूषित और उन्नत हो ऐसा छत्र राजाको कल्याण करता और विजय देता है
॥ ३ ॥ युवराज, राजाकी रानी, सेनापति और दंडनायक (कोतवाल) के छत्रका
दंड साढे चार हाथ, और छत्रका व्यास अढाई हाथ होता है ॥ ४ ॥ युवराजा-
दिको छोड राजपुत्रादिके लिये मयूरपक्षोंका बना प्रसादपट्ट गोपट्टलक्षणाध्यायमें कह
आये हैं, तिनसे भूषित हुआ है शिर जिसका, रत्नमाला जिसमें लटकती हैं ऐसा
छत्र धूपकी निवृत्तिके लिते होता है ॥ ५ ॥ साधारण मनुष्योंके लिये शीत और
धूपको रोकनेवाला चतुरस्र छत्र होता है और ब्राह्मणोंके लिये चारों ओरसे गोल
और दंडयुक्त छत्र बनाना उचित है ॥ ६ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबाद
वास्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां त्रिसप्ततितमोऽध्यायः ॥७३॥

राजा सम्पूर्ण पृथ्वीको जीत ले परन्तु उसमें अपनी राजधानीका नगरही सार
है. उस नगरमें अपना गृहसार, गृहमें अपने रहनेका एक मुख्य स्थान सार,
उस स्थानमें शय्या सार और उस शय्याके रत्नोंसे भूषित स्त्री सार हैं, राज-
सुखमें इतनाही सार है और सब पदार्थ सारहीन हैं ॥ १ ॥ रत्नोंको स्त्री भूषि-

विभूषयन्ति योषा भूष्यन्ते वनिता न रत्नकान्त्या। चेतो वा
हरन्त्यरत्ना नो रत्नानि विनाङ्गनाङ्गसङ्गात् ॥ २ ॥ आ
विनिगूहतां रिपुबलं जेतुं समुत्तिष्ठतां तन्त्रं चिन्तयतां कृताकृत
व्यापारशाखाकुलम्। मन्त्रिप्रोक्तनिषेविनां क्षितिभुजामाशङ्कि
वतो दुःखाम्भोनिधिवर्तिनां सुखलवः कान्तासमालिङ्गनम् ॥
श्रुतं दृष्टं स्पृष्टं स्मृतमपि नृणाह्लादजननं न रत्नं स्त्रीभ्योऽ
क्वचिदपि कृतं लोकपतिना। तदर्थं धर्मार्थौ सुतविषयसौख्
च ततो गृहे लक्ष्म्यो मान्याः सततमबला मानविभवैः ॥
येऽप्यङ्गनानां प्रवदन्ति दोषान् वैराग्यमार्गेण गुणान्विहाय
दुर्जना मे मनसो वितर्कः सद्भाववाक्यानि न तानि तेषाम् ॥
प्रब्रूत सत्यं कतरोऽङ्गनानां दोषोऽस्ति यो नाचरितो मनुष्
धाष्ट्र्येन पुम्भिः प्रमदा निरस्ता गुणाधिकास्ता मनुनात्र च
॥ ६ ॥ सोमस्तासामदाच्छौचं गन्धर्वाः शिक्षितां गिरम्। अ

करती है. रत्नकांतिसे स्त्रियें भूषित नहीं होतीं, कारण कि, स्त्री विना रत्न
तो भी चित्तको हर लेती है और रत्न स्त्रियोंके अंगका संग किये विना चि
हर सकते ॥२॥ हर्ष, शोक आदिके आकारको छिपाते हुए, शत्रुबल जीतने
उठते हुए, किये न किये सैकडों व्यवहारोंकी शाखाओंसे व्याकुल, राज
चिंतवन करते हुए, मंत्रियोंकी कही नीतिपर चलते हुए, पुत्र स्त्री आदिसेभी
रहते हुए, दुःखसमुद्रमें डूबे हुए, राजाओंके अर्थ स्त्रीका आलिंगन कर
थोडासा सुख है ॥ ३ ॥ विधाताने स्त्रियोंके सिवाय और कहीं कोई ऐस
निर्माण नहीं किया जिसके सुनने, स्पर्श करने, देखने या स्मरण करनेहीसे
आल्हाद हो जाय, धर्म और अर्थका सेवन स्त्रीकेही लिये करते हैं, पुत्रोंव
विषयसुखोंका लाभ स्त्रीसेहि होता है. स्त्री घरकी लक्ष्मी है, इसलिये मान
ऐश्वर्यसे सब समय स्त्रियोंका सत्कार करना उचित है ॥ ४ ॥ यह हमार
निश्चय है कि जो पुरुष स्त्रियोंके गुणोंको छोड वैराग्य मार्ग द्वारा उन
कहते हैं वे पुरुष दुष्ट हैं इसी कारण उन दुष्टोंके वे वचनभी प्रामाणिक नहीं
आप विरक्त हैं तो आपही सत्य कहैं कि, स्त्रियोंमें ऐसा कोनसा दोष है ज
षने पहलेही न किया हो (सब दोष पहले पुरुषोंने किये पीछे स्त्रीयोंने
सीखे) पुरुषोंने धृष्टतासे स्त्रीयोंको जीत लिया, वास्तवमें पुरुषोंसे स्त्रियोंमें
गुण हैं. धर्मशास्त्रके मुख्य आचार्य मनुने भी इस विषयमें यह कहा है॥६॥ च
शुद्धता, गंधर्वोंने शिक्षित वचन दिये और अग्निने सर्वभक्षित्व स्त्रियोंको दि

सर्वभक्षित्वं तस्मान्निष्कसमाः स्त्रियः ॥ ७ ॥ ब्राह्मणाः प
मेध्या गावो मेध्यास्तु पृष्ठतः।अजाश्वा मुखतो मेध्या स्त्रियो मे
स्तु सर्वतः ॥ ८ ॥ स्त्रियः पवित्रमतुलं नैता दुष्यन्ति कर्हि
मासि मासि रजो ह्यासां दुष्कृतान्यपकर्षति ॥९॥ जामयो
गेहानि शपन्त्यप्रतिपूजिताः । तानि कृत्याहतानीव विनश्
समन्ततः ॥ १० ॥ जाया वा स्याज्जनित्री वा सम्भवः स्त्री
नृणाम् । हे कृतघ्नास्तयोर्निन्दां कुर्वतां वः कुतः सुखम् ॥ '
दम्पत्योर्व्युत्क्रमे दोषः समः शास्त्रे प्रतिष्ठितः । नरा न तमवे
तेनात्र वरमङ्गनाः॥१२॥बहिर्लोम्ना तु षण्मासान् वेष्टितः खरच
दारातिक्रमणे भिक्षां देहीत्युक्त्वा विशुद्ध्यति ॥१३॥ न शते
वर्षाणामपैति मदनाशयः।तत्राशक्त्या ।निवर्तन्ते नरा धैर्येण ये
॥१४॥ अहो धार्ष्ट्यमसाधूनां निन्दतामनघाः स्त्रियः।मुष्णत
चौराणां तिष्ठ चौरेति जल्पताम् ॥ १५ ॥ पुरुषश

इसलिये स्त्री सुवर्ण तुल्य हैं ॥ ७ ॥ ब्राह्मणोंके पैर, गौओंकी पीठ और ब
घोडोंका मुख पवित्र है और स्त्रियोंके सब अंगही पवित्र हैं ॥ ८ ॥ स्त्रियोंके
कोई दूसरा पदार्थ पवित्र नहीं है, वह कभी दूषित नहीं हो सकती हैं, क्योंकि
महीने उनका ऋतु होता है जो कि उनके सब पाप हर लेता है ॥ ९ ।
आदर की हुई कुलस्त्री जिन घरोंको शाप देती है वे घर मानो कृत्यासे ह
चारों ओरसे नाशको प्राप्त होते हैं ॥ १० ॥ भार्या हो या माता हो प
उत्पत्ति स्त्रियोंसेही होती है अर्थात् भार्यासे पुत्ररूप करके उत्पन्न और
साक्षात् आप उत्पन्न होता है, हे कृतघ्न पुरुषो ! भार्या और माताकी निन्दा
तुम्हारा भला कहांसे होगा ॥ ११ ॥ स्त्रीपुरुषोंको परस्पर पुरुषोंको पर
और स्त्रीको परपुरुषके संगमें तुल्यही दोष धर्मशास्त्रमें कहा है; परन्तु पुरुष
संगमें कुछ दोष नहीं देखते और स्त्री परपुरुषमें दोष देखती है, इसलिये
स्त्रियां उत्तम हैं ॥ १२ ॥ जो पुरुष अपनी भार्याको छोड दूसरी स्त्रीका संग
पुरुष बाहरकी ओरसे रोमोंवाले गर्दभका चमडा ओढकर छः महीनेतक
देही) यह कहे अर्थात् भीख मांगता फिरे तब शुद्ध होता है ॥ १३ ॥ सौ वर्ष
नेपर भी पुरुषोंकी कामवासना नहीं छुटती परन्तु शरीरकी शक्ति घट जाने
निवृत्त होते और स्त्री धैर्यसे निवृत्त होती है ॥ १४ ॥ देखो ! निर्दोष स्त्रियोंक
करते हुए दुष्टोंकी दुष्टता ऐसी है जैसे चोरी करते हुए चोर और
पुरुष (घरके स्वामी आदि) को कहते हों कि अरे चोर ! ह
यह सब धर्मशास्त्रके वाक्य हैं ॥ १५ ॥ पुरुष ः

ानि कामिनीनां कुरुते यानि रहो न तानि पश्चात् । सुकृतज्ञत-
ाङ्गना गतासूनवगूह्य प्रविशन्ति सप्तजिह्वम् ॥ १६ ॥ स्त्रीरत्न-
ागोऽस्ति नरस्य यस्य निःस्वोऽपि स्वं प्रत्यवनीश्वरोऽसौ । राज्य-
य सारोऽशनमङ्गनाश्च तृष्णानलोद्दीपनदारुशेषम् ॥ १७॥ कामिनीं
थमयौवनान्वितां मन्दवल्गुमृदुपीडितस्वनाम् । उत्स्तनीं समव-
म्ब्य या रतिः सा न धातृभवनेऽस्ति मे मतिः ॥ १८ ॥ तत्र
ामुनिसिद्धचारणैर्मान्यमानपितृसेव्यसेवनात्। ब्रूत धातृभवनेऽस्ति
ि सुखं यद्रहः समवलम्ब्य न स्त्रियम् ॥ १९ ॥ आब्रह्मकीटान्त-
दं निबद्धं पुंस्त्रीप्रयोगेण जगत्समस्तम् । व्रीडात्र का यत्र चतु-
खत्वमीशोऽपि लोभाद्गमितो युवत्याः ॥ २० ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायामन्तःपुरचिन्तायां
स्त्रीप्रशंसा नाम चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७४ ॥

कर एकांतमें स्त्रियोंको जो मीठे २ वचन बोलता है तैसे वचन मनसे नहीं बोलता
ौर स्त्री अपनी कृतज्ञतासे मृतपतिको आलिंगन कर अग्निमें प्रवेश करती है
१६ ॥ उत्तम स्त्रीको भोगनेवाला निर्धनभी राजा है, क्योंकि राज्यका सार भोजन
ौर उत्तम स्त्री यह दोही हैं और सब हाथी, घोडे, रत्न, सुवर्णादि सामग्री तृष्णा
प अग्निको प्रज्वलित करनेको काष्ठ हैं ॥ १७ ॥ हमारी तो यह बुद्धि है कि नये
ौवनवाली, मंद, सुन्दर, कोमल और स्तब्ध शब्द करती हुई, ऊंचे स्तनोंवाली
ामिनीको आलिंगन करनेसे जो सुख होता है, सो सुख ब्रह्मलोकमेंभी नहीं ॥१८॥
ह्मलोकमें देवता, मुनि सिद्ध और चारण मान्योंका मान और सेव्योंका सेवन
रते हैं, इससे बढकर और ब्रह्मलोकमें ऐसा कौनसा सुख है, स्त्रीको एकान्तमें
ालिंगन करनेसे न प्राप्त हो ॥ १९ ॥ ब्रह्मासे लेकर कीडे मकोडेतक सब जगत्
ीपुरुषकी प्रयोगसे बंधा है, इसमें क्या लज्जा, जहां जगत्प्रभु महादेवजी भी स्त्रीको
खनेके लोभसे चतुर्मुख हो गये ॥ २० ॥

ति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि० बृहत्सं तायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवास्तव्य-
पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां चतुःसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७४ ॥

---

१ दृष्टांत है कि, एक समय पार्वतीको अंकमें लिये महादेवजी कैलासमें विराजमान थे, उस समय
ालोत्तमा नाम अप्सरा महादेवजीकी प्रदक्षिणा करने लगी तब पार्वतीके भयसे महादेवजी चारों ओर मुख
रकर तो उसका मुख न देख सके परन्तु जिधर वह जाती उसी ओर नया मुख उत्पन्न करते गये इस प्रकार
ारोंतरफके चार मुख हुये

अथ पंचसप्ततितमोऽध्यायः ।

सौभाग्यकरणम् ।

जात्यं मनोभवसुखं सुभगस्य सर्वमाभासमात्रमितरस्य
वियोगात् । चित्तेन भावयति दूरगतापि यं स्त्री गर्भं बिभर्ति
पुरुषस्य तस्य ॥ १ ॥ भंक्त्वा काण्डं पादपस्योप्तमुर्व्यां
वास्यां नान्यतामेति यद्वत् । एवं ह्यात्मा जायते स्त्रीषु भूयः
तस्मिन् क्षेत्रयोगाद्विशेषः ॥ २ ॥ आत्मा सहैति मनस
इन्द्रियेण स्वार्थेन चेन्द्रियमिति क्रम एष शीघ्रः । योगोऽ
मनसः किमगम्यमस्ति यस्मिन्मनो व्रजति तत्र गतोऽयम
॥ ३ ॥ आत्मायमात्मनिगतो हृदयेऽतिसूक्ष्मो ग्राह्योऽ
मनसा सतताभियोगात् । यो यं विचिन्तयति याति स
यत्वं यस्माद्तः सुभगेव गता युवत्यः ॥ ४ ॥ दाक्षिण
सुभगत्वहेतुर्विद्वेषणं तद्विपरीतचेष्टा । मन्त्रौषधाद्यैः कुहक

सुभग पुरुषको सब कामदेवका सुख श्रेष्ठ है और स्त्रीका चित्त अनुरक्त न
दुर्भग पुरुषको रतिमें सुखका आभास मात्र होता है, वास्तविक सुख नहीं
रतिके समय दूर स्थितभी स्त्री चित्तसे जिस पुरुषका ध्यान करे, उसीके
गर्भ धारण करती है ॥ १ ॥ जिस वृक्षका कलम अथवा बीज भूमिमें बो
वृक्ष जमता है दूसरा वृक्ष नहीं इसी प्रकार स्त्रियोंमेंभी फिरभी संता
आत्माही उत्पन्न होता है, केवल क्षेत्रके योगसे कुछ विशेष होता है, जैसा
क्षेत्रमें वृक्षादि उत्तम होते, किसीमें सामान्य होते हैं ऐसेही स्त्रियोंमेंभी
योग्य है ॥ २ ॥ आत्मा मनके साथ और मन इन्द्रियके साथ जाता
इन्द्रियें अपने विषय शब्द आदिके साथ जाती हैं, यह आत्माके जानेक
क्रम और यही योग है. मनको कोई स्थान अगम्य नहीं और जहां मन
वहां यह आत्मा चला जाता है ॥ ३ ॥ अतिसूक्ष्मरूप यह जीवात्मा हृदय
मात्माके बीच स्थित है, निरन्तर अभ्याससे निश्चल चित्तसे उसका ग्रहण
चाहिये, जो जिसका चिन्तन करे वह तन्मय हो जाते हैं, इसलिये स्त्रीभी
पुरुषकाही चिन्तन करती है ॥ ४ ॥ स्त्रियोंके चित्तके अनुकूल आचरण स
मुख्य हेतु है अर्थात् दाक्षिण्यसे पुरुष सुभग होता है और स्त्रियोंके
विपरीत आचरण करनेपर विद्वेषण होता है अर्थात् वह पुरुष दुर्भग हो
शीकरण आदिके लिये मंत्र औषध और भी इन्द्रजालादि कुहक प्रयोग

गैर्भवन्ति दोषा बहवो न शर्म ॥ ५ ॥ वाल्लभ्यमायाति वि
मानं दौर्भाग्यमापायतेऽभिमानः । कृच्छ्रेण संसाधयतेऽभि
कार्याण्ययत्नेन वदन् प्रियाणि ॥ ६ ॥ तेजो न तद्यत्प्रियस
सत्वं वाक्यं न चानिष्टमसत्प्रणीतम् । कार्यस्य गत्वान्तमनुद्ध
तेजस्विनस्ते न विकत्थना ये ॥ ७ ॥ यः सार्वजन्यं सुभगत्व
छेद्गुणान् स सर्वस्य वदेत्परोक्षे । प्राप्नोति दोषानसतोऽप्यने
परस्य यो दोषकथां करोति ॥ ८ ॥ सर्वापकारानुगतस्य लं
सर्वोपकारानुगतो नरस्य । कृत्वोपकारं द्विशतां विपत्सु या क
रल्पेन न सा शुभेन ॥ ९ ॥ तृणैरिवाग्निः सुतरां विवृद्धिमाच्छ
मानोऽपि गुणोऽभ्युपैति । स केवलं दुर्जनभावमेति हन्तुं गु
वाञ्छति यः परस्य ॥ १० ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां सौभाग्यकरणं
नाम पञ्चसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७५ ॥

अनेक दोषही उत्पन्न होते हैं, भला नहीं होता अर्थात् स्त्रीवशीकरणका मुख्य
दाक्षिण्य है, मंत्र औषध आदि नहीं ॥ ५ ॥ अहंकारको छोडनेसे मनुष्य स
प्रिय हो जाता है, अहंकारसे पुरुष सबको अप्रिय होता है अभिमानी पुरुष
कार्य कष्टसे साधता और मीठा बोलनेवाला पुरुष सहजमें कार्य सिद्ध कर
॥ ६ ॥ विना विचारे करनेमें प्रीति तेज नहीं है और दुष्टोंके कहे दुर्वचनभी श्र
जो पुरुष कार्यको समाप्त करकेभी आभिमान न करे वे तेजस्वी होते हैं. वाचाल
तेजस्वी नहीं होते ॥ ७ ॥ सबका प्यारा होना चाहनेवाला पुरुष परोक्षमें सबकी
करे, जो पराई निन्दा करते हैं उनके ऊपर अकारण ही अनेक दोष मनुष्य ल
हैं ॥ ८ ॥ सबके ऊपर उपकार करनेमें जो पुरुष तत्पर है उसके ऊपर सब म
उपकार करते हैं, शत्रुके ऊपर विपत्तिकालमें उपकार करनेसे जो कीर्ति होती
थोडे पुण्यका फल नहीं है अर्थात् किसी बडे पुण्यसे ही ऐसा योग आ
है ॥ ९ मनुष्य चाहे जितने सज्जनोंके गुणोंको छिपावे परन्तु उनके गुण
ढके हुए अग्नि ति वृद्धिकोही प्राप्त होते हैं. जो पराये गुणोंको मिटाया
है वही केवल दुर्जनताको प्राप्त हो जाता है और गुण किसीके मिटाये नह
सकते ॥ १० ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायांपश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबाद वा
पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायांपंचसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७

अथ षट्सप्ततितमोऽध्यायः ।

कान्दर्पिकम् ।

रक्तेऽधिके स्त्री पुरुषस्तु शुक्रे नपुंसकं शोणितशुक्रसाम्ये यस्मादतः शुक्रविवृद्धिदानि निषेवितव्यानि रसायनानि ॥ १ ॥ हर्म्यपृष्ठमुडुनाथरश्मयः सोत्पलं मधु मदालसा प्रिया । वल्लकी स्मरकथा रहः स्रजो वर्ग एष मदनस्य वागुरा ॥ २ ॥ माक्षिक धातुमधुपारदलोहचूर्णपथ्याशिलाजतुविडङ्गघृतानि योऽद्यात् सैकानि विंशतिरहानि जरान्वितोऽपि सोऽशीतिकोऽपि रमयत्य बलां युवेव ॥ ३ ॥ क्षीरं शृतं यः कपिकच्छुमूलैः पिबेत् क्ष स्त्रीषु न सोऽभ्युपैति । माषान् पयःसर्पिषि वा विपक्वान् षड्मास मात्रांश्च पयोऽनुपानान् ॥४॥ विदारिकायाः स्वरसेन चूर्णं मुहुर्मु र्भावितशोषितं च । शृतेन दुग्धेन सशर्करेण पिबेत्स यस्य प्रमद प्रभूताः ॥ ५ ॥ धात्रीफलानां स्वरसेन चूर्णं सुभावितक्षौद्रसित

गर्भधारणके समय स्त्रीका रज अधिक हो तो कन्या, पुरुषका वीर्य अधिक तो पुत्र और दोनों तुल्य हों तो नपुंसक उत्पन्न होता है, इस कारण वीर्य बढानेवाले रसायन सेवन करने चाहिये ॥ १ ॥ महलकी छत्त, चन्द्रमाके किर नीलोत्पलसहित मद्य अर्थात् मदसे भरे पानपात्रमें नील कमल रक्खा हो, मद कर आलस्ययुक्ता प्राणप्रिया, वीणा, कामदेवकी चर्चा, एकांत, पुष्पमाला यह स सामग्री कामदेवके बांधनेकी रस्सी है ॥ २ ॥ सोनामक्खी, शहत, पारा, लोहचू शिलाजीत, वायविडंग और घृतको जो पुरुष (सब वस्तुओंको समभाग ले चूर्ण शहत व घृतमें मिलाय गोली कर उन गोलियोंको) इक्कीस दिन खाय तो अ वर्षका वृद्धभी तरुण पुरुषकी भांति स्त्रीसे रमण करता है ॥ ३ ॥ कौंचकी जड साथ औटाकर दूधको पीनेवाला पुरुष स्त्रीसंग करनेमें क्षीण नहीं होता दूधसे निकले घृतमें उडदोंको पकावे, पीछे छः ग्रास उन उडदोंको भक्षण क ऊपरसे दूध पीवे तो स्त्रीसंग करनेसे क्षीण नहीं होवे ॥ ४ ॥ विदारीकंदके चूर्ण विदारीकंदकेही रसकी वारंवार भावना देकर सुखाता जाय, उस चूर्णको भक्षण व ऊपरसे औटाया हुआ दूध मिश्री डालकर पीना चाहिये जिस पुरुषके व स्त्री हों ॥ ५ ॥ आमलेके चूर्णमें आमलेके रसकी वार २ भावना देकर सुख फिर उस चूर्णमें शहत और मिश्री मिलाकर चाटे व ऊपरसे अपनी अग्निके अ

युक्तम् । लीढ्वानु पीत्वा च पयोऽग्निशक्त्या कामं निकामं
ृषो निषेवेत् ॥ ६ ॥ क्षीरेण बस्ताण्डयुजा शृतेन संप्लाव्य कामी
ुशस्तिलान् यः । सुशोषितानत्ति पिबेत्पयश्च तस्याग्रतः किं
ष्कः करोति ॥ ७ ॥ माषसूपसहितेन सर्पिषा षष्टिकौदनमदन्ति
नराः । क्षीरमप्यनु पिबन्ति तासु ते शर्वरीषु मदनेन शेरते
८ ॥ तिलाश्वगन्धाकपिकच्छुमूलैर्विदारिकाषष्टिकपिष्टयोगः ।
ाजेन पिष्टः पयसा घृतेन पक्त्वा भवेच्छष्कुलिकातिवृष्या ॥९॥
रेण वा गोक्षुरकोपयोगं विदारिकाकन्दकभक्षणं वा । कुर्वन्न
देद्यदि जीर्यतेऽस्य मन्दाग्निता चेदिदमत्र चूर्णम् ॥ १० ॥ साज-
दलवणा हरीतकी शृङ्गवेरसहिता च पिप्पली । मद्यतक्रतरलो-
ावारिभिश्चूर्णपानमुदराग्निदीपनम् ॥ ११ ॥ अत्यम्लतिक्तलव-
ानि कटूनि वात्ति क्षारातिशाकबहुलानि च भोजनानि । हवच्छु-

र जितना पच सके उतना दूध पीवे तो बहुत मैथुन कर सकता है ॥ ६ ॥ बक-
अंडेको दूधमें डाल औटावे, पीछे उस दूधकी तिलोंमें बहुत वार भावना
और सुखावे जो कामी पुरुष उन तिलोंको भक्षण कर ऊपरसे दूध पीवे
ाके आगे चिडाभी क्या कर सकता है ॥ ७ ॥ जिन रातोंमें घृतसे युक्त
दकी दालके साथ सट्ठीके चावलोंका भात खाकर जो पुरुष पीछे दूध पीते
वे उन रात्रियोंमें कामदेवके साथ शयन करते अर्थात् रात्रिभर उनको कामो-
ान होता है और बहुत स्त्रीसंग करते हैं ॥ ८ ॥ तिल, असगंध, कौंचकी जड
ारीकंद इन सबको बराबर ले चूर्ण कर सबके समान साठीके चावलोंका
टा मिलावे पीछे उसको बकरीके दूधमें उसनकर पुरी बनाय बकरीके घृतमें
ा करे वह पूरी अति वृष्य होती है ॥ ९ ॥ गोखरूका चूर्ण खाकर दूध पिये या
ारीकंदका चूर्ण भक्षण कर दूध पिये तो स्त्रीसंगसे क्षीण न हो परन्तु यह चूर्ण
पच जावे तो मन्दाग्नि हो अर्थात् चूर्ण न पच सके तो पहले इस चूर्णका सेवन
जो कहते हैं ॥ १० ॥ अजवायन, लवण, हरड, सोंठ, पीपल इनको सम भाग
कर चूर्ण करे पीछे उस चूर्णको मद्य, तक्र (छांछ) कांजी अथवा गरम जलके
ुपानसे लेवे यह चूर्ण जठराग्निको दीपन करता है ॥ ११ ॥ जो पुरुष बहुत
, बहुत तिक्त, बहुत लवणसे युक्त अथवा बहुत कटु लाल मिरच आदिसे युक्त
जन करे और बहुत क्षार अथवा बहुत शाक करके युक्त भोजन करे वह पुरुष

ऋवीर्यरहितः स करोत्यनेकान् व्याजान् जरन्निव युवाप्यबला
मवाप्य ॥ १२ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायामन्तःपुरचिन्तायां
का दर्पिकं नाम षट्सप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७६ ॥

अथ सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ।

गन्धयुक्तिः ।

स्रग्गन्धधूपाम्बरभूषणाद्यं न शोभते शुक्लशिरोरुहस्य । यस्म
दतो मूर्द्धजरागसेवां कुर्याद्यथैवाञ्जनभूषणानाम् ॥ १ ॥ लौहे पा
तण्डुलान् कोद्रवाणां शुक्ले पक्वाँल्लोहचूर्णेन साकम् । पिष्टान् सूक्ष्
मूर्ध्नि शुक्लाम्लकेशे दत्त्वा तिष्ठेद्वेष्टयित्वार्द्रपत्रैः ॥ २ ॥ या
द्वितीये प्रहरे विहाय दद्याच्छिरस्यामलकप्रलेपम् । सञ्छाद्य पत्रैः प्र
रद्वयेन प्रक्षालितं कार्ष्ण्यमुपैति शीर्षम् ॥ ३ ॥ पश्चाच्छिरःस्नानसुगन्
तैलैर्लौहाम्लगन्धं शिरसोऽपनीय । हृद्यैश्च गन्धैर्विविधैश्च धूपैरन्

दृष्टि, वीर्य और बलसे हीन होकर स्त्रीसंगके समय वृद्धकी भांति अनेक व्या
(बहाने) करता है, वह स्त्रीके कामका नहीं रहता ॥ १२ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवा
स्तव्य पंडितबलदेवप्रसाद मिश्रविरचितायां भाषाटीकायां षट्सप्ततितमोऽध्यायः ॥७६

श्वेत केशोंवाले पुरुषको माला, गन्ध (अतर आदि), धूप, वस्त्र, भूषणादि न
शोभित होते, इससे आंखोंमें अंजन डालने और भूषण पहरनेमें यत्न करने
भांति केश रंगनेका भी यत्न करना चाहिये ॥ १ ॥ लोहके पात्रमें सिर्केके च
कोदोंके चावल रांधे, फिर उन चावलोंमें लोहचून मिलाय बहुत सूक्ष्म पीसकर र
पश्चात् केशोंको सिर्केसे खट्टे कर उनपर पहले पीसकर रक्खा हुआ
करे और ऊपर अंडादिके हरे पत्ते लपेटकर बैठे ॥ २ ॥ दो पहर बीतनेके उपर
इस लेपको धोय आमलोंका लेप कर पत्तोंसे लपेटे, फिर दो पहर बैठा रहे
शिरको धोवे तो कृष्णवर्णके केश हो जाते हैं ॥ ३ ॥ केश काले होनेके
शिरःस्नान, सुगन्ध तेल, मनोहर गन्ध और भांति २ धूपोंकरके शिरसे लोहे
सिर्केका दुर्गन्ध दूर करके अंतःपुरमें जाय अपनी रानियोंके साथ राजा राज

राज्यसुखं निषेवेत् ॥ ४ ॥ त्वक्कुष्ठरेणुनलिकास्पृक्कारसतगर-
कैस्तुल्यैः । केसरपत्रविमिश्रैर्नरपतियोग्यं शिरःस्नानम् ॥५॥
ञ्जिष्ठया व्याघ्रनखेन शुक्त्या त्वचा सकुष्ठेन रसेन चूर्णः । तैलेन
तोऽर्कमयूखतप्तः करोति तच्चम्पकगन्धि तैलम् ॥ ६ ॥ तुल्यैः
तुरुष्कवालतगरैर्गन्धः स्मरोद्दीपनः सव्यामो बकुलोऽयमेव
ुकाहिंगुप्रधूपान्वितः । कुष्ठेनोत्पलगन्धिकः समलयः पूर्वो
च्चम्पको जातीत्वक्सहितोऽतिमुक्तक इति ज्ञेयः सकुस्तुम्बुरुः
७ ॥ शतकुन्दुरुकौ पादेनार्धेन नखतुरुष्कौ च । मलयप्रियंगु-
गौ गन्धो धूप्यो गुडनखेन ॥ ८ ॥ गुग्गुलुवालकलाक्षामुस्तान-
शर्कराः क्रमाद्धूपः । अन्यो मांसीवालकतुरुष्कनखचन्दनैः पिण्डः
९ ॥ हरीतकीशंखघनद्रवाम्बुभिर्गुडोत्पलैः शैलकमुस्तकान्वितैः ।
ान्तपादादिविवर्धितैः क्रमाद् भवन्ति धूपा बहवो मनोहराः

ा का सेवन करे ॥ ४ ॥ दालचीनी, कूठ, रेणुका, नालिका, स्पृक्का, बोल, तगर,
वाला, नागकेशर, गंधपत्र इनको सम भाग ले पीसकर शिरमें लगाय शिर
ो यह राजाओंके योग्य शिरःस्नान कहा है ॥ ५ ॥ मंजीठ, व्याघ्रनख, शुक्ति,
चीनी, कूठ और बोल इन सबको बराबर लेकर चूर्ण कर मीठे तेलमें डाल,
में तपावे तो उस तेलमें चंपेकी पुष्पोंकी गन्ध होजाती है ॥ ६ ॥ पत्र, सिह्लक,
वाला और तगरको सम भाग मिलावे तो कामदेवको उद्दीपन करनेवाला गंध
ा है. इस गंधमें व्याम (गंधद्रव्यविशेष) मिलावे और कटुका (गुग्गुल) का
देवे तो मौलसिरीपुष्पके समान गंधवाला गधद्रव्य बनता है, इसमें कूठ
ानेसे नील कमलके तुल्य गंध हो जाती है, श्वेत चन्दन मिलानेसे चंपेके तुल्य
होती है, इसमें जायफल, दालचीनी और धनिया मिला दे तो अतिमुक्तकपुष्पके
ान गंध हो जाती है ॥७॥ सौंफ, कुंदरुक (देवदारु वृक्षका निर्यास) यह दोनों एक
र्थांश नख और सिह्लक यह दोनों अर्ध अर्थात् दो चतुर्थांश, श्वेत चन्दन और
प्रियंगु यह दोनों एक चतुर्थांश,लेकर गंधद्रव्य बनावे और इसको गुडका व नखका
दे ॥८॥ गूगल नेत्रवाला, लाख, मोथा, नख और खांड इन सबको बराबर लेकर
बनावे. बालछड, नेत्रवाला, सिह्लक, नख और चन्दन सम भाग लेनेसे दूसरा
धूप बनता है, ॥ ९ ॥ हरड, शंख, नख, द्रव (बोल), नेत्रवाला, गुड, कूठ
क, मोथा इन नौ द्रव्योंको एक पादसे लेकर नौ तक चढावे, जैसे हरड एक
, शंख दो भाग, नख तीन भाग, इत्यादि एक और गुड कूठको पाद आदि
नेसे दूसरा शैलक और मोथेकी पादवृद्धिसे तीसरा या हरड एक भाग

॥ १० ॥ भागैश्चतुर्भिः सितशैलमुस्ताः श्रीसर्जभागौ नखगु
च । कर्पूरबोधो मधुपिण्डितोऽयं कोपच्छदो नाम नरेन्द्रधूपः॥
त्वगुशीरपत्रभागैः सूक्ष्मैलार्धेन संयुतैश्चूर्णः । पटवासः प्रव
मृगकर्पूरप्रबोधेन ॥ १२ ॥ घनवालकशैलेयककर्चूरोशीरन
रूपाणि । व्याघ्रनखस्पृक्कागुरुदमनकनखतगरधान्यानि ॥ १
कर्पूरचोरमलयैः स्वेच्छापरिवर्तितैश्चतुर्भिरतः । एकद्वित्रिच
भागै गन्धार्णवो भवति॥१४॥अत्युल्बणगन्धत्वादेकांशो निर
धान्यानाम्।कर्पूरस्य तदूनो नैतौ द्वित्र्यादिभिर्देयौ॥१५॥श्रीसर्ज
नखैस्ते धूपयितव्याः क्रमान्न पिण्डस्थैः।बोधःकस्तूरिकया देयाः
रसंयुतया॥१६॥अत्र सहस्रचतुष्टयमन्यानि च सप्ततिसहस्राणि
शतानि सप्त विंशतियुक्तानि गन्धानाम्॥१७॥एकैकमेकभागं ।

दो भाग यह एक धूप हुआ, इसमें नखके तीन भाग मिलानेसे दूसरा धूप
चार भाग मिलानेसे तीसरा धूप ऐसेही बहुतसे मनोहर धूप बन ज
॥ १० ॥ खांड शैलेय और मोथा इनसे चौगुना श्रीवास और सर्ज (
दो भाग, नख और गुग्गुल दो भाग इनको पीसकर कर्पूरका बोध देवे
कर्पूरके चूर्णसे उसको सुगन्धित करे, फिर शहत मिलाय पिंड कर लेवे, यह
च्छदनाम धूप राजाओंके योग्य होता है ॥ ११ ॥ दालचीनी, खश, गंधपत्र
तीन भाग और सबसे आधी छोटी इलायची लेकर सबका चूर्ण कर और
व कपूरका बोध दे, यह उत्तम पटवास अर्थात् वस्त्रोंको सुगंधित करनेवाला
बनता है ॥ १२ ॥ मोथा, नेत्रवाला, शैलेयक, कचूर, खस, नागकेसरके
व्याघ्रनख, स्पृक्का और अगुरु, दमनक, नख, तगर, धानियां ॥ १३ ॥ कपूर
और श्वेत चंदन यह सोलह गंधद्रव्य हैं इनमेंसे चाहे जौनसे चार द्रव्य
उनके एक, दो, तीन और चार भाग अदल बदल कर लेनेसे गंधार्णव
है ॥ १४ ॥ धानियेमें अति उत्कटगंध होता है इस कारण धानियोंका नित्य
भाग लेना चाहिये और कपूरभी बहुत उत्कटगंध होता है, इसलिये एक
सेभी कम लेना उचित है, इन दोनोंके कभी दो, तीन भाग न लेवे, नहीं
द्रव्योंके गंधको दबा लेते हैं ॥ १५ ॥ सब गंधद्रव्योंको श्रीवास, राल, गुड
नखका धूप दे परन्तु इन चारोंका अलग २ धूप दे सबको मिलाकर न
पीछेसे कर्पूर और कस्तूरिका बोध दे ॥ १६ ॥ इन गंधद्रव्योंसे एक लाख च
हजार सात सौ वीस प्रकारके गंध बनते हैं ॥ १७ ॥ एक द्रव्यका एक २

र्भागिकैर्युतं द्रव्यैः। षड्गन्धकरं तद्वत् द्वित्रिचतुर्भागिकं कुरुते
।१८॥ द्रव्यचतुष्टययोगाद्गन्धचतुर्विंशतिर्यथैकस्य। एवं शेषा-
मपि षण्णवतिः सर्वपिण्डोऽत्र ॥१९॥ षोडशके द्रव्यगणे चतु-
र्विकल्पेन भिद्यमानानाम्। अष्टादश जायन्ते शतानि सहितानि
ात्या ॥ २० ॥ षण्णवतिभेदभिन्नश्चतुर्विकल्पो गणो यतस्त-
त्। षण्णवतिगुणः कार्यः सा संख्या भवति गन्धानाम्॥२१॥
ग पूर्वेण गतेन युक्तं स्थानं विनान्त्यं प्रवदन्ति संख्याम्।
शविकल्पैः क्रमशोऽभिनीय नीते निवृत्तिः पुनरन्यनीतिः॥२२॥
ोन्द्रियाष्टभागैरगुरुः पत्रं तुरुष्कशैलेयौ। विषयाष्टपक्षदहनाः
गुमुस्तारसाः केशः ॥ २३ ॥ स्पृक्कात्वक्तगराणां मांस्याश्च कृते-

---

अन्य द्रव्योंके दो, तीन और चार भाग ले तो छः प्रकारके गंध होते हैं. इसी
। उस द्रव्यके क्रमसे दो, तीन और चार भाग ले और अन्य द्रव्योंके आदि
ाग मिलावे तो छः गंध होते हैं ॥ १८ ॥ चार द्रव्योंके मेलसे एक द्रव्यके
सि भेद होंगे, यह सब मिलकर छियानवें भेद होते हैं ॥ १९ ॥ सोलह प्रकारके
गंधद्रव्य कहे उनसे चार २ द्रव्य लेकर भेद करे तो एक हजार आठ सौ
ीस गंध होते हैं॥ २० ॥ चार द्रव्यके गंधसे छियानवें भेद कह आये हैं और
हजार आठ सौ वीस भेद चार २ द्रव्यके मिलानेसे होते हैं इसलिये छियान-
अठराह सौ बीसको गुण दे तो पूर्वोक्त गंधसंख्या १७४७२० सिद्ध हुई॥ २१॥
ोंके भेद जाननेके लिये गणितका प्रकार और प्रस्तार दोनों कहते हैं, सब जितने
हों उनकी संख्यातक एकसे लेकर नीचेसे ऊपरको खडी पंक्ति लिख पीछे
के एकको अपने ऊपरके दोमें जोडे तो हुए तीन, फिर इन तीनको अपने
के तीनमें जोडे हुए छः, उनको अपने ऊपरके चारमें जोडे हुए दश, इस प्रकार
का संकलन करता आवे, अंतकी संख्याको छोड दे पीछे इस संकलित पांक्तिका
लन करे अंत्य संख्या छोड देवे इस भांति उतनी पंक्तियोंमें संकलन करता
जितने २ द्रव्य लेकर भेद जानना चाहता है तो पिछली पंक्तिके ऊपर अंत्यकी
याको छोड जो संख्या होगी वही भेदसंख्या जानो ॥ २२ ॥ अगर, पत्र (गंध-
), तुरुष्क (सिह्लक), शैलेय इन चारोंके दो, तीन, पांच और आठ भाग लेवे,
गु, मोथा, रस, (वाले), केश हीबेर इनके पांच, दो, आठ और तीन भाग
३ ॥ स्पृक्का, त्वक्, तगर, मांसी इनके चार एक, सात और छः भाग, श्वेत
न, नख, श्रीवास, कुंदरू इनके सात, छः चार और एक भाग ले ॥ २४ ॥ इन

कसप्तषड्भागाः । सप्ततुवेदचन्द्रैर्मलयनखश्रीकक्कुन्दुरुकाः
षोडशके कच्छपुटे यथा तथा मिश्रितैश्चतुर्द्रव्यैः । येऽ
भागास्तेऽस्मिन् गन्धादयो योगाः ॥ २५ ॥ नखतगरतुरु
जातीकर्पूरमृगकृतोद्बोधाः । गुडनखधूप्या गन्धाः कर्तव्याः
भद्राः ॥ २६ ॥ जातीफलमृगकर्पूरबोधितैः सहकारमधु
बहवोऽत्र पारिजातश्चतुर्भिरिच्छापरिगृहीतैः ॥ २७ ॥
श्रीवासकसमन्विता येऽत्र धूपयोगास्ते । श्रीसर्जरस
स्नानानि सवालकत्वग्भिः ॥२८॥ रोध्रोशीरनतागुरुमुस्ताप्रि
पथ्याः।नवकोष्ठात्कच्छपुटाद् द्रव्यत्रितयं समुद्धृत्य॥२९॥च
रुष्कभागौ शुक्तार्धं पादिका तु शतपुष्पा । कुट्टहिंगुलगु
केसरगन्धाश्चतुरशीतिः ॥३०॥ सप्ताहं गोमूत्रे हरीतकीचू

सोलह द्रव्योंके कच्छपुटमें जैसा नीचे लिखा है जिन २ भागोंका योग
हो उन २ चार द्रव्योंके उतने २ भाग लेकर अनेक प्रकार गंधयोग
॥ २५ ॥ पीछे उन गंधोंको नख, तगर, सिह्लकसे युक्त कर जाती (ज
कर्पूर, कस्तूरीसे उनका उद्बोधन करे और, गुड व नखकी धूप देदे.
सब और जोडनेसे योग अठारह होते हैं इसलिये इन गंधोंको सर्वतोभद्र
॥ २६ ॥ इसी कच्छपुटमें चाहे जौनसे चार द्रव्य लेकर उनको जायफल,
और कपूरसे सुवासित करे और सहकार (बहुत सुगंधयुक्त आम्र का
शहतमें उनको भिगोवे तो पारिजातफूलसमान गंधवाले अनेक गंध बनते
सब मुखवास हैं अर्थात् इन पारिजातगंधोंसे मुख सुगंधयुक्त होता है ॥२
कच्छपुटमें जितने गंध कहे उनमें सर्ज रस (राल) और श्रीवासके मिलाने
प्रकारके धूप बनते हैं और उनसे श्रीवास और सर्जरस न मिलावे और
दालचीनी मिला देवे तो स्नानके योग्य चूर्ण बनते हैं अर्थात् उनको शि
लगाय स्नान करे ॥ २८ ॥ लोध, खस, तगर, अगुरु, मोथा, पत्र, प्रि
(परिपेलव नाम गंध द्रव्य), हरड इन नौ द्रव्योंके कच्छपुटसे चाहे जो त
लेकर गंध बनावे ॥२९॥ उनमें एक भाग चंदन, एक भाग सिह्लक आधा
और एक भागका चतुर्थांश सौंफ मिलाकर गुग्गुल और गुडका धूप उनक
यह बकुलपुष्पके तुल्य गंधवाले चौरासी गंधद्रव्य बनते हैं, नौ द्रव्योंसे तीन
लेकर गंध बनाते तो चौरासी भेद होते हैं;यह पूर्वोक्त रीतसे प्रस्तार करके
चाहिये॥३०॥दाँतौनको लेकर हरडे चूर्णयुक्त गोमूत्रमें,सात दिन भिगोकर पी

क्षिप्त्वा । गन्धोदके च भूयो विनिक्षिपेद्दन्तकाष्ठानि ॥ ३१
एलात्वक्पत्राञ्जनमधुमरिचैर्नागपुष्पकुष्ठैश्च । गन्धाम्भः क
कञ्चित्कालं स्थितान्यस्मिन् ॥ ३२ ॥ जातीफलपत्रैलाकर्पूरैः
यमैकशिखिभागैः । अवचूर्णितानि भानोर्मरीचिभिः शोषणीय
॥ ३३ ॥ वर्णप्रसादं वदनस्य कांतिं वैशद्यमास्यस्य सुगन्
च । संसेवितुः श्रोत्रसुखां च वाचं कुर्वन्ति काष्ठान्यसकृद्भवा
॥ ३४ ॥ कामं प्रदीपयति रूपमभिव्यनक्ति सौभाग्यमाव
वक्त्रसुगन्धितां च । ऊर्जं करोति कफजांश्च निहन्ति रोगां
म्बूलमेवमपरांश्च गुणान् करोति ॥ ३५ ॥ युक्तेन चूर्णेन क
रागं रागक्षयं पूगफलातिरिक्तम् । चूर्णाधिकं वक्त्रविगन्ध
पत्राधिकं साधु करोति गन्धम् ॥ ३६ ॥ पत्राधिकं निशि
सफलं दिवा च प्रोक्तान्यथाकरणमस्य विडम्बनैव । कक्कोलपू
वलीफलपारिजातैरामोदितं मदमुदामुदितं करोति ॥ ३७ ॥

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायामन्तःपुरचिन्तायां
गन्धयुक्तिर्नाम सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७७ ॥

गंधोदकमें डाले ॥ ३१ ॥ इलायची, त्वक्, पत्र, अंजन, शहत, काली मिरच
केसर और कूठ इन सबको सम भाग लेकर गंधजल बनावे, उस गंधजल
समय उन दंतकाष्ठोंको भिगोय रक्खे ॥ ३२ ॥ पीछे जायफल चार भाग, पत्र
इलायची एक भाग और कपूर तीन भाग लेकर इनका सूक्ष्म चूर्ण कर
काष्ठोंसे ऊपर मसल दे, पीछे उनको धूपमें सुखाकर रक्खे ॥ ३३ ॥ पहले जो
सिद्ध किये उनको सेवन करनेवाले पुरुषके शरीरका रंग उत्तम होता है,
कांति उत्तम होती है, भीतरसे मुख निर्मल व सुगंधयुक्त होता है, और उस
वाणी मीठी हो जाती है कि, जिसके सुननेसे सुख होता है ॥ ३४ ॥ पान कामदे
करनेवाला है, रूपको उत्पन्न करता, सौभाग्यको करता, मुखको सुगंधयुक्त कर
करता, कफके रोगोंको हरता है, पान खानेसे और जो पहले दंतकाष्ठके
वे भी होते हैं ॥ ३५ ॥ पानमें ठीक चूना लगनेसे (न बहुत हो और न थो
राग (रंग) करता है, सुपारी अधिक हो तो रोगका क्षय होता है, चूना
होनेसे मुखमें दुर्गन्ध करता है और पान अधिक हो तो मुखमें उत्तम गंध
॥ ३६ ॥ रात्रिको पान खाय तो सुपारी थोडी डाले और पान अधिक रक
खाय तो सुपारी अधिक डाले और पान थोडा रक्खे तो उत्तम होता

अथाष्टसप्ततितमोऽध्यायः ।

स्त्रीपुरुषसमायोगः ।

शस्त्रेण वेणीविनिगूहितेन विदूरथं स्वा महिषी जघान । विष-प्रदिग्धेन च नूपुरेण देवी विरक्ता किल काशिराजम् ॥ १ ॥ एवं विरक्ता जनयन्ति दोषान् प्राणच्छिदोऽन्यैरनुकीर्तितैः किम् । रक्ता विरक्ताः पुरुषैरतोऽर्थात् परीक्षितव्याः प्रमदाः प्रयत्नात् ॥ २ ॥ स्नेहं मनोभवकृतं कथयन्ति भावा नाभीभुजस्तनविभूषण-दर्शनानि । वस्त्राभिसंयमनकेशविमोक्षणानि भ्रूक्षेपकाम्पतक-टाक्षनिरीक्षणानि ॥ ३ ॥ उच्चैः ष्ठीवनमुत्कटप्रहसितं शय्यास-नोत्सर्पणं यात्रास्फोटनजृम्भणानि सुलभद्रव्याल्पसम्प्रार्थना । बालालिङ्गनचुम्बनान्यभिमुखे सख्याः समालोकनं दृक्पा-तश्च पराङ्मुखे गुणकथा कर्णस्य कण्डूयनम् ॥ ४ ॥

विपरीत रीतिसे पान खाया तो पान खाना विडंबना है. कक्कोल, सुपारी, लवलीफल और पारिजातसे तांबूल खानेवाले पुरुषको मदके हर्ष करके पान खाना प्रसन्न करता है ॥ ३७ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवास्त-व्य-पण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां सप्तसप्ततितमोऽध्यायः ॥ ७७ ॥

विदूरथराजाकी रानीने अपनी चोटीमें विनिगूहित (छिपाये हुए) शस्त्रसे अपने पतिको मार डाला था और काशीराजकी रानीने विरक्त होकर विष मिले हुए नूपुरसे अपने स्वामीका नाश किया ॥ १ ॥ विरक्त स्त्रियें इस प्रकार प्राण नाश करनेवाले दोष उठा खडे करती हैं, फिर और दोषके कथन करनेकी क्या आवश्यकता है, इस कारण अतियत्नके साथ पुरुषोंको स्त्रियोंके विरक्त या अविरक्तपनकी परिक्षा करनी चाहिये ॥ २ ॥ अनुरक्तके समस्त भाव कामदेवसे उत्पन्न हुआ स्नेह प्रकट करते हैं. स्त्रियें नाभि, भुज, छातियें और गहने दिखाती हैं, वस्त्र पहिरना, केश बांधना, बालोंका खोल देना, भौं चढाना, काम्पित कटाक्षसे देखना यह समस्त चिह्न प्रकाशित किया करती हैं ॥ ३ ॥ ऊँचे स्वरसे खखारना, ठट्ठा मारकर हँसना, शय्या और आसनके निकट जाना, अंगोंका तोडना, जँभाई लेना, थोडीसी सुलभ वस्तुका मांगना, सन्मुखके बैठे हुए बालकका चिपटाना और चूमना, सखीके सामने प्यारेको देखना, सखी दूसरी ओरको मुख करे तो प्यारेकी ओर कनखियोंसे देखना प्यारेके गुणोंका बखान करना, कान खुजाना यह सब अनुरक्तके चिह्न हैं ॥ ४ ॥

दमां च विद्याद्नुरक्तचेष्टां प्रियाणि वक्ति स्वधनं ददाति । वि
कय संहृष्यति वीतरोषा प्रमार्ष्टि दोषान् गुणकीर्तनेन ॥ ५
तन्मित्रपूजा तदरिद्विषत्वं कृतस्मृतिः प्रोषितदौर्मनस्यम् । स्तनं
दानान्युपगूहनं च स्वेदोऽथ चुम्बाप्रथमाभियोगः ॥ ६ ॥ वि
चेष्टा भृकुटीमुखत्वं पराङ्मुखत्वं कृतविस्मृतिश्च । असम्
दुष्परितोषता च तद्विष्टमैत्री परुषं च वाक्यम् ॥ ७ ॥ स्पृष्ट्
वालोक्य धुनोति गात्रं करोति गर्वं न रुणद्धि यान्तम् । चु
विरामे वदनं प्रमार्ष्टि पश्चात्समुत्तिष्ठति पूर्वसुप्ता ॥ ८ ॥ भि
णिका प्रव्रजिता धात्री कुमारिका रजिका । मालाकारी दुष्टा
सखी नापिती दूत्यः ॥ ९ ॥ कुलजनविनाशहेतुर्दूत्यो यस्मा
प्रयत्नेन । ताभ्यः स्त्रियोऽभिरक्ष्या वंशयशोमानवृद्ध्यर्थम् ॥

अनुरक्त स्त्री प्यारे वचन कहती हैं, अपना धन देती हैं, देखनेसे हर्षित हो
और क्रोधहीन होकर सब दोषोंको गुण कहकर भली भांति छिपाती हैं ॥
पतिके मित्रोंकी पूजा करना, पतिके शत्रुसे द्वेष करना, पतिकी याद करना,
परदेश जानेपर मनमें दुःख पाना, आलिंगन आदिके लिये स्तन और
लिये अधरका दान करना, पहली वार स्वामीके मिलनेसे पसीनेका आ
अपने आपही पहले पतिका मुख चूमना यह अनुरागिणी स्त्रियोंकी चेष्टा हैं
भृकुटीका चढाना, मुख फेर लेना, प्यारेको भूल जाना, अनादर करना, अ
षित रहना, जो स्वामीका शत्रु हो उसके साथ मित्रता करना, कठोर वचन
॥ ७ ॥ पतिको छूकर या देखकर शरीरको कम्पायमान करना, गर्व
(अर्थात् ऐसी बातोंको करना कि तुम हो क्या, मेरी समान कोई सुन्दर नह
चलते हुए स्वामीको न बिठलाना, पतिके चूम लेनेपर मुँहको पोंछ ड
स्वामीके सोनेसे पहले सोना और पीछे उठना यह सब चेष्टा विरक्त स्त्रीक
॥ ८ ॥ भिखारिन, सन्यासिन, दासी, धाई, धोबन, मालन, दुष्टाङ्गना; (
खुतरी आदि लक्षणयुक्त स्त्री), सखी और नायन यह दूती होती हैं ॥
कुलके मनुष्योंका नाश करनेके लिये यह दूतियां कारण हैं. इस कारण

१–३८४ प्रकारके नायिकाभेदोंमें जो बालिका, मध्या, प्रगल्भा और वाराङ्गनादि भेदसे
विरक्ताके लक्षण हैं, सो सब साहित्यदर्पणके तीसरे परिच्छेदके १५४ व १५५ सूत्रमें देखने चाहि

रात्रीविहारजागररोगव्यपदेशपरगृहेक्षणिकाः। व्यसनोत्सवाश्च स
तहेतवस्तेषु रक्ष्याश्च ॥ ११ ॥ आदौ नेच्छति नोज्झति स्मर
व्रीडाविमिश्रालसा मध्ये ह्रीपरिवर्जिताभ्युपरमे लज्जाविनम्रा
भावैनैकविधैः करोत्यभिनयं भूयश्च या सादरा बुद्ध्वा पुम्प्र
च यानुचरति ग्लानेतरैश्चेष्टितैः॥१२॥स्त्रीणां गुणा यौवनरूपवे
क्षिण्यविज्ञानविलासपूर्वाः। स्त्रीरत्नसंज्ञा च गुणान्वितासु स्त्रीव्य
योऽन्याश्चतुरस्य पुंसः॥१३॥न ग्राम्यवर्णैर्मलदिग्धकाया निन्द्य
सम्बन्धिकथां च कुर्यात् । न चान्यकार्यस्मरणं रहःस्था मन

साथ वंश, यश और मान बढानेके लिये इन दूतियोंके पंजेसे स्त्रियोंको ब
चाहिये ॥ १० ॥ रात्रिके समय गृहके बाहर जाना या जागनेके लिये र
मिस करना (तबियतके अच्छे न होनेका बहाना करना), पराये घरका
विपत्ति और व्याह आदि उत्सवोंमें जाना यह समस्त समय स्त्रियोंके संकेत
इस कारण इनमेंभी स्त्रियोंकी रक्षा करनी चाहिये ॥ ११ ॥ आगे जो
मिले हुए आलस्यसे युक्त हो, सुरतकी बात नहीं करती और उसको छोडभी
सकती, रतिके बीचमें लाजको छोड देती है, रतिके समाप्त हो जानेपर
नीचा मुख कर लेती है. जो स्त्री आदरके साथ अनेकप्रकारकी रतिक्रियाक
करती है और पुरुषका स्वभाव जानकर ग्लानियुक्त चेष्टाके साथ आचरण क
अर्थात् स्वामीके दुःखित होनेसे दुःखी और सुखयुक्त होनेसे सुखी होती है.
स्त्रीके साथ रति करना उचित है ॥ १२ ॥ यौवन (जवानी), रूप,
चतुराई, विज्ञान और विलासादि समस्त गुणोंके होनेसे स्त्रियोंकी रत्न
होती है अर्थात् वह रत्नही समझी जाती हैं और चतुर पुरुषके लिये इससे
रीत गुणवाली स्त्रियां व्याधिकी समान हो जाती हैं ॥ १३ ॥ गंवारी बोली
नेवाली या अंगोंके मलीन रखनेवाली स्त्रीके साथ निन्दनीय अंगोंके सम्ब
(गुह्यादिकी) बातचीत करना उचित नहीं और एकान्तस्थानमें बैठी हु
जो और किसी कार्यको सोच रही हो उसके साथभी स्मरकथा (र

---

१ "लेख्यप्रस्थापनैः स्निग्धैर्वीक्षितैर्मृदुभाषितैः। दूतीसम्प्रेषणैर्नार्याः भावाभिव्यक्तिरिष्यते ॥'
त्यदर्पण तीसरा परिच्छेद ॥ अर्थ-चिट्ठी भेजना, श्रेष्ठ स्नेह दिखाना, मृदुवचन कहना अथव
भेजनेसेही स्त्रियां अपने अभिप्रायको प्रगट करती हैं.

मूलं हरदग्धमूर्तेः ॥ १४ ॥ श्वासं मनुष्येण समं त्यजन्ती बाहूपधानस्तनदानदक्षा । सुगन्धकेशा सुसमीपरागा सुप्तेऽनुसुप्ता प्रथमं विबुद्धा ॥ १५ ॥ दुष्टस्वभावाः परिवर्जनीया विमर्दकालेषु च न क्षमा याः । यासामसृग्वासितनीलपीतमाताम्रवर्णं च न ताः प्रशस्ताः ॥१६॥ या स्वप्नशीला बहुरक्तपित्ता प्रवाहिनी वातकफातिरिक्ता।महाशना स्वेदयुताङ्गदुष्टा या ह्रस्वकेशी पलितान्विता च ॥ १७ ॥ मांसानि यस्याश्च चलन्ति नार्या महोदरा खिङ्खिमिनी च या स्यात् । स्त्रीलक्षणे याः कथिताश्च पापास्ताभिर्न कुर्यात्सह कामधर्मम् ॥ १८ ॥ शशशोणितसङ्काशं लाक्षारससन्निकाशमथवा यत् । प्रक्षालितं विरज्यति यच्चासृक्तद्भवेच्छुद्धम् ॥ १९ ॥ यच्छब्दवेदनावर्जितं त्र्यहात्सन्निवर्तते रक्तम् । तत् पुरुषसम्प्रयोगादविचारं गर्भतां याति ॥ २० ॥ न दिनत्रयं निषेवेत् स्नानं

(बातचीत) का कहना उचित नहीं. क्योंकि मनही कामदेवका मूल है ॥ १४ ॥ जो स्त्री पुरुषके साथ बराबर श्वास छोडते २ अपनी बांहके तकियेपर पतिका मस्तक रखकर स्तनोंसे छातीको पीडीत करनेवाली, केशोंको सुगन्धित रखनेवाली सदा निकट रहकर जो सुन्दर अनुराग करे, स्वामीके सोजानेपर सोनेवाली और स्वामीके जागनेसे पहले जागनेवाली ही अनुरागिणी है ॥ १५ ॥ रातके समय विमर्दको न सहनेवाली, दुष्टस्वभावसे युक्त स्त्रीका त्यागनाही ठीक है. जिन स्त्रियोंके ऋतुका रुधिर काला, नीला, पीला व कुछेक लाल रंगका होता है, वह भी श्रेष्ठ नहीं है ॥ १६ ॥ बहुत सोनेवाली, बहुत रक्त (या) पित्तवाली, जिसके शरीरमें वात कफ अधिक होय, प्रवाहिणी (ऋतुके समय जिसके बहुत रुधिर निकले) बहुत भोजन करनेवाली, जिसका शरीर सदा पसीनेसे युक्त रहे, छोटे केशवाली श्वेत केशवाली, दूषित अंगवाली ॥ १७ ॥ जिस स्त्रीके शरीरका मांस ढीला हो जो मिनमिनी और बडे पेटवाली हो और स्त्रियोंके लक्षण जिनके अच्छे न हों तिनके साथ कामधर्म न करे ॥ १८ ॥ जिस स्त्रीके ऋतुका रुधिर खरगोश (खरहे) के रुधिरके समान या लाखके रंगके समान रंगवाला हो, जिसका दाग धोनेसे छट जाय सो शुभ होता है ॥ १९ ॥ जो रुधिर शब्द और पीडारहित होकर तीन दिनके पीछे बिलकुल बंद हो जाय, सो रुधिर पुरुष समागम होनेके हेतुसे निश्चयही गर्भताको प्राप्त होता है ॥ २० ॥ ऋतुकालमें तीन दिनतक स्ना

माल्यानुलेपनं च स्त्री। स्नायाच्चतुर्थदिवसे शास्त्रोक्तेनोपदेशेन २
पुष्यस्नानौषधयो याः कथितास्ताभिरम्बुमिश्राभिः । स्नायात्त
मन्त्रः स एव यस्तत्र निर्दिष्टः ॥२२॥ युग्मासु किल मनुष्या नि
नार्यो भवन्ति विषमासु । दीर्घायुषः सुरूपाः सुखिनश्च विकु
ग्मासु ॥ २३ ॥ दक्षिणपार्श्वे पुरुषो वामे नारी यमावुभयसंस्थ
यदुदरमध्योपगतं नपुंसकं तन्निबोद्धव्यम् ॥ २४ ॥ केन्द्रत्रिको
शुभस्थितेषु लग्ने शशाङ्के च शुभैः समेते । पापैस्त्रिलाभारिग
यायात् पुजन्मयोगेषु च संप्रयोगम् ॥ २५ ॥ न नखदशन
क्षतानि कुर्यादृतुसमये पुरुषः स्त्रियाः कथञ्चित् । ऋतुरपि
षट् च वासराणि प्रथमनिशात्रितयं न तत्र गम्यम् ॥ २६ ॥
इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० पुंस्त्रीसमायोगो नामाष्टसप्ततितमोऽध्यायः ॥७

माला और अनुलेपनका व्यवहार करना स्त्रीको नहीं चाहिये. फिर चौथे
शास्त्रमें कहे हुए उपदेशके अनुसार स्नान करना उचित है ॥ २१ ॥ पुष्यस्न
अध्यायमें जिन औषधियोंका वर्णन कर आये हैं. उन सबके जलसे स्नान
और जो मंत्र वहांपर कहे हैं, उनहींका पढना आवश्यकीय है ॥ २२ ॥
युग्म (छठी आदि सम) रात्रियोंमें पुरुषका संयोग होनेसे पुत्र और विषम (पां
सातवीं आदि) रात्रियोंमें पुरुषका संयोग होनेसे कन्या उत्पन्न होती है और
युग्मा (आठवीं दशवीं आदि दूसरी सम) रात्रियोंमें पुरुषका संग होनेसे
आयुवाले, रूपवान् और सुखी पुत्रोंका जन्म होता है ॥ २३ ॥ स्त्रीके दक्षिणपा
गर्भ हो तो पुरुष, वाम पार्श्वमें हो तो कन्या, दोनों ओर हो तो दो गर्भ
जो गर्भ उदरके बीचमें हो तिसको नपुंसक जानना चाहिये ॥ २
केन्द्र या त्रिकोणमें शुभ ग्रह हों, लग्न और चन्द्रमा शुभग्रहोंसे युक्त हो पा
तीसरे, ग्यारहवें और छठे घरमें हों उस समय स्त्रीका संग करना चाहिये ॥२
ऋतुकालमें पुरुषको किंचित्‌भी नख या दांतोंसे स्त्रियोंके अंगोंको क्षत नहीं
चाहिये, सोलह दिनतक ऋतु रहती है, तिसमें पहली तीन रातोंमें ही ऋतु
स्त्रीके सांथ गमन न करे ॥ २६ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादव
स्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायामष्टसप्ततितमोऽध्यायः ॥७

अथैकोनाशीतितमोऽध्यायः।

शय्यासनलक्षणम्.

सर्वस्य सर्वकालं यस्मादुपयोगमेति शास्त्रमिदम्। राज्ञां विशेतोऽतः शयनासनलक्षणं वक्ष्ये ॥ १ ॥ असनस्यन्दनचन्दनहरिसुरदारुतिन्दुकीशालाः। काश्मर्यञ्जनपद्मकशाका वा शिंशपा च शुभाः ॥ २ ॥ अशनिजलानिलहस्तिप्रपातिता मधुविहङ्गकृतनिलयाः। चैत्यश्मशानपथिजोर्ध्वशुष्कवल्लीनिबद्धाश्च ॥ ३ ॥ कण्टकिनो वा ये स्युर्महानदीसङ्गमोद्भवा ये च। सुरभवनजाश्च न शुभा ये चापरयाम्यदिक्पतिताः ॥ ४ ॥ प्रतिषिद्धवृक्षनिर्मितशयनासनसेवनात् कुलविनाशः। व्याधिभयव्ययकलहा भवन्त्यनर्थाश्च नैकविधाः ॥ ५ ॥ पूर्वं च्छिन्नं यदि वा दारु भवेत्तत्परीक्ष्यमारम्भे। यद्यारोहेत्तस्मिन् कुमारकः पुत्रपशुदं तत् ॥ ६ ॥ सितकुसुममत्तवारणदध्यक्षतपूर्णकुम्भरत्नानि। मंगल्यान्यन्यानि

जिस करके सर्वकालमें सबको उपयोगी होनेवाला यह शास्त्र तिसके उद्देश्यका जतानेवाला है, इसी कारण इसमें राजाओंके शय्यासनलक्षण कहे जायँगे ॥ १ ॥ असन, स्यंदन, हरिद्रा (हलदुआ), देवदारु, तिन्दुकी, शाल, काश्मरी, अंजन, पद्मक शाक या शीसमके वृक्षका काठ आसन और चौकीके लिये शुभदायी है ॥ २ ॥ जो वृक्ष बिजली, जल, वायु या हाथी करके गिरा दिये गये हों, जिनमें मधुमक्खियोंके छत्ते या पक्षियोंके घोंसले हों, जो चैत्य, श्मशान और मार्गमें उत्पन्न हुए हों; जिनके ऊपर सूखी बेल लिपटी हुई हो ॥३॥ जिन वृक्षोंमें काँटे हों, जो वृक्ष महानदीके संगमस्थानमें या देवमंदिरमें उत्पन्न हुए हों, जो वृक्ष काटे जानेपर पश्चिम और दक्षिण दिशाकी ओरको गिर गये हों ऐसे वृक्ष शय्या और आसनके लिये शुभदायी नहीं हैं ॥४॥ वर्जनीय वृक्षके बने हुए आसन या शयनका व्यवहार करनेसे कुलका नाश हो जाता है, इससे व्याधिभय खर्च और क्लेशादि अनेक प्रकारके अनर्थ होते हैं ॥५॥ जो पहलेका कटा हुआ वृक्ष पडा हो तो आरम्भमें (गढनेके समय) तिसकी परीक्षा करनी चाहिये. जो उसपर कोई कुमार (लडका) चढे तो वह काठ पुत्र और पशुका देनेवाला होगा ॥६॥ शय्या आसन बनानेके आरम्भमें सफेद फूल, मतवाला हाथी

च दृष्टारम्भे शुभं ज्ञेयम् ॥ ७ ॥ कर्मांगुलं यवाष्टकमुदरासक्तं
परित्यक्तम् । अंगुलशतं नृपाणां महती शय्या जयाय कृता ।
नवतिः सैव षडूना द्वादशहीना त्रिषट्कहीना च । नृपपुत्रमन्
लपतिपुरोधसां स्युर्यथासंख्यम् ॥ ९ ॥ अर्धमतोऽष्टांशोनं वि
म्भो विश्वकर्मणा प्रोक्तः । आयामत्र्यंशसमः पादोच्छ्रायः सकु
शिराः ॥ १० ॥ यः सर्वः श्रीपर्ण्याः पर्यंको निर्मितः स धनद
असनकृतो रोगहरस्तिन्दुकसारेण वित्तकरः ॥ ११ ॥ यः के
शिंशपया विनिर्मितो बहुविधं स वृद्धिकरः । चन्दनमयो रि
धर्मयशोदीर्घजीवितकृत् ॥ १२ ॥ यः पद्मकपर्यंकः स द
मायुः श्रियं श्रुतं वित्तम् । कुरुते शालेन कृतः कल्याणं श
रचितश्च ॥ १३ ॥ केवलचन्दनरचितं काञ्चनगुप्तं विचि
त्नयुतम् । अध्यासन् पर्यङ्कं विबुधैरपि पूज्यते नृपतिः ॥ १
अन्येन समायुक्ता न तिन्दुका शिंशुपा च शुभफलदा ।

दही अक्षत भरा हुआ घडा, रत्न और दूसरे मंगलद्रव्योंका देखना शुभकारी
॥८॥तुषहीन आठ जौका पेट मिलाकर बराबर रखनेसे एक अंगुल होगा, इसका
कर्मांगुल है, ऐसे शत अंगुलकी लम्बी शय्या राजाओंके जयका कारण होती है
राजपुत्र, मंत्री. सेनापति और पुरोहितोंकी शय्या क्रमानुसार नब्बे, चौरासी, अ
और बहत्तर अंगुल लम्बी बनानी चाहिये ॥९॥ शय्याका लम्बाईके आधेमें अ
आठवां अंश घटा देनेसे जो बचे वह शय्याकी चौडाई हुई. दीर्घताके एक तृत
शकी तुल्य कुक्षि और शिरके साथ पादोच्छ्राय अर्थात् ऊंचाई होगी. यह विश्वक
कहा है. ॥१०॥ श्रीपर्णी या तिन्दुकसारके बने हुए समस्त पलंग धनदान कर
और असन वृक्षके काठका बना हुआ पलंग रोगको हरता है ॥११॥ केवल श
मके काठका बना हुआ पलंग अनेक भांतिकी वृद्धि करता है. चन्दनका पलंग
नाशक होनेके सिवाय धर्म, यश, और बडे आयुको देता है ॥१२॥ पद्मका बना
पलंग दीर्घायु,श्री,श्रुत और वित्त देता है, शाल या सागूका बना हुआ पलंग कल्य
कारी, होता है ॥१३॥ केवल चन्दके बने, सुवर्णसे मढे और विचित्र र
जडे पलंगपर सोनेवाले राजाका देवता लोगभी पूजन करते हैं ॥ १
तिन्दुकी, शीशम, श्रीपर्णी, देवदारु, और असन वृक्षके काठमें दूसरा

र्गी न च देवदारुवृक्षो न चाप्यसनः ॥ १५ ॥ शुभदौ तु
ालौ परस्परं संयुतौ पृथक् चैव । तद्वत्पृथक् प्रशस्तौ सहितौ
रिद्रककदम्बौ ॥ १६ ॥ सर्वः स्यन्दनरचितो न शुभः प्राणान्
ते चाम्बकृतः । असनोऽन्यदारुसहितः क्षिप्रं दोषान् करोति
॥१७॥ अम्बस्यन्दनचन्दनवृक्षाणां स्यन्दनाच्छुभाः पादाः ।
रुणा शयनासनमिष्टफलं भवति सर्वेण ॥ १८ ॥ गजदन्तः
। प्रोक्ततरूणां प्रशस्यते योगे । कार्योऽलङ्कारविधिर्गजदन्तेन
तेन ॥ १९ ॥ दन्तस्य मूलपरिधिं द्विरायतं प्रोज्झ्य कल्पये-
म् । अधिकमनूपचराणां न्यूनं गिरिचारिणां किञ्चित् ॥२०॥
ःसवर्धमानच्छत्रध्वजचामरानुरूपेषु । छेदे दृष्टेष्वारोग्यविज-
वृद्धिसौख्यानि ॥ २१ ॥ प्रहरणसदृशेषु जयो नद्यावर्ते प्रन-
ाप्तिः । लोष्टे तु लब्धपूर्वस्य भवति देशस्य सम्प्राप्तिः॥२२॥

ठाकर पलंग बनावे तो वह पलंग या चौकी शुभदायक है ॥ १५ ॥ साखू और
ष्ठका परस्पर मिलना या अलग रहनाभी शुभदायी है, वैसेही हरिद्रक और
वकाठका मिलना या अलग रहनाभी अच्छा और शुभदायी है ॥१६॥ स्यन्दन-
काठके बने सब प्रकारके पलंग ही शुभदायी नहीं हैं, अंबवृक्षके काठका
प्राण लेता है, असनमें दूसरे काठको मिलाया जाय तो वह शीघ्र बहुतसे
उत्पन्न करता है ॥१७॥ अम्ब, स्यन्दन और चन्दन इन तीनों वृक्षोंके काठसे
लंगोके पाये स्यन्दनवृक्षके काठसे बनें तो शुभ होते हैं और बाकी सब
के फलवाले वृक्षोंके काठ करके शय्या और आसन बनें तो इष्टफलकी प्राप्ती
है ॥१८॥ ऊपर कहे हुए सब प्रकारके वृक्षोंके साथ हाथीदांतका संयोग श्रेष्ठ
है, श्रेष्ठ हाथी दांत करके तिसकी अलंकारविधिका करना उचित है ॥ १९ ॥
दन्तके मूलमें जितने अंगुलकी परिधि हों तिससे दूने अंगुल मूलकी ओरसे
कर शेषभागसे समस्त रचना करे परन्तु अनूपचर (जलप्रायदेशचर) हाथियोंके
कुछ अधिक और पर्वतचारी हाथियोंके विषयमें कुछ कम छोडना चाहिये॥२०॥
ीदान्तमें काटनेके समय श्रीवत्स, वर्द्धमान (मिट्टीका सिकोरा) छत्र, ध्वज और
रके समान चिह्न दिखाई देनेसे आरोग्य, विजय, धनकी वृद्धि और सुख होते
। २१ ॥ शस्त्राकार चिह्न होनेसे जय, नद्यावर्त जैसा नदीमें चारों तरफसे किसी
गह जल घूमता रहता है उस आकारका चिह्न होनेसे नष्ट हुए देशकी प्राप्ति और

स्त्रीरूपे स्वविनाशो भृङ्गारेऽभ्युत्थिते सुतोत्पत्तिः । कुम्भेन
प्राप्तिर्यात्राविघ्नं च दण्डेन ॥ २३ ॥ कृकलासकपिभुजङ्ग
क्षव्याधयो रिपुवशत्वम् । गृध्रोलूकध्वांक्षश्येनाकारेषु ज
॥ २४ ॥ पाशेऽथवा कबन्धे नृपमृत्युर्जनविपत् सुते रक्ते
श्यावे रूक्षे दुर्गन्धे चाशुभं भवति ॥ २५ ॥ शुक्लः समः स्
स्निग्धश्च शुभावहो भवेच्छेदः । अशुभशुभच्छेदा ये शयने
तथा फलदाः ॥ २६ ॥ ईषायोगे दारु प्रदक्षिणाग्रं प्रश
चार्यः । अपसव्यैकदिगग्रे भवति भयं भूतसञ्जनितम् ॥
एकेनावाक्छिरसा भवति हि पादेन पादवैकल्यम् । द्वा
जीर्यतेऽन्नं त्रिचतुर्भिः क्लेशवधबन्धाः ॥ २८ ॥ सुषिरेऽथवा
ग्रन्थौ पादस्य शीर्षगे व्याधिः । पादे कुम्भौ यश्च ग्रन्थौ

ढेलेक आकारका चिह्न होनेसे पहले प्राप्त हुए देशकीही सम्प्राप्ति होती है ॥
पा चिह्न होनेसे अपना नाश, भृङ्गार (झारी) के समान चिह्न उठे तो पुत्रकी
होती है. घडेका चिह्न होनेसे रत्नकी प्राप्ति और दंडका चिह्न होनेसे यात्रामें
है ॥ २३ ॥ गिरगट, वानर या सर्पके समान चिह्न होनेसे दुर्भिक्ष, व्याधि औ
शत्व होता है. गिद्ध उल्लू, काक और बाजके समान चिह्न होनेसे मनुष्योंमें म
है ॥ २४ ॥ हाथीदांतके काटनेपर पाश या कबन्धका चिह्न निकले तो
मृत्यु, रुधिर निकलनेसे मनुष्योंपर विपत्ति और काला श्याव (काला पी
हुआ), रूखा और दुर्गन्धयुक्त होनेसे अशुभकारी होता है ॥ २५ ॥
छिद्र बराबर, शुक्ल, सुगन्धित वा स्निग्ध हो तो शुभकारी होता है, यह आस
जानो. आसनके पक्षमें जो शुभकारी और अशुभकारी छेद कहे सो शय्याके
फलदायी हैं ॥२६॥ ईषायोगमें प्रदक्षिणा श्रेष्ठ है यह आचार्यलोगोंने
की है और तिससे विपरीत काष्ठोंका योग होना या शिर पाद काष्ठोंके अग्रव
दिशामें हो तो ऐसे पलंगपर सोनेवालेको भूतसे उत्पन्न हुआ भय होता है
शय्या वा आसनका एक पाया अधोमुख हो (काठके मूलकी ओर पाये
बनाया जाय काठके अग्रकी ओर पायेका मूल) तो पादोंकी विकल
पाये अधोमुख हों तो उसपर सोनेवालेको अन्न नहीं पचता, तीन और च
अधोमुख हों तो क्लेश, वध और बन्धन होता है ॥ २८ ॥ पायेका शि
युक्त अथवा बुरे रंगकी गांठसे युक्त हो तो व्याधि होती है. पायेके कुं

१ पलंगके दोनों ओरकी दो पट्टी और दो तरफके दो सेरुओंको ईषा कहते हैं.

रोगः ॥ २९ ॥ कुम्भाधस्ताज्जंघा तत्र कृतो जंघयोःकरोति
। तस्याश्चाधारोऽधःक्षयकृद्द्रव्यस्य तत्र कृतः ॥ ३० ॥ खुर-
शो ग्रन्थिः खुरिणां पीडाकरः स निर्दिष्टः । ईषाशीर्षण्योश्च
गसंस्थो भवेन्न शुभः ॥ ३१ ॥ निष्कुटमथ कोलाक्षं सूकर-
च वत्सनाभं च। कालकमन्यधुदुन्धुकमिति कथितश्छिद्रसं-
॥३२॥ घटवत्सुषिरं मध्ये सङ्कटमास्ये च निष्कुटं छिद्रम् ।
ात्रमाषमात्रं नीलं छिद्रं च कोलाक्षम् ॥ ३३ ॥ सूकरनयनं
ं विवर्णमध्यर्द्धपर्वदीर्घं च । वामावर्तं भिन्नं पर्वमितं वत्सना-
पम् ॥ ३४ ॥ कालकसंज्ञं कृष्णं धुन्धुकमिति यद्भवेद्भिनि-
म् । दारुसवर्णं छिद्रं न तथा पापं समुद्दिष्टम् ॥३५॥ निष्कु-
द्रव्यक्षयस्तु कोलेक्षणे कुलध्वंसः । शस्त्रभयं सूकरके रोग-
वत्सनाभाख्ये ॥ ३६ ॥ कालकधुन्धुकसंज्ञं कीटैर्विद्धं च न

उदररोग होता है ॥ २९॥ कुम्भके नीचेवाले काष्ठभागको जंघा कहते हैं
बनाया या जो पलंगमें लगाया जाय तो सोनेवालेकी जंघाओंमें भय उत्पन्न
। है. जंघाके बीचले भागको आधार कहते हैं इस आधारमें गांठ होनेसे धनका
होता है ॥ ३० ॥ पायेके खुरमें जो गांठ हो तो खुरवाले जीवोंकी पीडाका
ा कहा है. ईषा और शीर्षदेश (सिरहानेका सेरुआ) के तिहाई भागपर
हो तो शुभ नहीं होता ॥३१॥ निष्कुट, कोलाक्ष, शूकरनयन, वत्सनाभ, कालक
धुन्धुक संक्षेपसे यह छिद्रोंके नाम कहे गये ॥३२॥ छेदके बीचमें घडेके समान
। और तंगमुखका आकार हो तो वह निष्कुट नामक छिद्र है और मटर या
बराबर और नीले रंगका छेद कोलाक्ष कहाता है ॥३३॥ विषम, विवर्ण और
ोरुआ लम्बा छेद शूकरनयन, एक पोरुआ लम्बा वामावर्त छिद्र वत्सनाभ
से प्रसिद्ध है ॥ ३४ ॥ काले रंगका छेद कालक नामसे विख्यात है और जो विशे-
ो निर्भिन्न हो वह धुन्धुक नामवाला कहाता है. परन्तु काठके समान रंगवाले छेदसे
भांति अशुभ उदय नहीं होता ॥३५॥ निष्कुट नामवाला छेद होनेसे धनका नाश
क्षण (सूकरके नेत्रके आकार) से कुलध्वंस. शूकरके सरीखे छिद्रसे शस्त्रभय और
नाभ नामक छेदसे रोगभय होता है, और घुना हुआ कालक व धुन्धुक
वाला छेदभी शुभदायी नहीं होता, जिसमें गांठें बहुतसी हों ऐसा सब प्रकारका

शुभदं छिद्रम् । सर्वं ग्रन्थिप्रचुरं सर्वत्र न शोभनं दारु ॥ ३७
एकद्रुमेण धन्यं वृक्षद्वयनिर्मितं च धन्यतरम् । त्रिभिरात्मजवृ
करं चतुर्भिरथो यशश्चाग्र्यम् ॥ ३८ ॥ पञ्चवनस्पतिरचिते पञ्च
याति तत्र यः शेते।षट्सप्ताष्टतरूणां काष्ठैर्घटिते कुलविनाशः॥३

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० शय्यासनलक्षणं नामैकोनाशीतितमोऽध्यायः।

अथाशीतितमोऽध्यायः ।

वज्रपरीक्षा.

रत्नेन शुभेन शुभं भवति नृपाणामनिष्टमशुभेन । यस्माद
परीक्ष्यं दैवं रत्नाश्रितं तज्ज्ञैः ॥ १ ॥ द्विपहयवनितादीनां स्वगु
विशेषेण रत्नशब्दोऽस्ति । इह तूपलरत्नानामधिकारो वज्रपूर्वाण

काठ सर्वत्रही शुभदायी नहीं होता ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ एक वृक्षके काठका बना हु
पलंग धन्य अर्थात् अच्छा है. दो वृक्षोंके काठका बना हुआ पलंग धन्यतर अ
बहुतही अच्छा है. तीन वृक्षोंके काठका बना हुआ पलंग पुत्रोंको बढानेवाला
चार वृक्षोंका बना हुआ पलंग उत्तम अर्थ यशको देनेवाला है ॥ ३८ ॥ प
वृक्षोंके काठसे बनेहुए पलंगपर जो मनुष्य सोता है उसकी इतिश्री हो जाती
और छः सात या आठ वृक्षोंके काठसे बने हुए पलंग पर शयन करनेसे कुल
नाश हो जाता है ॥ ३९ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीय-
मुरादाबादवास्तव्य--पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां
भाषाटीकायामेकोनाशीतितमोऽध्यायः ॥ ७९ ॥

शुभ रत्न धारण करनेसे राजाओंका कल्याण होता है, अशुभ रत्न धारण कर
अशुभ होता है, इसी कारण रत्न जाननेवाले पंडितों करके रत्नाश्रित दैवकी परी
करना चाहिये ॥ १ ॥ हाथी, अश्व, वनिता आदि समस्त पदार्थोंमें ही अपने २ गु
विशेषसे रत्न शब्द प्रयोग होता तो है (जैसे गजरत्न, अश्वरत्न, रमणीर
इत्यादि) परन्तु यहांपर रत्नशब्दसे हीरकादि पाषाणरत्नोंकाही अधिकार है ॥
किसीका मत है कि बलनामक दैत्यसेही रत्नोंकी उत्पत्ति है, कोई कहते हैं
दधीचमुनिकी अस्थिसे रत्न उत्पन्न हुए हैं, कोई कहते हैं कि मिट्टीके स्वभ

॥ रत्नानि बलाद्दैत्याद्दधीचितोऽन्ये वदन्ति जातानि । केचि-
स्वभावाद्वैचित्र्यं प्राहुरुपलानाम् ॥३॥ वज्रेन्द्रनीलमरकत-
नपद्मरागरुधिराख्याः । वैदूर्यपुलकविमलकराजमणिस्फ-
ाशिकान्ताः ॥ ४ ॥ सौगन्धिकगोमेदकशंखमहानीलपुष्परा-
ाः । ब्रह्ममणिज्योतीरससस्यकमुक्ताप्रवालानि ॥ ५ ॥
ाटे विशुद्धं शिरीषकुसुमोपमं च कौशलकम् । सौराष्ट्रकमा-
कृष्णं सौपारकं वज्रम् ॥ ६ ॥ ईषत्ताम्रं हिमवति मतङ्गजं
ष्पसङ्काशम् । आपीतं च कलिङ्गे श्यामं पौण्ड्रेषु सम्भूतम्
॥ ऐन्द्रं षडस्रि शुक्लं याम्यं सर्पास्यरूपमसितं च । कदली-
ड़निकाशं वैष्णवमिति सर्वसंस्थानम् ॥ ८ ॥ वारुणमबलागु-
मं भवेत् कर्णिकारपुष्पनिभम् । शृङ्गाटकसंस्थानं व्याघ्राक्षि-
च हौतभुजम् ॥ ९ ॥ वायव्यं च यवोपममशोककुसुमप्रभं
दृष्टम् । स्रोतः खनिः प्रकीर्णकमित्याकरसम्भवस्त्रिविधः
० ॥ रक्तं पीतं च शुभं राजन्यानां सितं द्विजातीनाम् ।

मस्त रत्नोंमें विचित्रता पैदा हुई है ॥३॥ वज्र (हीरा), इन्द्रनील (नीलम)
(पन्ना), करकेतन, लाल, रुधिर, वैदूर्य, पुलक, विमलक, राजमणि, स्फटिक-
ान्त ॥ ४ ॥ सौगन्धिक, गोमेदक, शंख, महानील, पुष्पराग, ब्रह्ममणि, ज्यो-
, शस्यक, मोती, मूंगा इन सबको रत्न कहते हैं ॥ ५ ॥ वेणानदीके किनारे,
शुद्ध हीरा उत्पन्न होता है, शिरीषफूलके समान हीरा कोशलदेशमें उत्पन्न होता
छेक लाल रंगका हीरा सुराष्ट्र (सूरत) देशमें उत्पन्न होता है. काले रंगका
सूपारक देशमें पैदा होता है ॥ ६ ॥ हिमवान् पर्वतपर उत्पन्न हुआ हीरा
लाल रंगका होता है, बल्कके फूलके समान हीरेका मतङ्गज नाम है कुछेक
रंगका हीरा कलिंग देशमें उत्पन्न होता है. पौण्ड्रदेशमें उत्पन्न हुआ रत्न श्याम-
होता है ॥ ७ ॥ छः कोणवाले हीरेका इन्द्र देवता होता है, शुक्लवर्ण हीरेका
देवता होता है, सर्पाकार मुखवाले, काले या कदलीके काण्डकी नाईं (नीला
पीला) रंगवाला हीरा विष्णुदैवत है अर्थात् विष्णुजी इसके देवता हैं. सबके
और आकारका विषय कहा गया॥८॥स्त्रीकी भगके समान आकारवाला हीरा
होता है, यह कर्णिकारके पुष्पके समानभी होता है. सिंघाडेके समान या
के नेत्रके समान हीरेका अग्नि देवता है ॥ ९ ॥ अशोकके फूलके समान रंग-
या जौके समान समस्त हीरोंका वायव्य नाम है, नदी आदिके प्रवाह, खान
प्रकीर्णक (किसी २ भूमिके ऊपर बिखरे हुए) यह तीन आकर हीरोंकी

शरीषं वैश्यानां शूद्राणां शस्यतेऽसिनिभम् ॥ ११ ॥ सित
षूकं तण्डुलो भवेत्तण्डुलैस्तु शत्या। तुलितस्य द्वे लक्षे
द्विद्व्यनिते चैतत् ॥ १२ ॥ पादत्र्यंशार्धोनं त्रिभागपञ्चां
शांशाश्च। भागश्च पञ्चविंशः शतिकः साहस्रिकश्चेति ॥
सर्वद्रव्याभेद्यं लघ्वम्भसि तरति रश्मिवत् स्निग्धम्। तडिद
क्रचापोपमं च वज्रं हितायोक्तम् ॥ १४ ॥ काकपदमक्षिकाके
तुयुक्तानि शर्कराविद्धम्। द्विगुणाश्रि दिग्धकलुषत्रस्तविशी
न शुभानि ॥ १५ ॥ यानि च बुदबुददलिताग्रचिपिटवासी
दीर्घाणि। सर्वेषां चैतेषां मूल्याद्भागोऽष्टमो हानिः ॥ १६
त किञ्चिदपि धारयितव्यमेके पुत्रार्थिनीभिरबलाभिरु
तज्ज्ञाः। शृङ्गाटकत्रिपुटधान्यकवत्स्थितं यच्छ्रोणीनिभं च

उत्पत्तिके हैं ॥ १० ॥ लाल और पीले रंगका हीरा क्षत्रियोंको शुभदायी
रंगका हीरा ब्राह्मणोंको शुभकारी है. शिरिष सुमनके समान हरे रंगका हीर
को और खड्गके समान नीले रंगका हीरा शूद्रोंको शुभ फल देता है ॥ ११
सरसोंके आठ दानोंके समान एक चावल होता है ऐसे बीस चावलभर
तोलमें हो उसका मूल्य लाख रुपया होता है. जो दो २ चावलभर
अर्थात् १८।१६।१४ इत्यादि चावलभर हो तो क्रमानुसार पहले कहे हुए
पाद, तिहाई, आधा, त्रिभागयुत, पांचवां अंश, सोलहवां अंश, पच्चीसवां अं
अंश और सहस्रांश मोल होगा ॥१२॥१३॥ जो हीरा किसी वस्तुसे न टूटे,
जलमें भी किरणके समान तैरता रहे, स्निग्ध और बिजली, अग्नि वा इंद्रधनुष
रंगवाला हो वह हितकारी होता है ॥१४॥ जिन हीरोंमें काकपद, मक्खी, के
युक्त चिह्न रहें अथवा जो कंकरसे विद्ध हों, जिनके सब कोनोंमें दो दो सूत
दिग्ध, मलीन, कान्तिहीन और जर्जर हों वे हीरे शुभदायी नहीं हैं ॥१५॥ या
पानीके बबूलेके समान आगेसे फटे हुए, चिपटे या वासीफलके समान लम्बे
भी शुभदाई नहीं हैं. इन समस्त चिह्नवाले हीरोंका मूल्य पहले ठहरे हुए
अपेक्षा क्रमानुसार अष्टमांश घटानेसे ठीक होगा अर्थात् पहले कहे हुए काक
चिह्नवाले हीरेका जो मूल्य हो, मक्खीके चिह्नसे युक्त हीरेका मोल उसके
अष्टम भाग हीन होगा ॥ १६ ॥ हीरेके तत्त्वको जाननेवाले कोई २ पंडि
हैं कि पुत्र चाहनेवाली स्त्रियोंको साधारण हीराभी धारण करना उचि
सिंघाडे, त्रिपुट, धान्य या श्रोणीके समान हीरेका धारण करना पुत्र चा

तनयार्थिनीनाम् ॥ १७ ॥ स्वजनविभव जीवितक्षयं जनयति मनिष्टलक्षणम् । अशनिविषभयारिनाशनं शुभमुरुभोगकं भूभृताम् ॥ १८ ॥

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० वज्रपरीक्षा नामाशीतितमोऽध्यायः ॥८

अथैकाशीतितमोऽध्यायः ।

मुक्ताफलपरीक्षा.

द्विपभुजगशुक्तिशंखाभ्रवेणुतिमिसूकरप्रसूतानि । मुक्ताफ तेषां बहुसाधु च शुक्तिजं भवति ॥१॥ सिंहलकपारलौकि राष्ट्रकताम्रपर्णिपारशवाः । कौबेरपाण्डयवाटकहैमा इत्याकरा ॥ २ ॥ बहुसंस्थानाः स्निग्धा हंसाभाः सिंहलाकराः स्थूलाः ताम्राः श्वेतास्तमोवियुक्ताश्च ताम्राख्याः ॥ ३ ॥ कृष्णाः पीताः सशर्कराः पारलौकिका विषमाः । न स्थूला नात्यल्प नीतनिभाश्च सौराष्ट्राः ॥ ४ ॥ ज्योतिष्मन्तः शुभ्रा गुरवोऽ

स्त्रियोंके लिये शुभ है ॥ १७ ॥ बुरे लक्षणवाले हीरेके धारण करनेसे र भाई, बन्धु, धन और प्राणकी हानि होती है और शुभ लक्षणवाले हीरेके करनेसे वज्रभय, विष व शत्रुका नाश हो जाता है और भोगकी वृद्धि होती है ॥ १८ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादा स्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायामशीतितमोऽध्यायः

हाथी, सर्प, सीपी, शंख, बादल, बांस, मत्स्य और शूकरसे मोती उ हैं. उन सबमें सीपीसे निकला हुआ मोतीही अत्यन्त श्रेष्ठ होता है ॥ १ लक, पारलौकिक, सौराष्ट्रक, ताम्रपर्णि, पारशव, कौबेर, पाण्ड्यवाटक ये आठ स्थान मोतियोंके आकर हैं ॥ २ ॥ अनेक आकारवाले, स्निग समान श्वेतरंगके और स्थूल मोती सिंहलदेशमें उत्पन्न होते हैं. कुछेक ल या काली, कांतिसे हीन, श्वेत रंगके मोतियोंका ताम्र नाम है ॥ ३ श्वेत या पीले रंगके, कंकडयुक्त और विषम मुक्ता पारलौकिक नामसे प्र बहुत मोटे न बहुत छोटे और मक्खनके समान कान्तिमान् मोती सै प्रसिद्ध हैं ॥४॥ तेजमान्, श्वेतवर्ण, भारी अत्यंत महागुणवाले मोती प

गुणाश्च पारशवाः । लघु जर्जरं दधिनिभं बृहद्विसंस्थानमपि हैमम् ॥ ५ ॥ विषमं कृष्णं श्वेतं लघु कौबेरं प्रमाणतेजोवत् । निम्बफलत्रिपुटधान्यकचूर्णाः स्युः पाण्ड्यवाटभवाः ॥ ६ ॥ अतसीकुसुमश्यामं वैष्णवमैन्द्रं शशाङ्कसङ्काशम् । हरितालनिभं वारुणमसितं यमदैवतं भवति ॥ ७ ॥ परिणतदाडिमगुलिकागुञ्जाताम्रं च वायुदैवत्यम् । निर्धूमानलकमलप्रभं च विज्ञेयमाग्नेयम् ॥ ८ ॥ माषचतुष्टयधृतस्यैकस्य शताहतास्त्रिपञ्चाशत । कार्षापणा निगदिता मूल्यं तेजोगुणयुतस्य ॥ ९ ॥ माषकदलहान्यातो द्वात्रिंशद्विशतिस्त्रयोदश च । अष्टौ शतानि च शतत्रयं त्रिपञ्चाशता सहितम् ॥ १० ॥ पञ्चत्रिंशं शतमिति चत्वारः कृष्णला नवतिमूल्याः । सार्धास्तिस्रो गुञ्जाः सप्ततिमूल्यं धृतं रूपम् ॥ ११ ॥ गुञ्जात्रयस्य मूल्यं पञ्चाशद्रूपका गुणयुतस्य । रूपकपञ्चत्रिंशत् त्रयस्य गुंजार्धहीनस्य ॥ १२ ॥ पलदशभागो धरणं तद्यदि

छोटे जर्जर, दहीके समान कान्तिवाले, बडे और श्रेष्ठ आकारके मोती हैम नामसे प्रसिद्ध हैं ॥५॥ काले या श्वेत रंगके, विषम, और लघु प्रमाण तेजस्वी मुक्ताफल कौबेर नामसे ख्यात हैं और पाण्ड्यावाटदेशका उत्पन्न हुआ मोति त्रिपुट और धनियेके चूर्णके समान होता है ॥ ६ ॥ वैष्णव मोती (जिसके देवता विष्णुजी हों वह) अलसीके फूलके समान श्यामवर्ण, इन्द्रदेवतावाला मोती चन्द्रमाके समान, वरुणदेवतावाला मोती हरितालके रंगके समान प्रभावाला और यमदैवत मोती काले रंगका होता है ॥ ७ ॥ वायुदैवत मोती पके हुए अनारके बीजके समान, चोंटली या तांबेके समान रंगवाला और आग्नेय मुक्ताफल धुआंरहित अग्नि और कमलके समान कान्तिमान् हुआ करता है ॥ ८ ॥ तोलमें चार मासेका जो हो, तेज और गुणयुक्त हो ऐसे एक मोतीका मोल ५३०० रुपये हैं ॥ ९ ॥ आधे मासेकी हानिके अनुसार अर्थात् पहले कहे प्रमाणसे आधा माषा कम या अधिक होनेपर मोतीका मोल क्रमसे ३२०० । २००० । १३०० । ८०० । ३५३ रुपया कम या अधिक होगा ॥ १० ॥ चार चोंटलीभरका मोती पंचत्रिंशशत (१३५) नवति (९०) रुपयेके मोलका है और साढे तीन चोंटलीभरका मोती सत्तर (७०) रुपयेका होता है ॥ ११ ॥ तीन चोंटलभिरके गुणयुक्त मोतीका मोल ५० रुपये और ढाई चोंटलीभरके मोतीका मोल ३५ रुपये होता है ॥ ११ ॥ एक पलके दशवें भागको धरण[1] कहते हैं जो एक धरणपर तेरह मोती चढें

१ पांच रत्तीका एक माषा, सोलह माषेका एक कर्ष और चार कर्षका एक पल है, पलके दशवें भागको धरण कहते हैं।

मुक्तास्त्रयोदश सुरूपाः । त्रिशती सपञ्चविंशा रूपकं संख्याः
मूल्यम् ॥ १३ ॥ षोडशकस्य द्विशती विंशतिरूपस्य सप्त
सशता । यत्पञ्चविंशतिधृतं तस्य शतं त्रिंशता सहितम् ॥ १४
त्रिंशत् सप्ततिमूल्या चत्वारिंशच्छतार्द्धमूल्या च । षष्टिः पञ्चे
वा धरणं पञ्चाष्टकं मूल्यम् ॥ १५ ॥ मुक्ताशीत्यास्त्रिंशत्शत
सा पञ्चरूपकविहीना । द्वित्रिचतुष्पञ्चशता द्वादशषट्पञ्चकं
यम् ॥ १६ ॥ पिक्कापिच्चार्घा रवकः सिक्थं त्रयोदशाद्याना
संज्ञः परतो निगराश्चूर्णाश्चाशीतिपूर्वाणाम् ॥ १७ ॥ एतद्गुण
क्तानां धरणधृतानां प्रकीर्तितं मूल्यम् । परिकल्प्यमन्तराले ह
गुणानां क्षयः कार्यः ॥ १८ ॥ कृष्णश्वेतकपीतकताम्राणामी
पिच विषमाणाम् । त्र्यंशोनं विषमकपीतयोश्च षड्भागदलहं
॥ १९ ॥ ऐरावतकुलजातानां पुष्यश्रवणेन्दुसूर्यदिवसेषु । ये च

तो उनका मोल ३२५ रु० होगा ॥ १३ ॥ एक धरणपर सोलह मोती च
उनका मोल २०० रु० होगा, एक धरणपर बीस मोती चढें तो उनका मोल
रुपये होंगे, एक धरणपर पच्चीस चढें तो उनका मोल १३० रुपये होंगे,
तोलपर तीस मोती चढें तो ७० रु० मोल हुआ, एक धरणपर ४० मोती
मोल ५० रुपये होंगे, एक धरणपर ५५ या ६० मोती चढें तो चालीस
मोल होता है ॥ १४ ॥ १५ ॥ एक धरणपर अस्सी मोती चढें तो मोल ३
हुआ, एक धरणपर १०० मोती चढें तो २५ रु० के हुए, एक धरणके २०
१२ रु० के, धरणके ३०० मोती ६ रु० के, धरणके ४०० मोती ५
धरणके ५०० मोती तीन रुपयेके होते हैं ॥ १६ ॥ धरणके १३ मोती पिक्क
मोती पिच्चा, २५ मोती अर्घ, ३० मोती रवक, ४० मोती सिक्थ और एक
पर चढे हुए पचपन मोती निगर कहलाते हैं ॥ इससे आगे अस्सी आदि
एक धरणपर चढें तो उनको चूर्ण कहते हैं ॥ १७ ॥ यह धरणसे तोले हुए
युक्त मोतियोंका वर्णन किया गया, इनके बीचमें हो तो त्रैराशिक करे
वृद्धिके अनुसार मूल्य नियत करे ॥ १८ ॥ कुछेक काले, कुछेक सफेद,
पीले, कुछेक लाल और विषम मोतियोंका एक तिहाई अंश घटाकर ठी
होगा, विषम और पीला रंग होनेपर तो षष्ठांशहीन मूल्य होगा ॥ १९ ॥
सोमवारके दिन, पुष्य व श्रवण नक्षत्रमें, ऐरावतके कुलमें उत्पन्न हुए जिन
योंका जन्म हुआ है और जिन भद्रहाथियोंने उत्तरायण कालमें चंद्र

रायणभवा ग्रहणेऽर्केन्द्वोश्च भद्रेभाः ॥ २० ॥ तेषां किल उ
मुक्ताः कुम्भेषु सरदकोशेषु । बह्वो बृहत्प्रमाणा बहुसं
प्रभायुक्ताः ॥ २१ ॥ नैषामर्घः कार्यो न च वेधोऽतीव ते
युक्ताः । सुतविजयारोग्यकरा महापवित्रा धृता राज्ञाम् ॥
दंष्ट्रामूले शशिकान्तिसप्रभं बहुगुणं च वाराहम् । तिमिजं म
क्षिनिभं बृहत्पवित्रं बहुगुणं च ॥ २३ ॥ वर्षोपलवज्जातं व
न्धाच्च सतमाद्भ्रष्टम् । ह्रियते किल ख व्यैस्तडित्प्रभं मे
तम् ॥ २४ ॥ तक्षकवासुकिकुलजाः कामगमा ये च पन्न
षाम् । स्निग्धा नीलद्युतयो भवन्ति मुक्ताः फणस्यान्ते ॥
शस्तेऽवनिप्रदेशे रजतमये स्थिते च यदि । वर्षति देवोऽक
तज्ज्ञेयं नागसम्भूतम् ॥ २६ ॥ अपहरति विषमलक्ष्मी
यति शत्रून्यशो विकाशयति । भौजङ्गं नृपतीनां धृतम
विजयदं च ॥ २७ ॥ कर्पूरस्फटिकनिभं चिपिटं

ग्रहण समयमें जन्म लिया है ॥ २० ॥ उनके दन्तकोषोंमें, कुम्भोंमें बड़े २
प्रकारके कान्तियुक्त बहुतसे मोती निकलते हैं ॥ २१ ॥ इनका आंकना
इनमें छिद्र करना उचित नहीं है, यह अत्यन्त प्रभायुक्त, महापवित्र हैं. रा
इनको धारण करनेसे सुत, विजय और आरोग्य पाते हैं ॥ २२ ॥वराहके द
चन्द्रमाकी कांतिके समान प्रभावाला,बहुतसे गुणोंसे युक्त वाराहमुक्ताफल औ
रसे उत्पन्न हुआ मछलीके नेत्रके समान द्युतिमान् बहुतसे गुणोंसे युक्त पवित्र
बडा मोती तिमिज नामसे ख्यात होता है ॥२३॥ सातवें वायुस्कन्धसे गिरा हुअ
लीके समान चमकीला,वर्षाके ओलेके समान मेघसे उत्पन्न हुए मोतीको ऊपर
रही स्वर्गके देवता लोग हरण कर लेते हैं ॥२४॥ तक्षक और वासुकिनागके
उत्पन्न हुए इच्छाचारी जो सर्प हैं उनके फनोंके अग्रभागमें नीली द्युतिवाले
मोती उत्पन्न होते हैं ॥ २५॥ नागसे उत्पन्न हुए मोतीकी यह परीक्षा है कि,
भूमिके बीच चांदीके पात्रमें उस मोतीके रख देनेसे अचानक वर्षा होने लग
॥२६॥ सर्पसे उत्पन्न हुआ मोती,विना मोल किये धारण करनेसे राजाओंके
और अलक्ष्मीको हर लेता है, शत्रुओंको भय करता है, यशका विस्तार क
और विजयदायी है ॥ २७ ॥ बाससे उत्पन्न हुआ मोती कपूर और वि
समान दीप्तिमान्, आकारसे चपटा, विषम होता है और शंखसे उत्पन्न

च वेणुजं ज्ञेयम् । शंखोद्भवं शशिनिभं वृत्तं भ्राजिष्णु रुचिरं च ॥ २८ ॥ शंखतिमिवेणुवारणवराहभुजगाभ्रजान्यवेध्यानि । अमितगुणत्वाच्चैषामर्घः शास्त्रे न निर्दिष्टः ॥ २९ ॥ एतानि सर्वाणि महागुणानि सुतार्थसौभाग्ययशस्कराणि । रुक्छोकहन्तृणि च पार्थिवानां मुक्ताफलानीप्सितकामदानि ॥३०॥ सुरभूषणं लतानां सहस्रमष्टोत्तरं चतुर्हस्तम् । इन्द्रच्छन्दो नाम्ना विजयच्छन्दस्तदर्धेन ॥ ३१ ॥ शतमष्टयुतं हारो देवच्छन्दो ह्यशीतिरेकयुता। अष्टाष्टकोऽर्धहारो रश्मिकलापश्च नवषट्कः ॥ ३२ ॥ द्वात्रिंशता तु गुच्छो विंशत्या कीर्तितोऽर्धगुच्छाख्यः । षोडशभिर्माणवको द्वादशभिश्चार्धमाणवकः ॥ ३३ ॥ मन्दरसंज्ञोऽष्टाभिः पञ्चलतो हारफलकमित्युक्तम् । सप्तविंशतिमुक्ता हस्तो नक्षत्रमालेति ॥ ३४ अंतरमणिसंयुक्ता मणिसोपानं सुवर्णगुलकैर्वा । तरलकमणिमध्यं तद्विज्ञेयं चाटुकारमिति ॥ ३५ ॥ एकावली नाम यथेष्टसंख्य

मोती चंद्रमाके समान दीप्तिमान् गोल, प्रकाशित और मनोहर होनेसे जाना जाता है ॥२८॥ शंख, तिमि, वेणु, वारण, वराह, भुजंग और बादलसे उत्पन्न हुए सभी मोती अवेधनीय (छिद्र करनेके योग्य नहीं) हैं और अत्यन्त गुणशाली होनेसे शास्त्रमें उनका आंकना नहीं कहा ॥२९॥ महागुणों करके युक्त यह समस्त मोती राजाओंको पुत्र, धन, सौभाग्य और यश देनेवाले हैं, रोग शोकके हरनेवाले और मनोवाञ्छाको देते हैं ॥३०॥ एक हजार आठ लडीकी परिमाणमें अर्थात् लंबाई जो चार हाथ हो ऐसी मोतियोंकी मालाका नाम इन्द्रच्छन्द है, यह माला देवताओंका भूषण है, दो हाथकी लंबी मालाका नाम विजयच्छन्द है ॥३१॥ एक सौ आठ लडीका या इक्यासी लडीका देवच्छन्द हार होता है, चौसठ लडीका आधा हार और चउपन लडीके हारका नाम रश्मिकलाप है ॥३२॥ ३२ लडीके हारका नाम गुच्छ है, २० लडीके हारका नाम अर्द्धगुच्छ है, १६ लडीके हारका नाम माणवक है और १२ लडीका अर्द्धमाणव हार कहलता है ॥३३॥ आठ लडीके हारका नाम मन्दर है, पांच लडीके हारका नाम फलक है, सत्ताईस मोतियोंकी माला हाथभर लम्बी हो तो वह नक्षत्रमाला¹ कहलाती है ॥३४॥ मुक्तामालाके बीच २ में मणियें पिरोई जायँ तो मणिसोपान नामक और सुवर्णके दानोंसे भी चंचल मध्यमणि हो तो चाटुकार नामक माला होती है ॥ ३५॥ जितने चाहें उतने मोतियोंसे युक्त, हाथभरकी लम्बी और कोई विशेष मोती बीचमें न हो

१ इसका दूसरा नाम वनमाला है ।

हस्तप्रमाणा मणिविप्रयुक्ता । संयोजिता या मणिना ।
यष्टीति सा भूषणविद्भिरुक्ता ॥ ३६ ॥

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० मुक्ताफलपरीक्षानामैकाशीतितमोऽध्याय

अथ द्व्यशीतितमोऽध्यायः ।

पद्मरागपरीक्षा ।

सौगन्धिककुरुविन्दस्फटिकेभ्यः पद्मरागसम्भूतिः । र
कजा भ्रमराञ्जनाब्जजम्बूरसद्युतयः ॥१॥ कुरुविन्दभवाः
मन्दद्युतयश्च धातुभिर्विद्धाः । स्फटिकभवा द्युतिमन्तो
विशुद्धाश्च ॥ २ ॥ स्निग्धः प्रभानुलेपी स्वच्छोऽर्चिष्मा
सुसंस्थानः । अन्तः प्रभोऽतिरागो मणिरत्नगुणाः सम
॥३॥कलुषा मन्दद्युतयो लेखाकीर्णाः सधातवः खण्डाः दु
मनोज्ञाः सशर्कराश्चेति मणिदोषाः ॥ ४ ॥ भ्रमरशिखि

माला एकावली कहलाती है और बीचमें मणि हो तो यष्टि नाम होत
गहनोंके लक्षण जाननेवालोंने कहा है ॥ ३६ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि० बृहत्संहितायांपश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाब
पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायामेकाशीतितमोऽध्यायः

सौगंधिक, कुरुविन्द और स्फटिक इन तीन भांतिके पत्थरोंसे पद्मरा
का जन्म होता है, सौगन्धिक पाषाणसे उत्पन्न हुए लाल भ्रमर, अंजन,
जामुनफलके समान कान्तिमान् होते हैं ॥ ११ ॥ कुरुविन्द पत्थरसे
पद्मराग अनेक रंगवाले, मन्द कान्तिसे युक्त और धातुओंसे दागी होते
कसे उत्पन्न हुए पद्मराग अनेक रंगवाले, कान्तिमान् और शुद्ध हों
स्निग्ध, अपनी प्रभासे चमकता हुआ, स्वच्छ, कान्तिमान्, भारी, शुभ
भीतरही कान्तिसे युक्त और बहुत रंगवाला यह समस्त पद्मराग मणि
युक्त है ॥ ३ ॥ कलुष (मलीन), धुंधली कान्तिसे युक्त, रेखाओंसे
कादि धातुओंसे युक्त, खंडित, बिंधा हो अयोग्य और कंकरदार पद्म
नहीं होता, यही मणियोंके दोष हैं ॥ ४ ॥ भ्रमर और मोरके कंठके स

दीपाशिखासप्रभो भुजङ्गानाम्। भवति मणिः किल मूर्द्धनि योऽन-
र्घेयः स विज्ञेयः ॥ ५ ॥ यस्तं बिभर्ति मनुजाधिपतिर्न तस्य दोषा
भवन्ति विषरोगकृताः कदाचित्। राष्ट्रे च नित्यमभिवर्षति तस्य
देवः शत्रूंश्च नाशयति तस्य मणेः प्रभावात् ॥ ६ ॥ षड्विंशतिः
सहस्राण्येकस्य मणेः पलप्रमाणस्य। कर्षत्रयस्य विंषतिरुपदिष्टा
पद्मरागस्य ॥७॥ अर्धपलस्य द्वादश कर्षस्यैकस्य षट्सहस्राणि।
यच्चाष्टमाषकधृतं तस्य सहस्रत्रयं मूल्यम् ॥ ८ ॥ माषकचतुष्टयं
दशशतकयं द्वौ तु पञ्चशतमूल्यौ। परिकल्प्यमन्तराले मूल्यं
हीनाधिकगुणानाम् ॥ ९ ॥ वर्णन्यूनस्यार्धं तेजोहीनस्य मूल्यम-
ष्टांशः। अल्पगुणो बहुदोषो मूल्यात् प्राप्नोति विंशांशम् ॥ १० ॥
आधूम्रं व्रणबहुलं स्वल्पगुणं चाप्नुयाद्विंशकं भागम्। इतिपद्म-
रागमूल्यं पूर्वाचार्यैः समुद्दिष्टम् ॥ ११ ॥

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० पद्मरागपरीक्षानाम द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८२ ॥

जो दीपककी शिखाके समान कान्तिमान् मणि सर्पोंके मस्तकमें उत्पन्न होती है
वह अमोल होती है ॥ ५ ॥ जो राजा उस अनमोल मणिको धारण करता है
उसको कभीभी विष या रोगकृत दोष प्राप्त नहीं हो सकता. उस मणिके प्रभावसे
देवता लोग नित्य उसके राज्यमें वर्षा करते हैं और उसके शत्रुओंकाभी नाश हो
जाता है ॥ ६ ॥ तोलमें एक पलभर पद्मरागका मोल २६००० छब्बीस हजार
रुपया, तीन कर्षभर पद्मरागका मोल बीस हजार रुपया कहा है ॥ ७ ॥ तोलमें
आधे पलभर पद्मरागका मोल बारह हजार, एक कर्ष भर तोलके पद्मरागका
मोल छः हजार रुपया आठ मासे भर पद्मरागका मोल तीन हजार रुपया होगा
॥ ८ ॥ चार मासेभर पद्मरागका मोल एक हजार रुपया, दो मासेभर पद्मरागका
मोल पांच सौ रुपया होगा. गुणकी अधिकताई और कमताईके अनुसार उस
मणिके मूल्यको जांचना चाहिये ॥ ९ ॥ कम रंगवाले पद्मरागका मोल आधा होता
है, तेजरहित पद्मरागका मोल आठवां हिस्सा, थोडे गुण और बहुतसे दोषयुक्त
पद्मरागका मोल बीसवां हिस्सा होगा ॥ १० ॥ कुछेक धूमल रंगका बहुतसे व्रण-
वाला, थोडे गुणोंसे युक्त पद्मराग मोलका बीसवां भाग पाता है. ऐसा पूर्वाचार्योंने
भली भांति उपदेश किया है ॥ ११ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवा-
स्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटी० द्व्यशीतितमोऽध्यायः ॥ ८२ ॥

अथ त्र्यशीतितमोऽध्यायः ।

मरकतपरीक्षा.

शुकवंशपत्रकदलीशिरीषकुसुमप्रभं गुणोपेतम्
सुरपितृकार्ये मरकतमतीव शुभदं नृणां विधृत

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० मरकतपरीक्षा नाम त्र्यशीतितमो

अथ चतुरशीतितमोऽध्यायः ।

दीपलणक्षम् ।

वामावर्तो मलिनकिरणः सस्फुलिङ्गोऽल्पमूर्तिः
व्रजति विमलस्नेहवर्त्यन्वितोऽपि । दीपः पापं कथया
वान् वेपनश्च व्याकीर्णार्चिर्विशलभमरुद्यश्च नाशं प्र
दीपः संतमूर्तिरायततनुर्निर्वेपनो दीप्तिमान् । निःशब्दो
क्षिणगतिर्वैदूर्यहेमद्युतिः । लक्ष्मीं क्षिप्रमभिव्यनक्ति
द्यतं दीप्यते शेषं लक्षणमग्निलक्षणसमं योज्यं यथायु

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० दीपलक्षणं नाम चतुरशीतितमोऽध्

तोता, बांसका पत्ता, केला और शिरीषके फूलके समान प्रभावा
कत (पन्ना) सुरकार्यमें धारण किये जानेपर अतीव शुभ फल दे

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि० बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमु
पण्डितबलदेवप्रसाद मिश्रविरचितायां भाषाटीकायां त्र्यशीतितमोः

जिसकी शिखा बांई ओरको घूमती हो, मलीन किरणोंसे युक्त
रियाँ निकलती हों छोटी (छोटी शिखावाले) हों, निर्मल तेल
होकरभी शीघ्र बुझ जाय, कम्पायमान और शब्दयुक्त हो; जिसके
हों, विना कीट पतंगके गिरे विना पवनके चले शीघ्र नाशको प्र
पाप फलको प्रकाशित करता है ॥ १ ॥ मिली हुई शिखावाला
कम्पनहीन, दीप्तिमान्, शब्दहीन सुन्दर जिसकी लू दक्षिण अ
वैदूर्य और सुवर्णके समान जिसकी ज्योति हो, जो रुचिर और

अथ पंचाशीतितमोऽध्यायः ।

दन्तकाष्ठलक्षणम् ।

वल्लीलतागुल्मतरुप्रभेदैः स्युर्दन्तकाष्ठानि सहस्रशो यैः
नि वाच्याम्यति तत्प्रसङ्गो माभूदतो वच्म्यथ कामिकानि
अज्ञातपूर्वाणि न दन्तकाष्ठान्यद्यान्न पत्रैश्च समन्वितानि ।
पर्वाणि न पाटितानि न चोर्ध्वशुष्काणि विना त्वचा वा
वैकङ्कतश्रीफलकाश्मरीषु ब्राह्मी द्युतिः क्षेमतरौ सुदाराः वृ
प्रचुरं च तेजः पुत्रा मधूके ककुभे प्रियत्वम् ॥ ३ ॥ लक्ष्म
च तथा करञ्जे प्लक्षेऽर्थसिद्धिः समभीप्सिता स्यात् । मा
याति जनस्य जात्यां प्राधान्यमश्वत्थतरौ वदन्ति ॥ ४ ।

पावे. वह दीपक शीघ्रही लक्ष्मीके आनेको प्रकाशित करता है. बाकी सम
अग्निके लक्षणसे युक्तिके अनुसार मिलाकर फलको प्रगट करे ॥ २ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचि० बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमु
दाबादवास्तव्य-पण्डितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकाय
चतुरशीतितमोऽध्यायः ॥ ८४ ॥

वल्ली, लता, गुल्म और वृक्षोंके भेदसे हजार प्रकारके दन्तवन होते हैं
जो समस्त फल कथन किये जा सकते हैं उनके प्रसंगको बहुत न बढा
अभीष्ट फलदायक दंतकाष्ठ कहे जाते हैं ॥ १ ॥ पहले न जाने हुए, पत्तोंसे
अर्थात् दो आदि सम पर्वयुक्त, फटा हुआ, वृक्षपरही सूख गया हुआ अं
रहित इन सब दन्तकाष्ठोंसे दन्तधावन न करे ॥ २ ॥ वैकङ्कत, नारियल औ
वृक्षके दन्तकाष्ठसे ब्राह्मी द्युति प्राप्त होती है, क्षेमवृक्षकी दँतौनसे उत्तम भा
वटवृक्षके दन्तकाष्ठसे वृद्धि, आकके पेडके दन्तौनसे बहुतसे तेजकी वृद्धि
काष्ठसे दन्तधावन करनेपर पुत्रलाभ और अर्जुनवृक्षकी दन्तौन करनेसे
होता है ॥ ३ ॥ शिरीष और करञ्जके काठकी दन्तवन हो तो लक्ष्मी प्र
पिलखनके काष्ठसे दन्तधावन करनेपर मनोरथ सिद्ध होता है. चमेलीके
व्यवहार करनेसे मनुष्यको मान मिलता है और पीपल वृक्षके दन्तकाष्ठ
करनेसे प्रधानताकी प्राप्तिको प्रकाशित करता है ॥ ४ ॥ बेर और कटेरीके

ग्यमायुर्बदरीबृहत्योरैश्वर्यवृद्धिः खदिरे सबिल्वे । द्रव्याणि म
न्यतिमुक्तके स्युः प्राप्नोति तान्येव पुनः कदम्बे ॥ ५ ॥ निम्बेः
प्तिः करवीरेऽन्नलब्धिर्भाण्डीरे स्यादिदमेव प्रभूतम् । शम्यां
नपहन्त्यर्जुने च श्यामायां च द्विषतामेव नाशः ॥ ६ ॥ शाले
कर्णे च वदन्ति गौरवं सभद्रदारावपि चाटरूषके । वाल्लभ्यम
ति जनस्य सर्वतः प्रियंग्वपामार्गसजम्बुदाडिमैः ॥ ७ ॥ उदङ्
प्राङ्मुख एव वाब्दं कामं यथेष्टं हृदये निवेश्य । अद्यादनिन्
सुखोपविष्टः प्रक्षाल्य जह्याच्च शुचिप्रदेशे ॥ ८ ॥ अभिमुखप
प्रशान्तदिक्स्थं शुभमतिशोभनमूर्ध्वसंस्थितं यत् । अशुभ
तोऽन्यथा प्रदिष्टं स्थितपतितं च करोति मृष्टमन्नम् ॥ ९ ॥

इति श्रीवराहमि० बृहत्सं० दंतकाष्ठलक्षणंनाम पञ्चाशीतितमोऽध्यायः॥८

आरोग्य और आयु, बेल और खैरवृक्षकी दंतवनसे ऐश्वर्यकी वृद्धि और अति
दंतवनसे समस्त इष्टवस्तुकी प्राप्ति होती है और कदम्बवृक्षकाभी यही फल है ।
नीमके दन्तकाष्ठसे धनकी प्राप्ति, कनेरसे अन्नलाभ और भाण्डीर वृक्षके क
दन्तवनका व्यवहार करनेसेभी बहुत अन्नकी प्राप्ति होती है. शमीवृक्षके काठकी
धावनका व्यवहार करनेसे शत्रुओंको मारता है और अर्जुनवृक्षका दन्तकाष्ठ द्वे
रियोंका नाश करता है ॥६॥ शाल और अश्वकर्ण वृक्षका दन्तकाष्ठ सन्मान दे
देवदारु और बांसकी दन्तवन करनेसे सन्मान होता है. प्रियंगु, चिरचिटा,
और दाडिमके वृक्षसे दन्तकाष्ठ बनाया जाय तो मनुष्यको सब प्रकारसे प्रिय
प्राप्ति होती है॥७॥ पूर्वकी ओर या उत्तरकी ओर मुख कर भलीभांतिसे जल
कामना हृदयमें रख सुखसे बैठकर, निन्दारहित दन्तकाष्ठसे दन्तधावन करे,
उसको धोकर पवित्र स्थानमें फेंक दे ॥ ८ ॥ फेंका हुआ काष्ठ शान्त दिशामें
सामने गिरनेसे शुभकारी और खडा हो जाय तो अति शुभकारी होता है.
विरुद्ध (न शांत दिशामें गिरे न खडा हो तो) अशुभकारी कहा जाता है.
जो फेंका हुआ दन्तकाष्ठ खडा होकर गिर जाय तो उस दिन मीठा अन्नदान
है ॥ ९ ॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरादाबादवास्तव्य पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां पञ्चाशीतितमोऽध्यायः ॥ ८५ ॥

अथ षडशीतितमोऽध्यायः ।

शाकुन–मिश्रफलाध्यायः ।

यच्छुक्रशक्रवागीशकपिष्ठलगरुत्मताम् । मतेभ्यः प्राह ऋषभं भागुरेर्देवलस्य च ॥ १ ॥ भारद्वाजमतं दृष्ट्वा यच्च श्रीद्रव्यवर्धनः आवन्तिकः प्राह नृपो महाराजाधिराजकः ॥ २ ॥ सप्तर्षीणं मतं यच्च संस्कृतं प्राकृतं च यत् । यानि चोक्तानि गर्गाद्यैर्यात्राकारैश्च ॥ ३ ॥ तानि दृष्ट्वा चकारेमं सर्वशाकुनसंग्रहम् वराहमिहिरः प्रीत्या शिष्याणां ज्ञानमुत्तमम् ॥४॥ अन्यजन्मान्तरकृतं कर्म पुंसां शुभाशुभम् । यत्तस्य शकुनः पाकं निवेदयति गच्छताम् ॥५॥ ग्रामारण्याम्बुभूव्योमद्युनिशोभयचारिणः । रुतयातेक्षितोक्तेषु ग्राह्याः स्त्रीपुन्नपुंसकाः ॥ ६ ॥ पृथग्जात्यनवस्थानादेषां व्यक्तिर्न लक्ष्यते । सामान्यलक्षणोद्देशे श्लोकावृषिकृताविमं ॥ ७ ॥ पीनोन्नतविकृष्टांसाः पृथुग्रीवा सुवक्षसः । स्वल्पगम्भीरविरुताः पुमांसः स्थिरविक्रमाः ॥ ८ ॥ तनूरस्कशिरोग्रीवा सूक्ष्मा

शुक्र, इन्द्र, बृहस्पति, कपिष्ठल और गरुडके मतमें ऋषभने जो कुछ भागुरि और देवलसे कहा है उसको देखकर ॥ १ ॥ भरद्वाजके मतको निहार, उज्जयिनी महाराजाधिराज श्रीद्रव्यवर्द्धनने जो कुछ कहा और प्राकृत व संस्कृत विरचित सप्तर्षियोंका मत और गर्गादि यात्राकारियोंने जो कुछ कहा है, उस सबको देखकर (मुझ) वराहमिहिरने शिष्योंकी प्रसन्नताके लिये उत्तम ज्ञानयुक्त सर्वशाकुनसंग्रह बनाया है ॥ २ ॥ ३ ॥ ४ ॥ मनुष्योंने पूर्वजन्ममें जो शुभ अशुभ कर्म किये हैं गमनके समय पक्षी आदि उस कर्मके पाकको प्रकाशित करते हैं, यही शाकुन है ॥ ५ ॥ गाँवमें रहनेवाले, वनचर, जलचर, पृथ्वीचर, आकाशचारी, दिवाचारी निशाचारी और दिन रात्रि दोनोंमें विचरनेवाले जीवोंकी गति, दृष्टिसे, शब्दसे और उक्तिसे, स्त्री, पुरुष और नपुंसक जाने जाते हैं ॥ ६ ॥ पृथक् जाति और अनवस्थाके कारणसे इन जीवोंमें कौन पुरुष, कौन स्त्री और कौन नपुंसक है इसका प्रकाश दिखाई नहीं देता, इस कारण इनके साधारण लक्षण कहकर ऋषिलोगोंने यह दो श्लोक बनाये हैं ॥ ७ ॥ जो जीव स्थूल, ऊंचे और विस्तीर्ण कंधवाले विशाल गरदन, सुन्दर छातीवाले, कुछेक गंभीर स्वरवाले, स्थिरविक्रमवाले हों, वे जीव पुरुष अर्थात् नर हैं ॥ ८ ॥ दुर्बल छाती, दुर्बल मस्तक और दुर्बल गरदन

स्यपदविक्रमाः । प्रसक्तमृदुभाषिण्यः स्त्रियोऽतोऽन्यन्नपुंसकम् ।
ग्रामारण्यप्रचाराद्यं लोकादेवोपलक्षयेत् । सङ्क्षिप्सुरहं वच्मि
त्रामात्रप्रयोजनम् ॥१०॥ पथ्यात्मानं नृपं सैन्ये पुरे चोद्दिश्य
ताम् । सार्थेप्रधानं साम्यं स्याज्जातिविद्यावयोऽधिकम् ॥११॥
प्राप्तैष्यदर्कासु फलं दिक्षु तथाविधम् । अङ्गारिदीप्तधूमि
स्ताश्च शान्तास्ततोऽपरा ॥१२॥ तत्पञ्चमदिशां तुल्यं शुभं त्रै
ल्यमादिशेत् । परिशेषयोर्दिशोर्वाच्यं यथासन्नं शुभाशुभम्॥
शीघ्रमासन्ननिम्नस्थैश्चिरादुन्नतदूरगैः । स्थानवृद्ध्युपघाताच्च
द्ब्रूयात् फलं पुनः ॥ १४ ॥ क्षणतिथ्युडुवाताकै

वाले, छोटे मुखवाले, छोटे पांववाले, थोडे विक्रमवाले, सदा मधुर शब्द कर
जीवोंको स्त्री समझना चाहिये और जिनमें स्त्री, पुरुष दोनोंके लक्षण मिलें
नपुंसक समझना चाहिये ॥ ९ ॥ गांवका कौनसा शकुन है, वनका कौनसा
है सो लोकव्यवहारसे जान पडेगा. मैं संक्षेपकारी हूँ इस कारण केवल य
प्रयोजनका विषय कहूंगा ॥ १० ॥ मार्गमें अपनेपर, सेनामें राजापर, पुरमें
(नगरस्वामी) पर और वाणिज्यमें प्रधानपर, बराबरवालोंमें जाति विद्या
अवस्थामें जो बडा हो उसपर शकुनका फल होता है ॥ ११ ॥ सूर्योदयसे
दिन चढेतक ईशानी दिशा मुक्तसूर्या. पूर्वदिशा प्राप्तसूर्या, आग्नेयी दिशा
त्सूर्या होती है, ऐसेही आठ पहरमें एक २ पहर सूर्य उदयसे लेकर पूर्वादि
ओंमें घूमता है, जिस दिशासे सूर्य चला आया हो, वह सूर्यने छोडी गई
अंगारिणी कहलाती है. जिसमें सूर्य स्थित हो वह प्राप्तसूर्या दिशा दीप्ता
है. सूर्य जिसमें जानेवाला हो वह एष्यत्सूर्या दिशा धूमिता नामवाली है,
पांच दिशामें शान्ता होती हैं मुक्तसूर्यामें अपशकुन हो तो उसका फल प
चुका जाने, प्राप्तसूर्यामें अशकुनका फल उसही दिन होता है, एष्यत्सूर्यामें
कुनके फलका आगे होना जानना चाहिये ॥ १२ ॥ अंगारितादि दिश
पांचवीं दिशाओंका शुभाशुभ समस्त फल सब कालमें बराबर होता है औ
दो दिशाओंका फल निकटकी दिशाके अनुसार कहे ॥ १३ ॥ निकट और
हुए शकुनका फल शीघ्र, ऊँचे और दूरपर हुए शकुनका फल विलम्बमें हो
स्थानकी वृद्धि और उपघातके हेतु करके वैसाही फल शकुन प्रकाशित कर
अर्थात् वह शकुन जिस स्थानपर बैठा हो और वह स्थान नित्य बढता हो
वृक्ष हो तो उस शकुनका फल शुभ होता है और नित्य घटनेवाले स
शकुनका बैठना अशुभ फलदायक है ॥ १४ ॥ क्षण, तिथि, नक्षत्र,

दीप्तो यथोत्तरम् । क्रियादीप्तो गतिस्थानभावस्वरविचेष्टितैः
दशधैवं प्रशान्तोऽपि सौम्यस्तृणफलाशनः । मांसामेध्य
रौद्रो विमिश्रोऽन्नाशनः स्मृतः ॥ १६ ॥ हर्म्यप्रासादमङ्गल्य
स्थानसंस्थिताः । श्रेष्ठामधुरसक्षीरफलपुष्पद्रुमेषु च ॥
स्वकाले गिरितोयस्था बलिनो द्युनिशाचराः । क्लीबस्त्रीपुरु
बलिनः स्युर्यथोत्तरम् ॥ १८ ॥ जवजातिबलस्थानहर्षसत्त्व
न्विताः । स्वभूमावनुलोमाश्च तदूनाः स्युर्विवर्जिताः ॥
कुक्कुटेभपिरिल्यश्च शिखिवञ्जुलछिक्कराः । बलिनः सिंह
कूटपूरी च पूर्वतः ॥ २० ॥ क्रोष्टुकोलकहारीतकाकक्रोकक्षपि
कपोतरुदिताक्रन्दक्रूरशब्दाश्च याम्यतः ॥ २१ ॥ गोशशक्रौ
माशहंसोत्क्रोशकपिञ्जलाः । बिडालोत्सववादित्रगीत
वारुणाः ॥ २२ ॥ शतपत्रकुरङ्गाखुमृगैकशफकोकिलाः

और सूर्य करके उत्तरोत्तर यह पांच देवदीप्त कहाते हैं गति, स्थान, भाव,
चेष्टा, इनके दीप्त होनेसे क्रमानुसार क्रियादीप्त होती है, दीप्तके यह दश
हैं ॥१५॥ ऊपर कहे हुए दश प्रकारके तृण और फल खानेवाले शकुन सौ
शान्त होते हैं, मांस विष्ठादिक अपवित्र पदार्थ खानेवाले शकुन रौद्र अन्न
शकुनका नाम मिश्र (न सौम्य न रौद्र) है ॥१६॥ महल, देवतादिके मा
मंगलद्रव्य या रमणीय स्थानपर शकुन बैठे हों या मधु, रस, दूध, फल,
वृक्षपर शकुन बैठे हों तो श्रेष्ठ होते हैं ॥१७॥ दिनके शकुन अपने कालमें
ऊपर अर्थात् ऊंचेपर बैठे हों. रात्रिके शकुन जलके समीप बैठे हों तो बल
हैं. इन जीवोंमें क्लीबसे स्त्री पुरुष बलवान् होते हैं ॥१८॥ जव (गति) जा
स्थान, हर्ष, सत्त्व, और स्वरयुक्त होनेपर बलवान् वा अपनी भूमिसे
गति होनेपर और वेगादिसे हीन होनेपर बलरहित होते हैं, ॥ १९ ॥ मुर्गा
पिरिली, मोर, वंजुल, छिक्कर, सिंहनाद (पक्षी) और करायिका यह समस्त
पूर्वदेशामें बलवान् होते हैं ॥२०॥ क्रोष्टु (शृगाल), उल्लू, हारीत (तोता
चक्रवाक, ऋक्षु, पिंगला (एकाप्रकारका पक्षी), कबूतर यह सब जीव
और क्रूर शब्द करते हुए दक्षिण दिशामें बलवान् होते हैं ॥ २१ ॥ पश्चि
खरहा, क्रौञ्चपक्षी, लोमडी, हंस, कुररपक्षी, कपिञ्जल (श्वेत तीतर), वि
सब जीव और उत्सव, बाजे, गीत और हास्य बली होते हैं ॥ २२
(दार्वाघाट) पक्षी, हरिण, चूहा मृग, घोडा, कोकिल, नीलकंठ, सेह,

ण्यकपुण्याहघण्टाशंखरवा उदक् ॥ २३ ॥ न ग्राम्योऽर
ग्राह्यो नारण्यो ग्रामसंस्थितः । दिवाचरो न शर्वर्यां न च
श्चरो दिवा ॥ २४ ॥ द्वन्द्वरोगार्दितत्रस्ताः कलहामिषकांक्षि
आपगान्तरिता मत्ता न ग्राह्याः शकुनाः क्वचित् ॥ २५ ॥
ताश्चाजवालेयकुरङ्गोष्ट्रमृगाः शशः । निष्फलाः शिशिरे
वसन्ते काककोकिलौ ॥ २६ ॥ न तु भाद्रपदे ग्राह्याः सूक
कादयः । शरद्यब्जादगोक्रौञ्चाः श्रावणे हस्तिचातकौ ॥ २
घ्याघ्रर्क्षवानरद्वीपिमहिषाः सबिलेशयाः । हेमन्ते निष्फला
बालाः सर्वे त्रिमानुषाः ॥ २८ ॥ ऐन्द्रानलदिशोर्मध्ये
गेषु व्यवस्थिताः । कोशाध्यक्षानलाजीवितपोयुक्ताः प्रद
॥ २९ ॥ शिल्पी भिक्षुर्विवस्त्रा स्त्री याम्यानलदिगन्तरे
तश्चापि मातङ्गगोपधर्मसमाश्रयाः ॥ ३० ॥ नैर्ऋतीवा
मध्ये प्रमदासूतितस्कराः । शौण्डिकः शाकुनी हिंस्रो वाय

शंख और घंटेके बजनेपर उत्तर दिशामें बलवान् होते हैं ॥२३॥ गांवमें बनके श
होना और बनमें ग्रामके शकुनका होना ग्रहण नहीं करना चाहिये. रात्रिमें
शकुनका होना और दिनके शकुनका रात्रिमें माननाभी उचित नहीं ॥२४॥
(नरमादाका जोडा), रोगपीडित, त्रासित, झगडा और मांसके अभिलाषी,
दूसरे किनारेके और मस्त शकुनोंको कभी नहीं मानना चाहिये ॥२५॥ रों
बकरा, गधा, घोडा, हरिण, ऊंट, मृग और खरहा इनको शिशिरकालमें
मानना चाहिये और बसन्तसमयमें काग, कोयलो निष्फल माने ॥ २६ ॥
मासमें, शूकर, कूकर, भेडिये आदि, शरत्कालमें बगले, गौ और क्रौञ्च,
मासमें, हाथी और चातक अर्थात पपीहे ग्रहण नहीं करना चाहिये ॥
हेमन्तमें व्याघ्र, रीछ, बन्दर, चीता, भैंसा, सर्प, बालक और समस्त
मनुष्य निष्फल होते हैं ॥ २८ ॥ पूर्व और अग्निकोणके त्रिभागमें प्रद
क्रमसे कोशाध्यक्ष, अग्निजीवी (लुहारादि) और तपस्वी यह तीन स्थित हैं
दक्षिण और अग्निकोणके मध्य त्रिभागमें कारीगर, भिक्षुक और नंगी स
तीन हैं. दक्षिण और नैऋत्यके मध्यवाले तीन भागमें हाथी, गोप और
लोग विराजमान हैं ॥ ३० ॥ पश्चिम और नैऋत्यदिशाके बिचले तीन
उत्तम स्त्री, प्रसूता स्त्री और चोर, वायव्य और पश्चिमके मध्य तीन

श्विमान्तरे ॥३१॥ विषघातकगोस्वामिकुहकज्ञास्ततः परम्
वानीक्षणीकश्च मालाकारः परं ततः ॥ ३२ ॥ वैष्णवश्च
वाजिनां रक्षणे रतः । एवं द्वात्रिंशतो भेदाः पूर्वदिग्भिः स
॥ ३३ ॥ राजा कुमारो नेता च दूतः श्रेष्ठी चरो द्विजः । ग
क्षश्च पूर्वाद्याः क्षत्रियाद्याश्चतुर्दिशम् ॥ ३४ ॥ गच्छतस्ति
पि दिशि यस्यां व्यवस्थितः । विरौति शकुनो वाच्यस्त
समागमः ॥३५॥ भिन्नभैरवदीनार्तपरुषक्षामजर्जराः । स्वर
शुभाः शान्ता हृष्टप्रकृतिपूरिताः ॥ ३६ ॥ शिवा श्या
छुच्छुः पिङ्गला गृहगोधिका । सूकरी परपुष्टा च पुन्नामान
मतः ॥ ३७ ॥ स्त्रीसंज्ञा भासभषककपिश्रीकर्णछिक्कराः ।
श्रीकण्ठपिप्पीकरुरुश्येनाश्च दक्षिणाः ॥ ३८ ॥ क्ष्वेडास्फ
ण्याहगीतशंखाम्बुनिः स्वनाः । सतूर्याध्ययनाः पुंवत् स्त्री

कलाल, चिडीमार और हिंसाकरनेवाले स्थित हैं ॥ ३१ ॥ वायव्य और
बिचले तीन भागोंमें विषघातक गोस्वामी (घोषी) और इन्द्रजालका ज
यह तीन स्थित हैं. उत्तर व ईशानके मध्य तीन भागोंमें धनवान, इक्षणवि
और माली स्थित हैं ॥ ३२ ईशान और पूर्वके बिचले तीन भागोंमें
चरक (एक बौद्धोंका भेद है) और घोडोंकी रक्षा करनेवाले स्थित
प्रकार पूर्व दिशा आदिके साथ ३२ प्रकारके भेद कहे हैं ॥ ३२
राजपुत्र, सेनापति, शेठ, गुप्तचर, ब्राह्मण और गजाध्यक्ष यह आठ
और प्रदक्षिणाके क्रमसे क्षत्रियादि वर्ण (क्षत्रिय. वैश्य, शूद्र ब्राह्मण.
चार दिशामें स्थित जानें ॥ ३४ ॥ गमन करते हुए अथवा स्थित पुरु
ओरको स्थित होकर शकुन शब्द करे, उसके द्वारा पहली कही हुई
उत्पन्न हुई वस्तुके साथ समागम होना कहा जाता है ॥ ३५ ॥ भिन्न
दीन, आर्त कठोर, क्षाम और जर्जर शब्द शुभ नहीं होते, परन्तु श
हृष्ट प्रकृति जीवोंसे किये जानेपर शुभ होते हैं ॥ ३६ ॥ बांईओरसे गीदड़
कलहकारिका, छछूंदर, छपकिया, शूकरी और कोकिला और पुरुषशक
पक्षी शुभ हैं ॥ ३७ ॥ भासपक्षी, भषक, बन्दर, श्रीकर्णपक्षी, छिक्क
श्रीकंठ, पिप्पीक. रुरुमृग और बाज यह स्त्रीसंज्ञक हैं, यह दक्षिणमें
॥ ३८ ॥ क्ष्वेड (मुखका शब्द), आस्फोटित (बांह ठोंकनेका शब्द)
वाचन शब्द, गीत, शंख वा जलका शब्द, तुरहीका नाद, पढनेका शब्द अ
शकुन और समस्त स्त्रीके समान शब्द, यह सब अपनी दिशामें होनेसे

गिरः शुभाः ॥ ३९ ॥ ग्रामौ मध्यमषड्जौ तु गान्धारश्चे
भनाः । षड्जमध्यमगान्धारा ऋषभश्च स्वरा हिताः ॥४
कीर्तनहृष्टेषु भारद्वाजाजबर्हिणः । धन्या नकुलचाषौ च स
पदोऽग्रतः ॥ ४१ ॥ जाहकाहिशशक्रोडगोधानां कीर्तनं
रुतसन्दर्शनं नेष्टं प्रतीपं वानरर्क्षयोः ॥४२॥ ओजाःप्रदक्षिण
मृगाः सनकुलाण्डजाः । चाषः सनकुलो वामो भृगुराहा
॥ ४३ ॥ छिक्करः कूटपूरी च पिरिली चाह्नि दक्षिणाः । अ
सदा शस्ता दंष्ट्रिणः सबिलेशयाः ॥ ४४ ॥ श्रेष्ठे हयसिते
शवमांसे च दक्षिणे । कन्यकादधिनी पश्चादुदग्गोविप्रसाधव
जालश्वचरणौ नेष्टौ प्राग्याम्यौ शस्त्रघातकौ । पश्चादासव
खलासनहलान्युदक् ॥ ४६ ॥ कर्मसङ्गमयुद्धेषु प्रवेशे नष्टम
यानव्यस्तगता ग्राह्या विशेषश्चात्र वक्ष्यते ॥४७॥ दिवा प्र
द्राह्याःकुरङ्गरुरुवानराः।अह्नश्च प्रथमे भागे चाषवञ्जुलकुक्कु

होते हैं ॥ ३९ ॥ मध्यम, षड्ज और गान्धाररूप तीन ग्राम अत्यन्त
और षड्ज, मध्यम गांधार, ऋषभस्वर हितकारी हैं ॥ ४० ॥ भारद्वाज,
और मोरोंका शब्द कीर्तन या दृष्टिके अग्रभागमें धन्य है और नेवला,
और गिरगिट यात्राके समय इनका आगे आना पापप्रद है ॥ ४१ ॥ जा
शशक, सूअर और गोह यात्राके समय इनका नाम लेना शुभकारी
यात्राके समय इनका रोना और दर्शन इष्टकर नहीं है, वानर और री
इससे उलटा है ॥ ४२ ॥ भृगुजी कहते हैं कि अपराह्णमें मृग, नेवला अं
उत्पन्न हुए जीवोंका अर्थात् शकुनोंका विषम होकर प्रदक्षिणाके भाव
होना कल्याणकारी है और नेवलेके साथ नीलकंठ पक्षीका बांई ओ
शुभफलका देनेवाला है ॥ ४३ ॥ दिनके समय दाहिनी और छिक्करमृग,
पिरिली और सब कालमें दाहिने मार्गमें सर्प और दाढवाले जीवोंका आन
कारी होता है ॥ ४४ ॥ पूर्वमें अश्व और चीनी, दक्षिणमें शव (मुरद
मांस, पश्चिममें कन्या और दहि, उत्तरदिशामें गौ विप्र और साधुलोग
देनेवाला हैं ॥ ४५ ॥ पूर्व और दक्षिणदिशामें जाल, कुक्कुरचरण, शस्त्र अं
पश्चिममें आसव और षण्ढ, उत्तरदिशामें खल, आसन और हल शुभ
॥ ४६ ॥ कर्म, संगम और युद्धमें प्रवेश करनेके समय और हराये द्रव्य
नेमें यात्रामें कही हुई विधि उलटी होय तो शुभदायी है अर्थात् यात्रामें
शुभ या अशुभ नियत किया है, वह इस स्थानमें क्रमानुसार
अशुभ होंगे. उनमें विशेष कहे जाते हैं ॥ ४७ ॥ हरिण, रुरु, और

शर्वरीभागे नप्तृकोलूकपिङ्गलाः । सर्वं एव विपर्यस्ता
ाार्थेषु योषिताम् ॥ ४९ ॥ नृपसंदर्शने ग्राह्याः प्रवेशेऽपि
तु । गिर्यरण्यप्रवेशे च नदीनां चावगाहने ॥ ५० ॥ वाम-
।शस्तौ यौ तु तावग्रपृष्ठगौ । क्रियादीप्तौ विनाशाय यातुः
ङ्गितौ ॥ ५१ ॥ तावेव तु यथाभागं प्रशान्तरुतचेष्टितौ ।
शकुनद्वारसंज्ञितावर्थसिद्धये ॥ ५२ ॥ केचित्तु शकुनद्वार-
ःयुभयतः स्थितैः । शकुनैरेकजातीयैः शान्तचेष्टाविरा
। ५३ ॥ विसर्जयति यद्येक एकश्च प्रतिषेधति । स विरो-
। यातुग्राह्यो वा बलवत्तरः ॥ ५४ ॥ पूर्वं प्रावेशिको भूत्वा
ास्थानिको भवेत् । सुखेन सिद्धिमाचष्टे प्रवेशे तद्विपर्ययः
। विसर्ज्य शकुनः पूर्वं स एव निरुणद्धि चेत् प्राह यातुर-
डमरं रोगमेव वा ॥ ५६ ॥ अपसव्यास्तु शकुना दीप्ता

ाधानके समान हों तो यहां दिनके समय शुभ हैं, पूर्वाह्नमें नीलकंठ,
र कुक्कुट प्रस्थानवत् (यात्रातुल्य) ग्रहण किये जायंगे ॥ ४८ ॥ रात्रिके
नप्तृक, उल्लू और पिंगला शुभ गिनने चाहिये, परन्तु स्त्रियोंके लिये सब
उटे ग्रहण करने चाहिये ॥ ४९ ॥ राजाका दर्शन करनेको या गृहके
नेपर भी समस्त शकुन यात्राके समान ग्रहण करने चाहिये और पर्वत-
के समय या वनमें प्रवेश करनेके समय, नदी उतरनेके समयभी यात्राके
कुनोंको देखना चाहिये ॥ ५० ॥ क्रियादीप्त शकुन दो वाम और दक्षिण
ाय तो कल्याणकर होते हैं, वह दोनोंही आगे और पीछे हो जानेपर
ःवाले हो जाते हैं, जो कि यात्रा करनेवालेके विनाशका कारण है ॥५१॥
वही दोनों शकुन यथाभागमें स्थित अर्थात् वामभागवाला वायें और
ावाला दाहिने स्थित होकर शांतभावसे शब्द और चेष्टा करे तब शकुन-
ाम होता है और वह यात्रा करनेवालेका कार्य सिद्ध करते हैं ॥ ५२ ॥
कहते हैं कि एक जातिके, शान्त चेष्टावाले, शब्दरहित द्वारशकुन यात्रा
के दोनों ओर स्थित हों तो शुभ हैं ॥ ५३ ॥ जो एक शकुन यात्राकी
और दूसरा शकुन यात्रा करनेसे रोके तो उस शकुनकी विरोध संज्ञा हो
वह गमनकारीके लिये अधिक अशुभ करनेवाला होता है ॥ ५४ ॥ पहले
ाश करके फिर चला जाय तो सुखसे सिद्धि प्राप्त होती है, परन्तु प्रवेशमें
ादि) इससे विपरीत होनेपर कार्यकी सिद्धि होती है ॥ ५५ ॥ जो शकुन
यात्राकी आज्ञा दे और वही शकुन पीछे रोक ले तो गमन करने-

भयनिवेदिनः । आरम्भे शकुनो दीप्तो वर्षान्तस्तद्भयद्
तिथिवाय्वर्कभस्थानचेष्टादीप्ता यथाक्रमम् । धनसैन्यब
णांस्युर्भयङ्कराः ॥ ५८ ॥ जीमूतध्वनिदीप्तेषु भयं
तात् । उभयोः सन्ध्ययोर्दीप्ताः शस्त्रोद्भवभयङ्कराः ॥ ५
केशकपालेषु मृत्युबन्धवधप्रदाः । कण्टकीकाष्ठभस्मस
यासदुःखदाः ॥६०॥ अप्रसिद्धभयं वापि निःसाराश्मग
कुर्वन्ति शकुना दीप्ताः शान्ता याप्यफलास्तु ते ॥६१
सिद्धिदौ ज्ञेयौ निर्ह्रादाहारकारिणौ। स्थानाद्भुवन् व्रजे
त्वन्यथागमम् ॥६२॥ कलहः स्वरदीप्तेषु स्थानदीप्तेषु
मादौ स्वरं कृत्वा नीचं पश्चाच्च मोषकृत् ॥६३॥ एकस्थ
सप्ताहाद्ग्रामघातकृत्। पुरदेशनरेन्द्राणामृत्वयनवत्स

बालेकी शत्रुके हाथसे मृत्यु अथवा शस्त्रक्लेश और रोगका विषय हो
दीप्त दिशामें बाईं ओर स्थित हुए शकुन भयको प्रकाश करते
म्भमेंही दीप्त शकुन हो तो वह एक वर्षतक उस कार्यमें भय कर
तिथि, वायु, सूर्य, नक्षत्र, स्थान और चेष्टा करके दीप्त शकुन
सैन्य, बल, अंग, इष्ट और कर्मोंके लिये भयंकर होते हैं ॥ ५८ ॥
लकी ध्वनिसे दीप्त हो तो वायुसे भय होता है और दोनों सन्ध्याअं
शस्त्रसे उत्पन्न हुआ भय करता है ॥ ५९ ॥ शकुन, चिता, केश
बैठा हो तो मृत्यु, बन्धन और वध करता है. कांटेदार वृक्ष, क
बैठा होनेसे क्लेश, श्रम और दुःख देता है ॥ ६० ॥ पूर्वोक्त समस
सारहीन पाषाणके ऊपर बैठे हों तो अप्रसिद्ध भय होता है परन
कहे हुए समस्त फलको थोडा करता है ॥ ६१ ॥ शब्दकारी अ
शकुन क्रमसे असिद्धिप्रद और सिद्धि देनेवाले जानने चाहिये, जो
अपने स्थानसे शकुन चला जाय तो यात्राको प्रगट करता है
फिर उसी स्थानपर आवे तो किसीके आगमनका निश्चय होता है ।
दीप्तशकुन क्लेशसूचक, स्थानदीप्त विग्रहसूचक, पहले ऊंचा शब्द क
शब्द शकुन करे तो यात्रा करनेवालेकी चोरी होती है ॥ ६३ ॥ शकु
हतक एक स्थानसे दीप्त होकर शब्दायमान हो तो ग्रामका नाश कर
एक स्थानमें दो वर्ष, छः मास या एक वर्षतक दीप्त होकर
क्रमानुसार पुर, देश और राजाओंका नाशकारी हो जाता

सर्वे दुर्भिक्षकर्तारः स्वजातिपिशिताशनाः । सर्पमूषकमार्जार
मविवर्जिताः ॥ ६५ ॥ परयोनिषु गच्छन्तो मैथुनं देशनाश
अन्यत्र वेसरोत्पत्तेर्नृणां चाजातिमैथुनात् ॥ ६६ ॥ बन्धघात
नि स्युः पादोरुमस्तकान्तिगैः । अप्शष्पपिशितान्नाद्यैर्वर्षमोष
ह्नाः ॥ ६७ ॥ क्रूरोग्रदोषदुष्टैश्च प्रधाननृपवृत्तकैः । चिरक
दीप्ताद्यास्वागमो दिक्षु तन्नृणाम् ॥ ६८ ॥ सद्रव्यो बल
स्यात्सद्रव्यस्यागमो भवेत् । द्युतिमान्विनतप्रेक्षी सौम्यो दा
त्तकृत् ॥ ६९ ॥ विदिक्स्थः शकुनो दीप्तो वामस्थेनानुवा
स्त्रियाः संग्रहणं प्राह तद्दिगाख्यातयोनितः ॥ ७० ॥ शान्त
मदीप्तेन विरुतो विजयावहः । दिङ्नरागमकारी वा दोषकृ
र्यये ॥ ७१ ॥ वामसव्यरुतो मध्यः प्राह स्वपरयोर्भयम्

सर्प, चूहा, बिडाल और मत्स्यके सिवाय शकुनही समस्त अपनी जातिका म
लगें तो दुर्भिक्षकारी होते हैं ॥ ६५ ॥ भिन्नयोनिमें (घोडी आदिमें) मनुष्य
क्रिया व खच्चरकी उत्पत्तिको छोडकर (खच्चर उत्पन्न होनेके लिये घोडी
होता है) और शकुन और जातिमें मैथुन करें तो देशका नाश हो
॥ ६६ ॥ पाद, उरु और मस्तकको अतिक्रमण करके शकुन चला जाय तो
घात और भयदान करता है, जल पीता हुआ शकुन दिखाई दे तो वर्षा
घास खाता हुआ दिखाई देनेसे चोरी कराता है, मांस खाता हुआ शर
करता है, अन्न खाता हुआ शकुन किसी बन्धुसे समागम कराता है ॥ ६
दीप्तादिशामें यह शकुन स्थित हो तो क्रमानुसार क्रूर, उग्र और दोष,
धूमितादिशामें स्थित हों तो प्रधान नृप और वृत्तक, शांतादिशामें हों र
काल करके सहित पुरुषका आगमन, अंगारिणीमें यह शकुन स्थित हों त
साथ वहांके मनुष्योंका आगमन सिद्ध होता है ॥ ६८ ॥ द्रव्ययुक्त और
शकुन होवे तो उस दिन द्रव्यसहित मनुष्यका आगम होता है. द्युतिमा
प्रेक्षी (विनत होकर दर्शनकारी) वा सौम्य हो तो दारुण व्यापारमें भय
॥ ६९ ॥ विदिशामें स्थित दीप्तशकुन बाईं ओरको जाकर अनुराशित (
हो तो उस दिशामें प्रसिद्ध जन्मवाले पुरुषसे स्त्रीकी प्राप्ति कहाती है
जिस दिशामें कोई शान्त शकुन हो वह शकुन यदि उस दिशासे पांचवीं
दिशामें दीप्तशकुन करके शब्दायमान हो तो विजयका देनेवाला होता
विपरीत हो तो उस दिशासे मनुष्यका आगमन करता है या दोषक
है ॥ ७१ ॥ वाम और दाहिने भागमें रुतक मध्यमें अर्थात् वामभाग

कथयन्त्येते सर्वे समविराविणः ॥ ७२ ॥ वृक्षाग्रमध्य
श्वरथिकागमः । दीर्घाब्जमुषिताग्रेषु नरनौशिबिकागम
शकटेन्द्रोन्नतस्थे च छायास्थे छत्रसंयुतः । एकत्रिपञ्चस
ह्यास्वन्तरासु च ॥ ७४ ॥ सुरपतिहुतवहयमनिर्ऋतिव
शङ्कराः । प्राच्यादीनां पतयो दिशः पुमांसोऽङ्गना वि
तरुतालीविदलाम्बरसलिलजशरचर्मपट्टरेखाः स्युः । द्व
भक्ते दिक्चक्रे तेषु कार्याणि ॥ ७६ ॥ व्यायामशिखि
लहाम्भोनिगडमन्त्रगोशब्दाः । वर्णाश्चरक्तपीतककृष्ण
णगा मिश्राः ॥ ७७ ॥ चिह्नं ध्वजो दग्धमथ श्मशा
पर्वतयज्ञघोषाः । एतेषु संयोगभयानि विन्द्यादन्यानि
विकल्पितानि ॥ ७८ ॥ स्त्रीणां विकल्पे बृहती कुम
विगन्धा त्वथ नीलवस्त्रा । कुस्त्री प्रदीव
च ताश्च संयोगचिन्तापरिवेदिकाः स्युः ॥

उसके पीछे बोले तो अपने और परायेसे भय प्रकाश करते हैं औ
बराबर स्वर करें तो मरण का प्रकाश करते हैं ॥ ७२ ॥ वृक्षके ऊप
मूलमें जो शकुन बैठे हों तो क्रमानुसार गज, अश्व और रथपर चढे
आगमन होता है और लंबी वस्तुपर शकुन हो, कमलादि पर शकुन
अग्रपर शकुन हो तो नौका और पालकीपर चढे मनुष्य
होता है ॥ ७३ ॥ पूर्वा दिशामें या विदिशामें शकटके ऊँचे स्था
शकुन बैठा हो तो एक, तीन, पांच और एक सप्ताहमें छत्रसे यु
आगमन होता है ॥ ७४ ॥ इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण,
और शंकर पूर्वादि आठ दिशाओंके यह आठ स्वामी हैं. उनमें सब
और विदिशा स्त्री हैं ॥ ७५ ॥ आठ दिशाओंका बत्तीस भेदसे भि
ताली, विदल, अम्बर, सलिलज, शर, चर्म और पट्टलेखा, व्य
निकूजित, क्लेश, अम्भ, निगड, मंत्र और गोशब्द, रक्त, पीत,
और कोणमें मिश्रवर्ण रचना और ध्वज, दग्ध, श्मशान, दरी, ज
और रोष यह सब चिह्न क्रमानुसार रक्खे फिर तिस करके इसमें
और स्थानका कल्पित भय प्रकाश करता है ॥ ७६ ॥ ७७ ।
क्रमानुसार इशानकोणमें बडी स्त्री और कुमारी, अंगहीन और दु
अग्निकोणमें, नीले कपडोंवाली स्त्री और बुरी स्त्री नैर्ऋतकोणमें

पृच्छासु रूप्यकनकातुरभामिनीनां मेषाव्ययानमखगोकुलसं
न्यग्रोधरक्ततरुरोध्रककीचकाख्याश्चूतद्रुमाः खदिरबिल्वनग
॥ ८० ॥ (इति सर्वशाकुने मिश्रकाध्यायः प्रथमः)

इति श्रीवराहमिहिरकृतौ बृहत्संहितायां षडशीतितमोऽध्यायः ॥

अथ सप्ताशीतितमोऽध्यायः ।

शाकुन-अन्तरचक्रम् ।

ऐन्द्र्यां दिशि शान्तायां विरुवन्नृपसंश्रितागमं वक्ति ।
पूजालाभं मणिरत्नद्रव्यसम्प्राप्तिम् ॥ १ ॥ तदनन्तरदिशि
कागमो भवेद्वाञ्छितार्थसिद्धिश्च । आयुधधनपूगफलागम
भवेद्भागे ॥ २ ॥ स्निग्धद्विजस्य सन्दर्शनं चतुर्थे तथाहित
कोणेऽनुजीविभिक्षुप्रदर्शनं कनकलोहाप्तिः ॥ ३ ॥ याम्येना
पुत्रदर्शनं सिद्धिरभिमतस्याप्तिः । परतः स्त्रीधर्माप्तिः सर्प

विधवा स्त्री वायव्यकोणमें, जिस दिशामें शकुन हो उसी दिशाकी स्त्रीसे सं
अथवा वह स्त्री चिन्ता उत्पन्न करती है ॥७९॥ फिर इस दिक्चक्रमें क्रमा
चान्, सुवर्ण, आतुर वा स्त्रियोंकी अथवा मेष, आवि, यान, यज्ञ, गोसम
बड, लालवर्णका लोध, पीला बांस, आमका वृक्ष, खदिर, बेल, अर्जुन
वृक्ष दिशाओंके हैं. (जिस दिशामें शकुन हो उस ओरके वृक्षके नीचे चां
दिका लाभ या हानि शकुनके अनुसार होती है) ॥८०॥

इति श्रीवराहमिहिराचार्यविरचितायां बृहत्संहितायां पश्चिमोत्तरदेशीयमुरा
बास्तव्य-पंडितबलदेवप्रसादमिश्रविरचितायां भाषाटीकायां षडशीतितमोऽ

शान्ता पूर्वदिशामें शकुनि कूजन करे तो राजाके आश्रितका आग
लाभ और मणि रत्न द्रव्यकी प्राप्ति प्रगट करता है ॥१॥ पूर्वदिशाके अनन्त
क्षिणक्रमसे द्वितीय भाग हो उसमें शकुनि कूजन करे तो सुवर्ण (सोने)
मन होता है और मनोकामना सिद्ध होती है, उसके तीसरे भागमें शकुनि
आयुध, धन और पूगीफलकी प्राप्ति करता है ॥२॥ चौथे भागमें शकुनि
तो स्निग्धमूर्ति ब्राह्मण और अग्निहोत्रीका दर्शन होता है. अग्निकोणमें शकु
हो तो सेवक आदि और भिक्षुकका दर्शन हो और सुवर्ण व लोहेकी प्रा
शकुनसे होती है ॥ ३ ॥ दक्षिणादिशाके पहले भागमें शकुनि होनेसे रा

ब्धिरप्युक्ता ॥ ४ ॥ कोणाच्चतुर्थखण्डे लब्धिर्द्रव्यस्य यद्वा तद्वा फलमपि यात्रायां प्राप्नुयाद्याता ॥ ५ ॥ समदक्षिणेन शिखिमहिषकुक्कुटाप्तिश्च । याम्याद्द्वितीयेंशे ... णसङ्गः शुभं प्रीतिः ॥ ६ ॥ ऊर्ध्वं सिद्धिः कैवर्तसङ्ग ... राद्याप्तिः। प्रव्रजितदर्शनं तत्परे च पक्कान्नफललब्धिः ॥ ... स्त्रीलाभस्तुरगालङ्कारदूतलेखाप्तिः । परतोऽस्य चर्मतः चर्ममयलब्धिः ॥ ८ ॥ वानरभिक्षुश्रवणावलोकनं ... यांशे । फलकुसुमदन्तघटितागमश्च कोणाच्चतुर्थांशे ... वारुण्यामर्णवजातरत्नवैदूर्यमणिमयप्राप्तिः । परतोऽन्त्य... घचौरसङ्गः पिशितलब्धिः ॥१०॥ परतोऽपि दर्शनं ... चन्दनागुरुप्राप्तिः । आयुधपुस्तकलब्धिस्तद्वृत्तिसम... ॥ ११ ॥ वायव्ये फेनकचामरौर्णिकाप्तिः समेति

दर्शन, वाञ्छित वस्तुकी प्राप्ति सिद्धि मिलती है, दूसरे भागमें शत्रु... और धर्मकी प्राप्ति और सरसों व जौका लाभ कहा है ॥ ४ ॥ ... खण्डमें शकुनि शब्द करे तो पहले नष्ट हुए द्रव्यका लाभ यात्राका... तोभी थोडा बहुत फल प्राप्त होता है ॥ ५ ॥ दिनके समय शकुनि... हो तो यात्राकी सिद्धि और मोर, महिष व कुक्कुटका लाभ हो... दूसरे भागमें शकुनि हो तो चरणसंग, शुभ लाभ और प्रीतिलाभ ... ऊपर शकुनि हो तो सिद्धि, कैवर्तका संग और मछली तीतर आदि... है, उससे पीछे हो तो संन्यासीका दर्शन, पका हुआ अन्न या फ... है ॥ ७ ॥ नैर्ऋतकोणमें शकुनिका शब्द हो तो स्त्रीकी प्रा... अलंकार, दूत और लिखी हुई वस्तुकी प्राप्ति हो. नैर्ऋतके आगले... हो तो चर्म, चामरका दर्शन और चमडेके द्रव्योंकी प्राप्ति होती है. ... भागमें शकुनिका शब्द सुनाई आवे तो वानर, भिक्षुक और संन्... होता है, इस कोणके चौथे भागमें दर्शन हो तो फल, कुसुम औ... हुई वस्तु आवे ॥ ८ ॥ ९ ॥ पश्चिम दिशामें शकुनिका शब्द हो तो... हुए रत्न, वैदूर्य और मणिमय द्रव्योंकी प्राप्ति होती है. पश्चिमके... शकुन हो तो भील, व्याध और चोरका संग हो और मांसकी प्राप्ति... उससे अगले भागमें दर्शन होनेसे वातरोगियोंका दर्शन और चन्द... प्राप्ति होती है. इससे अगले भागमें शकुनिका शब्द हो तो आ... इन चीजोंके बेचनेवालेका समागम होता है ॥ ११ ॥ वायव्य को...

मृण्मयलाभोऽन्यस्मिन् वैतालिकडिण्डिभाण्डानाम्।
वायव्याच्च तृतीये मित्रेण समागमो धनप्राप्तिः। वस्त्राश्
परमिष्टसुहृत्सम्प्रयोगश्च ॥ १३ ॥ दधितण्डुललाजानां ल
ग्दर्शनं च विप्रस्य। अर्थावाप्तिरनन्तरमुपगच्छति सा
॥ १४ ॥ वेश्याबटुदाससमागमः परे शुष्कपुष्पफल
अतः परं चित्रकरस्य दर्शनं वस्त्रसम्प्राप्तिः ॥ १५ ॥ ऐशा
लकोपसङ्क्रमो धान्यरत्नपशुलब्धिः। प्राक्प्रथमे वस्त्रा
गमश्चापि बन्धक्या ॥ १६ ॥ रजकेन समायोगो जलज
मश्च परतोऽतः। हस्त्युपजीविसमाजश्चास्माद्धनहस्ति
॥ १७ ॥ द्वात्रिंशत्प्रविभक्तं दिक्चक्रं वास्तुबन्धनेऽप्युक्तम्
नाभिस्थैरन्तः फलानि नवधा विकल्प्यानि ॥ १८ ॥
बन्धुसुहृत्समागमस्तुष्टिरुत्तमा भवति। प्रागुक्तपट्टवस्त्रा

शब्द हो तो समुद्रफेन, चामर और अनेक वस्त्रोंकी प्राप्ति, कायस्थका सम
है. इससे अगले भागमें शकुन हो तो वैतालिक, डिंडि, भाण्ड और द्रव्य
होती है ॥ १२ ॥ वायव्यके तीसरे भागमें शकुनिकी ध्वनि हो तो मि
धनकी प्राप्ति, इससे अगले भागमें शकुनिकी ध्वनि होवे तो वस्त्र और अ
और श्रेष्ठ, इष्ट, सुहृद् लोगोंके साथ मिलन हो जाता है ॥ १३ ॥ ह
शकुनिकी ध्वनि हो तो दही, चावल, खीलें और ब्राह्मणका दर्शन होता
पहले भागमें शकुनिका दर्शन होनेसे अर्थ लाभ और बनियेके साथ स
है ॥१४॥ इससे अगले भागमें शकुनिका शब्द होवे तो वेश्या, ब्राह्मण
साथ समागम व सूखे हुए फूल फलकी प्राप्ति होती है. इससे अगले भ
निका दर्शन हो तो चित्रकारका दर्शन और वस्त्रकी प्राप्ति होती है ॥ १
कोणमें शकुनिकी ध्वनि हो तो देवलगिरिके साथ मिलन, धान्य, रत्न
लाभ होता है, पूर्वके प्रथमभागमें शकुनिकी ध्वनि हो तो वस्त्रलाभ अ
(वेश्या) का समागम होता है ॥१६॥ इसके अगले भागमें शकुनिका
धोबीसे समागम, जससे उत्पन्न हुए द्रव्यका समागम होता है, इससे अ
शकुनिका शब्द हो तो हाथीसे जीविका करनेवालेके साथ समागम हो अ
धन व हस्तीकी प्राप्ति होवे ॥१७॥ दिक्चक्रके यह बत्तीस भाग हैं ये वास
कहे हैं, इसके बीचमें आठ अरे और एक नाभि मानकर इनमें हुए श
नौ प्रकारसे विचारने योग्य हैं. अब वे फल कहे जाते हैं ॥१८॥ नाभि
